
RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 279
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



वह दिन दूर नहीं, जब हम ड्रोन से यात्रा करेंगे

राष्ट्रीय-11

# हिमाचल में बारिश का कहर, 51 की मौत

● इसमें से 14 लोगों ने शिमला में दो स्थानों पर हुए भूस्खलन में गंवाई जान, कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका

● विश्व धरोहर शिमला-कालका रेलवे पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त राज्य मे 752 सड़कें बंद, कई घर तबाह

पीएनएस/एजेंसी। शिमला



शिमला में भूस्खलन के कारण ध्वस्त मकानों में दबे लोगों को तलाशते राहत और बचावकर्मी

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश से कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 14 लोगों की मौत शिमला में हुए दो भूस्खलनों में हुई। पहले भूस्खलन की चपेट में राजधानी स्थित एक मंदिर आया जबकि दूसरा शिमला के ही फागली इलाके में हुआ। राज्य में बारिश और भूस्खलन के कारण प्रमुख सड़कें बंद हैं और बहुत से घर तबाह हो गए। उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मंडी जिले में बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और कई शव बरामद किए गए हैं। शिमला के समर हिल इलाके में शिव मंदिर के मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका है। सावन के पवित्र महीने के एक महत्वपूर्ण दिन पर पूजा करने के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ थी। यह राज्य की राजधानी में रिपोर्ट किए गए दो भूस्खलनों में से एक था, जहां अभी भी भारी बारिश हो रही है। अधिकारियों ने कहा कि घटना में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने बताया कि यहां दूसरे भूस्खलन में फागली इलाके में मलबे से पांच शव निकाले गए हैं, जबकि 17 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पहले कहा था कि समर हिल इलाके में एक शिव मंदिर ढह गया था और फागली इलाके में एक अन्य जगह जहां कई घर मिट्टी और कीचड़ के नीचे दब गए थे, वहां मलबे से नौ शव निकाले गए हैं। प्रदेश के सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार को बंद रहे। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, आपदा के कारण राज्य में 621 सड़कें बंद हैं। मौसम कार्यालय ने सोमवार को कुल्लू, किन्नौर और लाहौल और स्पीति को छोड़कर राज्य के 12 में से नौ जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की भविष्यवाणी की और मंगलवार के लिए पीली चेतावनी जारी की। सोलन जिले के जादोन गांव में रविवार रात बादल फटने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। बादल फटने से जिले में दो घर बह गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि छह लोगों को बचा लिया गया, जबकि सात अन्य की मौत हो गई। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान हरनाम (38), कमल किशोर (35), हेमलता (34), राहुल (14), नेहा (12), गोलू (8) और रक्षा (12) के रूप में हुई है। जिले के बलेरा पंचायत में भूस्खलन में अस्थायी घर ढह जाने से दो बच्चों की मौत हो गई और उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि रामशहर तहसील के बनाल गांव में भूस्खलन में एक और महिला की मौत हो गई। मंडी जिले की सेघली पंचायत में रविवार देर रात भूस्खलन से दो साल के बच्चे समेत एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। उपायुक्त चौधरी ने कहा, तीन लोगों को बचा लिया गया। संभल में पंडोह के पास छह शव बरामद किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि शवों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, धरमपुर इलाके से दो मौतों की सूचना मिली है। बल्ह क्षेत्र के कुछ हिस्से और मंडी के नेरचौक में पानी भर गया। खबरों के मुताबिक सिरमौर जिले में एक लड़के की मौत हो गई। ( शेष पेज 9 )

### उत्तराखंड में बरसात से तीन की मौत, 10 लापता

**देहरादून ( भाषा )।** उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश जारी रहने के बीच वर्षा संबंधी अलग-अलग घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य लोग लापता हो गए। विभिन्न क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई सड़के अवरुद्ध हो गईं और चारधाम यात्रा दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई है। लगातार बारिश के कारण गंगा सहित प्रदेश की छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं और बाढ़ जैसे हालात के चलते नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

# खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर पर

● सब्जियों के दाम चढ़ने से जुलाई में उछल कर 7.44 प्रतिशत हुई

भाषा। नई दिल्ली

**टमाटर** और अन्य सब्जियों तथा खाद्य वस्तुओं के महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में उछलकर 15 महीने के उच्चस्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई है। चालू वित्त वर्ष में यह पहला मौका है जब मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक दायरे से ऊपर गई है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत यानी दो से छह प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।

बीते वित्त वर्ष में ज्यादातर समय खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत की उच्च सीमा से ऊपर रही थी। लेकिन इस वर्ष मार्च से जून तक यह केंद्रीय बैंक के संतोषजनक दायरे में थी। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जुलाई में बढ़कर 7.44 प्रतिशत पर रही जो इससे पिछले महीने जून में 4.87 प्रतिशत पर थी। पिछले साल जुलाई में यह 6.71 प्रतिशत थी। इससे पहले, अप्रैल 2022 में मुद्रास्फीति 7.79 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई जुलाई महीने में 11.51 प्रतिशत रही, जो जून में 4.55 प्रतिशत तथा पिछले साल जुलाई में 6.69 प्रतिशत थी। सालाना आधार पर सब्जियों की महंगाई दर 37.44 प्रतिशत रही। मसालों में मुद्रास्फीति 21.63 प्रतिशत, दाल में 13.27 प्रतिशत और अनाज तथा उसके उत्पादों की महंगाई 13 प्रतिशत रही। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में खाद्य और पेय पदार्थ खंड की हिस्सेदारी करीब 54 प्रतिशत है। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले सप्ताह द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में खुदरा मुद्रास्फीति में निकट भविष्य में उल्लेखनीय वृद्धि को लेकर आगाह किया था और दूसरी तिमाही में इसके 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। इसके साथ पूरे वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया था। ( शेष पेज 9 )

# अडानी-हिंडनबर्ग केस में सेबी ने मांगा और समय

● नियामक ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- 24 में से 17 मामलों की जांच पूरी, शेष में प्रक्रिया में, अभी लगेंगे 15 दिन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पूंजी** बाजार नियामक सेबी ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख कर अडाणी समूह द्वारा शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने के आरोपों की जांच पूरी करने के लिए 15 दिन का और समय देने का अनुरोध किया है। भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक नई अर्जी में कहा कि उसने इससे जुड़े 24 मामलों की जांच-पड़ताल की है।

नियामक ने कहा कि उक्त 24 मामलों में से 17 की जांच-पड़ताल पूरी हो गई है और सेबी की मौजूदा प्रक्रियाओं के तहत सक्षम प्राधिकारी ने उसे मंजूरी दे दी है। याचिका के अनुसार, एक मामले में सेबी ने अब तक एकत्र की जा सकने वाली सामग्री के आधार पर जांच-पड़ताल पूरी कर ली है और नियामक की मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार अंतरिम रिपोर्ट तैयार की गई है। सक्षम प्राधिकारी ने भी इसे मंजूरी दे दी है। सेबी ने कहा कि बाकी बचे छह मामलों में से चार की जांच-पड़ताल में निष्कर्षों को स्पष्ट कर दिया गया है और उसके परिणामस्वरूप तैयार की गई रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी के पास भेजी गई है। याचिका में कहा गया कि सेबी को उम्मीद है कि इन चार मामलों के संबंध में अनुमोदन प्रक्रिया शीघ्र ही और किसी भी स्थिति में 29 अगस्त को सुनवाई की अगली तारीख से पहले पूरी हो जाएगी। याचिका के अनुसार, बाकी दो मामलों में से एक की जांच अग्रिम चरण में है और दूसरे मामले में सेबी द्वारा अब तक जुटाई गई जानकारी के आधार पर अंतरिम रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सेबी ने कहा कि जांच के निष्कर्ष पर रिपोर्ट दाखिल करने का समय 15 दिन या ऐसी अन्य अवधि, जिसे माननीय न्यायालय वर्तमान मामले के तथ्यों व परिस्थितियों में उचित व आवश्यक समझे, तक बढ़ाया जाए। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की पीठ ने 11 जुलाई को सेबी से अडाणी समूह के खिलाफ शेयरों की हेराफेरी करने के आरोपों में जांच की स्थिति बताने को कहा था। ( शेष पेज 9 )

# महा विकास आघाड़ी में कोई भ्रम नहीं: पवार

● राकांपा अध्यक्ष ने कहा, मुंबई मे विपक्षी गठबंधन की सफल बैठक करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भतीजे अजित पवार के साथ पुणे में हुई उनकी मुलाकात को लेकर विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति नहीं है। पवार ने बारामती में संवाददाताओं को बताया, एमवीए एकजुट है और हम 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की अगली बैठक का सफल आयोजन करेंगे। अपने भतीजे अजित पवार के एकनाथ शिंदे नीत सरकार में दो जुलाई को शामिल होने के बाद 82 वर्षीय दिग्गज राजनेता पहली बार अपने गृहनगर बारामती पहुंचे थे। एमवीए में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) हैं। कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) ने राकांपा प्रमुख से चाचा और भतीजे के बीच इस तरह की मुलाकातों पर उत्पन्न हो रही भ्रम की स्थिति को साफ करने को कहा था। शरद पवार और अजित पवार के बीच बैठक ने प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ा दी हैं।

पवार ने कहा, एमवीए साथियों के बीच कोई भ्रम की स्थिति नहीं है। हम सब साथ हैं और 31 अगस्त तथा एक सितंबर को मुंबई में इंडिया की बैठक का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे। पवार ने मीडिया से बार-बार एक ही सवाल पूछकर भ्रम की स्थिति पैदा ना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैंने, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में इंडिया की बैठक के आयोजन की जिम्मेदारी ली है। यह बैठक एक पांच सितारा होटल में होने की संभावना है। अपने भतीजे के कदम की ओर इशारा करते हुए पवार ने कहा कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से हाथ मिलाने वाले एमवीए से अलग गुट का राकांपा से कोई संबंध नहीं है। शरद पवार और अजित पवार के बीच बार-बार मुलाकात को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में सोमवार को प्रकाशित संपादकीय में नाखुशी जाहिर किए जाने के सवाल को राकांपा प्रमुख ने दरकिनार कर दिया।

राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की अटकलों और पुणे में अजित पवार के साथ मुलाकात के दौरान उनके बारे में चर्चा होने के बारे में पूछने पर राकांपा प्रमुख ने कहा कि इस तरह की कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि जयंत पाटिल के भाई को नोटिस (प्रवर्तन निदेशालय से (ईडी) मिला है। सत्ता का दुरुपयोग कर इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं।

हमारे कुछ साथियों को नोटिस प्राप्त हुए थे और उसके बाद वे भाजपा के साथ चले गए। जयंत पाटिल के मामले में भी इस तरह का प्रयास किया जा रहा है लेकिन मैं आश्वस्त हूं कि विचारधारा को लेकर उनका रुख स्पष्ट है। पिछले सप्ताह संपन्न हुए संसद के मानसून सत्र को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में शरद पवार ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक मुद्दा मणिपुर का था। उन्होंने कहा यह सिर्फ मणिपुर तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर-पूर्व के कुछ हिस्से की सीमा चीन के साथ लगती है और मणिपुर से परे भी एक देश है। ( शेष पेज 9 )

# एनसीसीएफ व नैफेड आज से 50 रुपए किलो बेचेंगी टमाटर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**थोक** बाजार में कीमतों में गिरावट के मद्देनजर केंद्र ने सोमवार को एनसीसीएफ और नैफेड जैसी सहकारी समितियों को मंगलवार से 50 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया है। जुलाई के महीने से एनसीसीएफ और नैफेड दोनों टमाटर की घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमत में आई तेजी को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की ओर से रियायती दर पर टमाटर बेच रही हैं। शुरुआत में मंत्रालय ने दोनों सहकारी समितियों को 90 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचने के लिए कहा था और बाद में इसकी कीमत घटाकर 80 रुपए प्रति किलोग्राम कर दी थी। बाद में इसे और घटाकर 70 रुपए प्रति किलोग्राम कर दिया गया। मंत्रालय ने बयान में कहा कि ताजा कटौती के बाद अब उपभोक्ताओं को 50 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर टमाटर मिलेगा। अब तक दोनों सहकारी समितियों द्वारा कुल 15 लाख किलोग्राम टमाटर की खरीद की जा चुकी है, जिसे देश के प्रमुख उपभोग केंद्रों में खुदरा उपभोक्ताओं को बेचा जा रहा है। इन स्थानों में दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान (जयपुर, कोटा), उत्तर प्रदेश (लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज) और बिहार (पटना, मुजफ्फरपुर, आरा, बक्सर) शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों में, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) ने पूरी दिल्ली में 70 स्थानों और नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 15 स्थानों पर अपनी मोबाइल वैन तैनात करके खुदरा उपभोक्ताओं को टमाटर की आपूर्ति में काफी वृद्धि की है। इसके अलावा एनसीसीएफ ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) मंच के माध्यम से टमाटर की खुदरा बिक्री कर रहा है।

### पूर्वी लद्दाख विवाद को लेकर भारत व चीन ने सैन्य वार्ता की

भाषा। नई दिल्ली

**चीन** के साथ सोमवार को नए दौर की सैन्य वार्ता में भारत ने पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को जल्दी हटाए जाने पर जोर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोर कमांडर स्तरीय 19वें दौर की वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने देपसांग मैदान और डेमचोक से जुड़े मुद्दों के समाधान पर विशेष रूप से जोर दिया। सैन्य सूत्रों के अनुसार यह बातचीत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास भारतीय क्षेत्र में चुशुल-मोल्डो में हुई। उन्होंने बताया कि सैन्य वार्ता सुबह करीब साढ़े नौ बजे शुरू हुई और करीब 10 घंटे तक चली। वार्ता के संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। समझा जाता है कि कोर कमांडर स्तरीय वार्ता से एक दिन पहले रविवार को दोनों ओर के स्थानीय सैन्य कमांडरों ने बातचीत की थी। पूर्वी लद्दाख में कुछ बिंदुओं पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तीन साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। हालांकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई स्थानों से अपने सैनिकों को वापस बुला लिया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली ने किया। ( शेष पेज 9 )

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर प्रेस एवं कार्यालय में 15 अगस्त 2023 को अवकाश रहेगा। अतः 16 अगस्त 2023 का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

### क्विक न्यूज

**घोसी विस उपचुनाव में भाजपा ने सपा के बागी दारा सिंह चौहान को बनाया उम्मीदवार**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के बागी नेता और निवर्तमान विधायक दारा सिंह चौहान को घोसी विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सीट के लिए आगामी पांच सितंबर को मतदान होगा। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में सपा के टिकट पर घोसी सीट से ही जीते चौहान पिछले महीने भाजपा में शामिल हो गए थे। यह सीट उनके विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने के कारण रिक्त हुई है। उपचुनाव को मोटे तौर पर सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल सपा के बीच सीधे मुकाबले के रूप मे देखा जा रहा है।



नई दिल्ली में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तिरंगे से सजा लाल किला। फोटो: रंजन डिमरी

# बाढ़ ने दिया झटका लेकिन भरपाई में जुटा अमला

**जी-20 सम्मेलन की तैयारी**

● दिल्ली के एलजी ने कार्यों को पूरा करने के लिए 13 दानिक्स और 2 आईएएस प्रोबेशनर अधिकारियों को लगाया

संजय राय। नई दिल्ली



सम्मेलन स्थल से जुड़ी सड़कों के डिवाइडर सजाते और चमकाते श्रमिक।

**राष्ट्रीय** राजधानी में सितंबर में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से संबंधित तैयारियों को हाल ही में बारिश और बाढ़ के कारण भारी नुकसान हुआ है। आयोजन का समय पास आने के साथ तैयारियों को समय से पूरा करने के लिए घड़ी की सुई की रफ्तार से काम किया जा रहा है। इस काम को अंतिम रूप देने में पूरा एक अमला जुटा हुआ है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने तैयारियों से संबंधित कार्यों को पूरी रफ्तार देने के लिए दो महिला प्रोबेशनरों सहित कुल 13 दानिक्स प्रोबेशनर और 2 आईएएस प्रोबेशनर अधिकारियों को जिम्मा सौंपा है। कई टीमों में बंटे ये अधिकारी जी-20 शिखर सम्मेलन में जुड़ी सड़कों, होटलों, कार्यक्रम स्थल के आसपास तैयारियों का दिन रात निरीक्षण करते हैं। इन लोगों के साथ मरम्मत से जुड़े सभी साजों सामान से लैस ट्रक चलते हैं। साथ में लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली नगर निगम व वन विभाग के अधिकारी भी रहते हैं।

अधिकारियों की टीम जहां भी कमियां देखते हैं मसलन कहीं गमला, पौधे व सड़क टूटी देखते हैं उसे तुरंत दुरुस्त करते हैं। इस तरह दिन और रात निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट पेश कर दिल्ली सरकार की सहायता कर रहे हैं। ( शेष पेज 9 )

# प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में 18 प्रस्तावों को मंजूरी

**एनसीआर के लिए रीजनल प्लान, केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति को 60 हजार वर्ग मीटर जमीन**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड बैठक अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बार बोर्ड में कुल 18 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें न्यू नोएडा डीएनजीआईआर, चिल्ला, यातायात रीजनल प्लान, भंगेल एलिवेटड, सेक्टर-42 का नियोजन और भू प्रयोग में बदलाव आदि पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में ऑनलाइन अनिल कुमार सागर प्रमुख सचिव, अवस्थापन एवं औद्योगिक विकास विभाग, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम, सीईओ ग्रेटर नोएडा रवि एनजी, एसीईओ कपिल सिंह के अलावा नोएडा एसीईओ मानवेंद्र सिंह, सतीश पाल, प्रभास मौजूद रहे।

एनसीआर क्षेत्र में ट्रैफि क अवरोध को समाप्त कर रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। सलाहकार कंपनी नियुक्त करने के लिए आरएफ पी जारी करने का निर्णय लिया गया। इसमें होने वाले खर्च का वहन तीनों प्राधिकरण यानी नोएडा ग्रेटर नोएडा व यमुना विकास प्राधिकरण करेंगे। रीजनल प्लान पर निर्णय के लिए एक समिति बनाई जाएगी।

### नक्शा-कंपलीशन सर्टिफिकेट प्रोसेसिंग शुल्क में बढ़ोतरी

नक्शा पास या भवन अनुज्ञा शुल्क में 15 रुपए से 30 रुपए प्रति वर्गमीटर और अभिन्यास योजना के लिए 4 हेक्टेयर तक के भूखंड क्षेत्र के लिए 2 रुपए प्रति वर्गमीटर और 4 हेक्टेयर से ज्यादा के लिए 1 रुपए प्रति वर्गमीटर किया गया है।

### एनिमल शेल्टर के संचालन को कंपनी चयन प्रक्रिया में बदलाव

एनिमल शेल्टर के कंपनी का चयन आरएफ पी के जरिए किया जाए। इसमें संचालन के लिए निश्चित धनराशि प्रतिमाह निर्धारित करते हुए फ इनेंशियल बिड के प्रावधान को समाप्त करते हुए उच्चतम अंक पाने वाली संस्था को चयनित किया जाए।

### गंगाजल योजना में बाधा के निपटारे के लिए समिति गठित

37.50 क्यूसेक गंगाजल योजना में आ रही बाधा के निपटारा के लिए अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष समिति का गठन किया जाएगा। ये समिति साइट विजिट कर अभी तक किए गए कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

# सुरक्षा में चूक बर्दाश्त नहीं, चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस तैनात

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुरक्षा में किसी भी प्रकार की जोखिम नहीं ली जा सकती है। यही कारण है कि नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने नोएडा व दिल्ली बार्डर के चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात करने का फुलफ्रूफ प्लान तैयार किया है।

स्वतंत्रता दिवस पर्व शंतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस ने अनेक कदम उठाए हैं। नोएडा कमिश्नरी की पुलिस ने सोमवार की आधी रात से दिल्ली व नोएडा की सारी सीमाएं सील करने का फैसला किया है। इसी के साथ नोएडा व दिल्ली के बार्डर पर चप्पे चप्पे पर पुलिस कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। ये पुलिस कर्मी छोटी से छोटी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखेंगे। देश की राजधानी दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य जश्न को सुरक्षित रखने के मकसद से नोएडा पुलिस व्यापक तलाशी अभियान चल रही है। इसी के तहत दिल्ली से सटी नोएडा की सीमा पर पुलिस बैरियर लगाकर प्रत्येक संदिग्ध वाहन की तलाशी ले रही है। इसी कड़ी में सभी होटलो व गेस्ट हाउसों में संघन तलाशी अभियान चलाया गया है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### यातायात कर्मी करेंगे दो शिफ्ट में नौकरी, आज से होगा बदलाव

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहरवासियों को जाम की समस्या से आजादी दिलाने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नई पहल की जाएगी। जिसके तहत यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी अब दो शिफ्टों में होगी। ऐसे में लोगों को रोजाना सुबह लगने वाले जाम की समस्या से छुटकारा मिलने की उम्मीद है।

# सीमा ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

**सचिन संग फहराया राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगा साड़ी, माथे पर चुनरी ओढ़ लगाए जयकारे**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


नोएडा में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सचिन के साथ नारे लगाती सीमा हैदर।

पाकिस्तान से आई सीमा हैदर ने सचिन के साथ मिलकर रविवार को हर घर तिरंगा कैंपन में हिस्सा लिया। सीमा ने भारत माता की जय के जयकारे लगाए। वहीं, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस दौरान तिरंगा थीम की साड़ी पहने सीमा ने अपने माथे पर जय माता दी की चुनरी भी बांध रखी है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ग्रेटर नोएडा में रविवार को सीमा और सचिन ने अधिवक्ता एपी सिंह के साथ अपने घर पर तिरंगा फ हराया। इस दौरान सीमा ने जमकर श्वंदे मातरम बोला। सीमा और सचिन के अधिवक्ता एपी सिंह ने कहा कि सीमा ने कोई भी फि ल्म साइन नहीं की है। रविवार से हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत हुई है। इस अभियान से पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर भी जुड़ गई हैं। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एपी सिंह सीमा और सचिन के घर रबूपुरा पहुंचे थे। एपी सिंह ने सीमा और सचिन से काफ ी देर तक बातचीत की। इसके बाद सीमा.सचिन और बच्चों ने मिलकर अधिवक्ता एपी सिंह के साथ घर की छत पर तिरंगा फ हराया। इस दौरान सचिन के पिता नेत्रपाल भी मौजूद रहे। सीमा ने कहा कि वह भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान का समर्थन कर रही हैं। इस अभियान में भाग लेने के लिए ही उन्होंने अपने घर की छत पर तिरंगा फहराया है। इस दौरान सीमा पूरी तरह भारतीय संस्कृति में नजर आई। सीमा हैदर ने तिरंगा फ हराते समय तिरंगा प्रिंट की साड़ी पहनी हुई थी। साथ ही अपने माथे पर जय माता दी की चुनरी भी बांधी हुई थी। सीमा ने गले में तिरंगे की तरह ही चुन्नी लपेटी थी। इस दौरान सभी के हाथों में तिरंगा नजर आ रहा था।

# इंडस्ट्रियल सेक्टर के वेयरहाउस में लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**नोएडा।** थाना फेस 2 क्षेत्र में बी.120 सेक्टर 88 स्थित एक वेयर हाउस में आग लग गई। वहां गत्ता होने की वजह से आग लग लगई। आग फर्स्ट और ग्रांउड फ्लोर पर फैल गई। गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से कोई जन हानि नहीं हुई है।

# यूट्यूबर अमित भड़ाना को जान से मारने की धमकी, सहमा परिवार

**नोएडा।** यूट्यूब के जरिए अपनी अलग पहचान बनाने वाले यूट्यूबर अमित भड़ाना को जान से मारने की धमकी मिली है। अमित भड़ाना के भाई ने थाना सेक्टर 49 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 47 निवासी सुधीर भड़ाना ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि गत 7 अगस्त की रात्रि को उनके फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई, कॉल उठाते ही उक्त व्यक्ति ने उसे भद्दी भद्दी गालियां दी और धमकी दी कि उसके भाई अमित भड़ाना को जान से मार देगा। इस धमकी के बाद अमित के भाई सहम गए और डर से कॉल काट दी। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर उनके घर और ऑफिस का पता भेज कर लिखा कि उसे परिवार के बारे में सारी जानकारी है। अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि दिल्ली के मुखर्जी नगर में शूटिंग कर रहे उसके भाई अमित बढ़ाना को वह जान से मार देगा।

# न्यू नोएडा में गाजियाबाद दादरी होगा औद्योगिक निवेश का केंद्र

**80 गांवों की जमीन का अधिग्रहण कर बनाया गया मास्टर प्लान पास**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

वेस्ट यूपी में निवेश का केंद्र अब न्यू नोएडा दादरी नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन होगा। न्यू नोएडा गौतमबुद्ध नगर के 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत कर बसाया जाएगा। प्राधिकरण के बोर्ड ने न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को एप्रूव कर दिया है। अब जन सामान्य से इस पर आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे। इसे नोएडा प्राधिकरण और एसपीए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट ने बनाया है। न्यू नोएडा करीब 21 हजार हेक्टेयर 203 वर्ग किमी में बसाया जाएगा।

लैंड पूल के जरिए किसानों की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी। 21 हजार हेक्टेयर का ब्रेकअप किया गया है। न्यू नोएडा मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व रिक्रेशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। न्यू नोएडा को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को मिलाकर बनाया गया है। आपत्ति और सुझाव आने के बाद इसका निपटारा किया जाएगा।

इसके अलावा कॉमर्शियल, पीएसपी इंस्टीट्यूशनल, फैसिलिटी/यूटिलिटी, वाटर बॉडी, ट्रैफिक और ट्रांसपोर्टर्स भी यहां होगा। इसकी कुल आबादी 6 लाख मानी जा रही है। जिसमें 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रैजीडेंस एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा। न्यू नोएडा में भूमि अधिग्रहण और आंतरिक विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए बजट आवंटित किया हैं।

# पुलिस कमिश्नर की पहल पर गरीब बच्चों को मिल रही शिक्षा

**लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर स्लम के बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर नोएडा कमिश्नरेट पुलिस, एचसीएल फाउंडेशन व चेतना संस्था की संयुक्त रूप से एक अनूठी पहल है। जिसका उद्देश्य शिक्षा से वंचित बच्चों को एक ऐसा सुरक्षित स्थान प्रदान करना है, जहां उन्हें वैकल्पिक शिक्षा देते हुए औपचारिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा जा सके।

इस पहल के तहत सोमवार को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर.108 में नन्हे परिंदे के अंतर्गत इस मुहिम में वैकल्पिक शिक्षा से औपचारिक शिक्षा में प्रवेश पाने वाले बच्चों से प्यारए दुलार व स्नेह देकर बातचीत किया तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए स्कूल बैग, लंच बॉक्स और पेन्सिल बॉक्स वितरित किये।

उन्होंने इस मुहिम की सहराना करते हुए बताया कि हम एचसीएल फाउंडेशन व चेतना संस्था की इस मुहिम में साथ है और सहयोग के लिए तत्पर है। ऐसे बच्चों को भटकने से बचाने के साथ उन्हें अपने सपनों को पूरा करने एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए और अधिक सशक्त बनाया जा सके।


## इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1985पीएलसी020286
पंजीकृत कार्यालय : फ्लैट नंबर 1311, देविका टावर 6, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
कार्पोरेट कार्यालय : 610/611, निर्मल गैलेक्सी एवियर, एल.बी.एस. रोड, मुलुंड (डब्ल्यू), मुंबई–400080
ई–मेल आईडी : info@integratelesoftware.com य वेबसाइट : www. integratelesoftware.com

30–06–2023 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित परिणामों के विवरण का सारांश

(राशि लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30–06–2023 अ–लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31–03–2023 अ–लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30–06–2022 अ–लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31–03–2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालन से कुल आय | 3.74 | 3.79 | 28.01 | 64.53 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (2.43) | (3.43) | 19.88 | 32.61 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (2.43) | (3.43) | 19.88 | 32.61 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (2.43) | (11.62) | 19.88 | 32.61 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (2.43) | (11.62) | 19.88 | 32.61 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रति शेयर) | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 | 1,056.00 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर, जैसाकि पूर्व वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | | - | - | 23.49 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/–प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) मूल एवं तनुकृत | (0.02) | (0.11) | 0.19 | 0.23 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए थे और निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14 अगस्त, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किए गए थे। वित्तीय परिणामों का फार्मेट स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट www. integratelesoftware.com पर उपलब्ध है।

वास्ते इंटीग्रा टेलीकम्युनिकेशन ऐंड सॉफ्टवेयर लिमिटेड
हस्ता./–
रामास्वामी नारायण अय्यर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 03045662

स्थान : मुंबई
तिथि : 14–08–2023



## COSCO (INDIA) LIMITED

CIN : L25199DL1980PLC010173
Regd. Office : 2/8, Roop Nagar, Delhi-110 007
Website : www.cosco.in Email : mail@cosco.in
Tel. : 91-11-23843000 Fax : 91-11-23846000

**EXTRACT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023**

(₹ in lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 30.06.2023 Unaudited | Quarter Ended 30.06.2022 Unaudited | Quarter Ended 31.03.2023 Audited | Year Ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from operations | 4,555.49 | 3,364.35 | 4,147.68 | 15,318.31 |
| 2 | Net Profit for the period before Tax | 122.58 | 16.45 | 11.94 | 90.50 |
| 3 | Net Profit for the period after tax | 54.33 | 6.78 | 0.68 | 68.05 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 55.08 | 6.78 | 3.67 | 71.04 |
| 5 | **Equity Share Capital** | **416.10** | **416.10** | **416.10** | **416.10** |
| 6 | Other Equity | | | | 4,239.43 |
| 7 | **Earnings Per Share** (of ₹ 10 each) | | | | |
| (a) | Basic (₹) | 1.31 | 0.16 | 0.02 | 1.64 |
| (b) | Diluted (₹) | 1.31 | 0.16 | 0.02 | 1.64 |

**Notes : -**
1 The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange Websites (www.bseindia.com/corporates) and on the Company's website www.cosco.in.
2 The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on August 14, 2023.

By Order of the Board
**for Cosco (India) Limited**
**Devinder Kumar Jain**
Managing Director and CEO
DIN : 00191539

Place : Delhi
Date : 14.08.2023



## वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्माक्युटिकल्स लिमिटेड

CIN NO : L24232DL1996PLC227773
**पंजीकृत कार्यालय** : 33/36 बेसमेंट (बेक साईड), वेस्ट पटेल नगर नियर राम जस ग्राउंड, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110008
ई मेल आईडी : welcuredrugs227@gmail.com, वेबसाईड : www.welcuredrugs.com
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के स्टैंडएलॉन अंकेक्षित वित्तिय परिणामों का सारा
भाग–1 (रु. लाख में)

| | विवरण | समाप्त तिमाही (30.06.2023) (अनंकेक्षित) | समाप्त पूव तिमाही (31.03.2023) (अनंकेक्षित) | पूर्व वष (30.06.2022) में समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष (31.03.2023) (अनंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनो से कुल आय | - | 5.37 | - | 6.96 |
| 2. | अवधि के लिये शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व*) | (3.32) | 1.27 | (5.65) | (5.26) |
| 3. | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद*) | (3.32) | 1.27 | (5.65) | (5.26) |
| 4. | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (3.32) | 1.27 | (5.65) | (5.26) |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) से शामिल | (3.32) | 1.27 | (5.65) | (5.26) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,343.91 | 1,343.91 | 1,211.86 | 1,343.91 |
| 7. | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए गए अनुसार | – | – | – | – |
| 7. | आय प्रति शेयर (रु 10/– प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिए) 1) मूल 2) तरल | -0.002<br>-0.002 | 0.001<br>0.001 | -0.005<br>-0.005 | -0.004<br>-0.004 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा), विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई तिमाही वित्तीय परिणामों के सम्पूर्ण विवरण प्रारुप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारुप स्टॉक एक्सचेंज तथा सूचीबद्ध सत्ता की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।
2. लेखा नीतियों में परिवर्तन के कारण शुद्ध लाभ/हानि, कुल व्यापक आय अथवा किसी अन्य संबंधित वित्तीय मदों पर प्रभाव को फुट नोट द्वारा उद्घाटित किया जायेगा।
3. # जो भी लागू हो इंड–एएस नियमावली/एएस नियमावली के अनुसार विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों को लाभ तथा हानि के विवरण में समायोजित किया गया है।

वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्माक्युटिकल्स लिमिटेड के लिये
हस्ता/–
नाम : विशाल मेहरा
पदनाम : प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 09717741

तिथि : 14.08.2023



## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्जदारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह–कर्जदार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/ सह–कर्जदार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित कुमार/ सुमित कुमार/ LBMRT00003699042 | प्लॉट नंबर ए 44, खसरा नंबर 805/5, ओम साईं संतपुरा, बिसोखर मोदीनगर, जलालाबाद, गाजियाबाद–201204/ अगस्त 11, 2023 | फरवरी 22, 2023 रु. 16,58,848/– | गाजियाबाद |
| 2. | आदेश कुमार शर्मा/ सीमा शर्मा/ LBMRT00004409381 | प्लॉट खसरा नंबर 525 मिन. से संबंधित, मोहल्ला नंद नगरी, ग्राम सीकरी खुर्द, परगना जलालाबाद, तहसील मोदीनगर, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ अगस्त 11, 2023 | अक्टूबर 31, 2022 रु. 8,90,035/– | गाजियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह–कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अगस्त 14, 2023**
**स्थान : गाजियाबाद**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



## कामा होल्डिंग्स लिमिटेड

KAMA Holdings
सीआईएन : एल92199डीएल2000पीएलसी104779
पंजीकृत कार्यालय : दि गैलेरिया, डीएलएफ मयूर विहार, यूनिट नंबर 236 एवं 237, द्वितीय तल, मयूर प्लेस, नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज–1 एक्सटेंशन, दिल्ली–110091
कार्पोरेट कार्यालय : ब्लॉक सी, सेक्टर–45, गुरूग्राम–122003, फोन नंबर : (+91–11) 49482870, फैक्स : (+91–11) 49482900
ई–मेल : info@kamaholdings.com वेबसाइट : www.kamaholdings.com

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु
पृथक्कृत और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30–06–2023 अलेखापरीक्षित (1) | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30–06–2022 अलेखापरीक्षित (2) | पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित (3) | समेकित तिमाही समाप्त 30–06–2023 अलेखापरीक्षित (4) | समेकित तिमाही समाप्त 30–06–2022 अलेखापरीक्षित (5) | समेकित वर्ष समाप्त 31–03–2023 लेखापरीक्षित (6) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 0.52 | 0.22 | 25431.18 | 336262.70 | 391093.31 | 1507482.34 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले | (6.95) | (21.81) | 25272.22 | 49019.15 | 84501.41 | 299956.60 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात | (6.11) | (22.38) | 24845.82 | 36168.25 | 60957.08 | 232444.82 |
| 4 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) सम्मिलित है) | (6.83) | (22.78) | 24845.26 | 42383.59 | 42382.32 | 218325.06 |
| 5 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 641.81 | 645.26 | 641.81 | 641.81 | 645.26 | 641.81 |
| 6 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) | | | | | | |
| | (क) मूल : | (0.10) | (0.35) | 385.25 | 286.34 | 480.03 | 1,943.98 |
| | (ख) तनुकृत : | (0.10) | (0.35) | 385.25 | 286.34 | 480.03 | 1,943.98 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.kamaholdings.com) पर उपलब्ध है।

कृते एवं हिते बोर्ड
कार्तिक भरत राम
अध्यक्ष
(डीआईएन : 00008557)

स्थान : गुरूग्राम, हरियाणा
तिथि : 14 अगस्त, 2023


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड की ओर से मुद्रित एवं प्रकाशित, 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# रानी झांसी फ्लाईओवर में देरी, एडीएम पर गाज

## भूमि अधिग्रहण में कथित तौर पर निजी पार्टियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगने के बाद कार्रवाई की सिफारिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों की एक समिति ने भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (एलएसी) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान रानी झाँसी फ्लाईओवर के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में कथित तौर पर निजी पार्टियों को लाभ पहुंचाने के लिए दानिक्स अधिकारी राज कुमार के खिलाफ निलंबन और जुर्माना लगाने की सिफारिश की है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया, भूमि एवं भवन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, एमसीडी आयुक्त और सतर्कता सचिव की सदस्यता वाली समिति ने फ्लाईओवर के निर्माण में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की और 11 अगस्त को अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंप दी। रिर्पोट में पाया गया कि तत्कालीन एलएसी राज कुमार का आचरण गंभीर प्रकृति का था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा, उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही शुरू की जा सकती है। राज कुमार ने टीओआई द्वारा की गई


रानी झांसी फ्लाईओवर। (फाइल फोटो)

टेलीफोन कॉल और उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए भेजे गए संदेशों का जवाब नहीं दिया।

चूंकि राज कुमार ग्रुप ए अधिकारी हैं, ऐसे में दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मामला राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण को भेजा जाएगा, जो दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 45 (एच) (2) के अनुसार है। अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के लिए सक्षम प्राधिकारी है।

फ्लाई ओवर का निर्माण में वर्षों की देरी के बाद, 1.8 किमी रानी झांसी ग्रेड सेपरेटर, जो फिल्मिस्तान सिनेमा हॉल को सेंट स्टीफंस अस्पताल से जोड़ता है। वर्ष 2018 में यातायात के लिए खोला गया था और एमसीडी की लागत 724 करोड़ रुपये थी। तब देरी के लिए तकनीकी गड़बड़ियों और विभिन्न एजेंसियों के बीच खराब समन्वय को जिम्मेदार ठहराया गया था।

# केजरीवाल ने सीएजी के हवाले से केंद्र सरकार पर साधा निशाना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएजी के हवाले से केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार के 75 वर्ष के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

वहीं आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता में सीएजी रिपोर्ट का हवाला देते हुए केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे 18 करोड़ रुपए प्रति किमी की लागत से बनना था, लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी लागत बढ़ाकर 250 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत 75 हजार किमी सड़क बन रही है। ये सड़क 15 करोड़ प्रति किमी की लागत से बननी थी, लेकिन अब 15 से 25 करोड़ रुपए प्रति किमी बढ़कर 7.5 लाख करोड रुपए का घोटाला किया और अधिकांश काम अपने मित्र अडानी की कंपनियों को दे दिया।

# पद संभालते ही एक्शन में सतर्कता मंत्री आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पद सँभालने के तुरंत बाद सतर्कता मंत्री आतिशी एक्शन में आ गई है। पहले ही दिन उन्होंने एसडीएम कार्यालयों में विभिन्न प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर चल रहे भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर लगाम कसने का काम किया है। मंत्री ने मुख्य सचिव को बतौर चीफ विजिलेंस ऑफिस मुख्य सचिव वरिष्ट आईएएस-दानिक्स अधिकारीयों की टीम गठित करने और उनके द्वारा सप्ताह भर में सभी एसडीएम दफ्तरों का निरीक्षण करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने मुख्य सचिव को खुद कम से कम 5 एसडीएम ऑफिसों का निरीक्षण करने और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने को कहा है। साथ ही मुख्य सचिव से कहा कि वह एक सप्ताह के भीतर एसडीएम ऑफिसों में हो रही अनियमितताओं, कामों में होने वाली देरी और भ्रष्टाचार पर एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपे।

# गृह मंत्री शाह ने घर पर फहराया तिरंगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को राजधानी स्थित अपने आधिकारिक आवास पर तिरंगा फहराया।

शाह ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने आवास पर मैंने आज तिरंगा फहराया। स्वतंत्रता दिवस से पहले भारतीय आसमान में लाखों तिरंगे भारत को फिर से महानता का प्रतीक बनाने के लिए राष्ट्र की सामूहिक इच्छा शक्ति को दर्शाते हैं। सरकार आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान चला रही है। शाह ने सभी नागरिकों से अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और अपनी सेल्फी हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड करें। उन्होंने सभी से अपने साथी नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।


केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।


राजधानी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित मौन जुलूस में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर निकाला मौन जुलूस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने दिल्ली में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर आयोजित स्मृति सभा एवं मौन जुलूस में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन की विभीषिका में अपने प्राण गंवाने वाले एवं विस्थापन का दर्द झेलने वाले लाखों भारतवासियों को शत-शत नमन है। वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने दिल्ली स्थित सरकारी निवास एपीजे अब्दुल कलाम रोड कोठी संख्या 30 पर तिरंगा झंडा लगाया।

# दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारी व जवान किए गए सम्मानित


शरत कुमार सिन्हा अतिरिक्त सीपी, महेश बत्रा पुलिस उपायुक्त, मंजू लता, सहायक पुलिस उपायुक्त को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारियों और जवानों को उनकी सेवाओं के लिए अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और 15 अधिकारियों व जवानों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, शरत कुमार सिन्हा अतिरिक्त सीपी, महेश बत्रा पुलिस उपायुक्त, मंजू लता, सहायक पुलिस उपायुक्त को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि सिंधु पिल्लई, संयुक्त सीपी, मंगेश कश्यप, अतिरिक्तस सीपी, वीरेंद्र कुमार, एसीपी, कमलेश दयाल

**● 3 को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और 15 को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से नवाजा**

एसीपी, सुमन बाला एसीपी, कमलेश कुमारी एसीपी, कवलजीत सिंह इंस्पेक्अर, राकेश कुमार इंस्पेक्टर, बिशन दास पूर्व इंस्पेक्टर, मुकेश देवी एसआई, एच. थांगखोलाल एसआई, मंजीत कुमार एएसआई, बबीता एएसआई, राधेश्याम एएसआई , राकेश कुमार एएसआई को मेधावी सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।

## न्यूज चैनल के कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर इलाके में एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कर्मचारी ने सोमवार को घर पर कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने कहा कि मृतक आकाशदीप की पत्नी के बयान और घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर किसी साजिश की बात सामने नहीं आई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को सुबह करीब 10.40 बजे घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## डूटा कार्यकारिणी के लिए सुधांशु इंटेक के प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** इंटेक(आई) ने आगामी डीयूटीए(डूटा) चुनाव में डॉ सुधांशु कुमार को डूटा कार्यकारिणी का प्रत्याशी घोषित किया है। डॉ. सुधांशु कुमार डूटा उपाध्यक्ष के अलावा दो बार विद्वत परिषद के सदस्य रह चुके हैं तथा वर्तमान में अखिल भारतीय प्रोफेशनल कांग्रेस में सक्रिय हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण फ़ैसले में डॉ उदयवीर सिंह को इंटेक(आई) का महासचिव बनाया गया है। इंटेक(आई) के अध्यक्ष अश्विनी शंकर ने जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के प्रत्याशी इस चुनाव में कुछ मुद्दों को दृढ़ता के साथ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# देश का विभाजन इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी : नड्डा



विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सेमिनार में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा ने एक सेमिनार में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्ढा ने देश के विभाजन को इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर 14 अगस्त को उन लोगों की याद में एक स्मृति दिवस के रूप में मनाना शुरू किया जिन्होंने अपनी जान गंवाई और विभाजन की पीड़ा का सामना किया।


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संबोधन के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जंतर मंतर से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क तक मौन मार्च निकाला। नड्डा ने कहा कि 14 अगस्त को लोगों से जो ऐतिहासिक धोखा हुआ, उसे याद करके दुख हो रहा है, जो बहुत दुखद है।



## बाढ़ की विभीषिका

### उत्तराखंड में संकट

**उत्तराखंड** में लगातार हो रही भारी बरसात से बाढ़ जैसी विभीषिका पैदा हो गई है। इस प्राकृतिक आपदा में 52 लोगों की जान गई है और उनकी संख्या बढ़ सकती है। राज्य में इस साल सामान्य जनजीवन बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है। उत्तराखंड में जारी लगातार भारी बरसात से राज्य में अराजकता जैसी स्थिति पैदा हो गई है, लगातार विनाशकारी भूस्खलन हो रहे हैं तथा अचानक आई तेज बाढ़ ने बड़े पैमाने पर नुकसान किया है। हर गुजरते दिन के साथ मृतकों की संख्या बढ़ रही है। इसके अलावा असंख्य अन्य लोग घायल हुए हैं या घर गिरने से बेघर हो गए हैं। प्रदेश सरकार, स्वयंसेवी संस्थायें तथा आम लोग पीड़ितों की सहायता के सारे प्रयास कर रहे हैं। मानसून का समय आने से पहले हालांकि सरकार ने तैयारी की थी और संभावित आपदा से निकटने के दावे भी किए थे, लेकिन उसके प्रयासों में संभवत: कुछ कमी रह गई। इसका कारण भयानक अभूतपूर्व बरसात भी है। सरकार ने विगत वर्षों में राज्य की ढांचागत संरचना में सुधार तथा आपदा प्रबंधन के प्रयास किए हैं, लेकिन वे भयानक प्राकृतिक त्रासदी के सामने नाकाफी रहे हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने लगभग 7650 करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया है जिससे पता चलता है कि विभीषिका कितनी गंभीर है। इस विभीषिका में अनेक लोगों की जानें गई हैं, परिवार बिखर गए हैं तथा संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। वर्षा के कारण पैदा विभीषिका से बड़ी संख्या में लोग मरे या घायल हुए हैं तथा बहुत से लोग अभी 'लापता' हैं। इस आपदा से स्पष्ट है कि सरकार को वर्तमान त्रासदी से सबक लेकर समय रहते समग्र आपदा प्रतिक्रिया योजना बना कर उसे क्रियान्वित करना चाहिए।



मौसम विभाग-आईएमडी ने और भारी बरसात की भविष्यवाणी की है। पहले ही उत्तराखंड में 13 व 14 अगस्त के लिए इस भविष्यवाणी को देखते हुए 'रेड एलर्ट' जारी कर दिया गया था। 204.4 मिमी. से अधिक अत्यधिक बरसात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग समय-समय पर चेतावनी जारी करता रहता है, ऐसे में प्रशासन खासकर स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। हालिया त्रासदी में केदारनाथ जाने वाले पांच तीर्थयात्री भी भूस्खलन के कारण मारे गए हैं।

लोगों के जीवन तथा ढांचागत संरचनाओं को हुए नुकसान को देखते हुए भविष्य में आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर तैयारी की जरूरत उजागर होती है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा से निपटने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन बल-एसडीआरएफ व राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल-एनडीआरएफ की बड़े पैमाने पर तैनाती की है। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन संभवत: इसमें कुछ विलम्ब हुआ। आपदा प्रबंधन के लिए सक्रिय कदम उठाने की जरूरत है ताकि आपदा आने से पहले ही बचाव के सभी कदम उठा लिए जांए। उत्तराखंड में ढांचागत संरचना तथा बाढ़ नियंत्रण पर और निवेश की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदियों से यथासंभव बचा जा सके। वैश्विक स्तर पर ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम के बहुत खराब होने की घटनाओं की संख्या व उनकी तीव्रता लगातार बढ़ती जा रही है। उत्कृष्ट ढांचागत संरचना वाले अनेक विकसित देशों को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। दुनिया के अनेक अन्य देशों की तरह भारत भी मौसम की बहुत अधिक खराबी का शिकार हुआ है। ऐसे में प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए सभी देशों को एकजुट प्रयास भी करने चाहिए।

# डिस्काम कंपनियों में सुधार के संकेत

डिस्काम कंपनियों में सुधार के संकेत हैं, लेकिन बिजली क्षेत्र में काफी समय से लंबित सुधारों के बिना यह गतिशीलता बनाए रखना संभव नहीं होगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित पोर्टल पेमेंट रैटीफिकेशन एंड एनालिसिस इन पावर प्रोक्यूरमेंट फार ट्रांसपैरेंसी इन इन्वाइसिंग आफ जेनरेटर्स-'प्राप्ति' के अनुसार, वितरण कंपनियों या डिस्काम में बिजली पैदा करने वाली कंपनियों-जेनकोस का बकाया जून, 2022 में 1,20,540 करोड़ रुपये से घट कर जुलाई, 2023 में 61,025 करोड़ रुपये रह गया है। यदि हम इसमें पारेषण कंपनियों-ट्रांसकोड्स और व्यापारियों के बकाये को भी शामिल कर लें तो बिजली सप्लाई श्रृंखला में इसी कालखंड में यह 1,30,747 करोड़ रुपये से घट कर 69,957 करोड़ रुपये रह गया है। एमओपी के अनुसार यह व्यापक सुधार डिस्काम द्वारा लेट पेमेंट सरचार्ज-एलपीएस तथा संबंधित नियम, 2022 के लागू करने से हुआ है। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा जुलाई, 2021 में घोषित 'वितरण के लिए सुधारों से जुड़ी व परिणामों पर आधारित योजना'-आरएलआरबीएसडी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के बजट में की थी। एलपीएस नियमों ने यह वितरण कंपनियों के लिए अनिवार्य कर दिया है कि वे 3 जून, 2022 तक अपना बकाया समयबद्ध रूप से 12 समान मासिक किश्तों-ईएमआई में कर दें। इस तिथि के बाद एलपीएस को लागू न करने का लाभ नहीं मिलेगा। इन्हीं नियमों के आधार पर वर्तमान बकायों की समयबद्ध अदायगी जरूरी है क्योंकि ऐसा न होने पर बिजली सप्लाई काटी जा सकती है। यह एक प्रकार से 'कैरट एंड स्टिक' नीति है। उदारवादी ढंग से यह भुगतान दायित्वों को 12 ईएमआई में बांट देती है तथा इस एक साल के लिए किसी प्रकार के जुर्माने को समाप्त करती है। इसके साथ ही यदि डिस्काम अपना बकाया 12 ईएमआई में नहीं करती हैं तो उन पर दंडात्मक प्राविधान लागू कर दिए जाएंगे।

उम्मीद की जाती थी कि इससे डिस्काम अवसर का लाभ उठाते हुए अपना सारा पुराना बकाया तथा वर्तमान बकाया भी लंबित नहीं रखेंगी। लेकिन उन्होंने केवल आधी धनराशि का भुगतान किया है। उम्मीद है कि वे बाकी 50 प्रतिशत भी 'जल्दी' अदा कर देंगी क्योंकि इसके बना उनको बिजली सप्लाई में कटौती का दंड भुगतना पड़ेगा। ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि क्या डिस्काम भुगतान करने की स्थिति में हैं। लगभग ढाई दशक से वे गंभीर वित्तीय दबाव का सामना कर रही हैं। इस तथ्य से बात स्पष्ट होती है कि वर्ष 2000 से केन्द्र सरकार ने डिस्काम को चार वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी 2002, 2012, 2015 व 2021 में दिए हैं।

इसका अर्थ उनका एकत्रित बकाया माफ करना है। विडंबना है कि इन एफआरपी के बावजूद उनका कुल बकाया वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में 620,000 करोड़ रुपये था। डिस्काम ने साल दर साल लगातार बढ़ते घाटे को देखते हुए बड़ी मात्रा में कर्ज लिया है। हालिया वर्षों में घाटे पर गौर करें तो वह 2015-16 में 52,000 करोड़, 2017-18 में 17,000 करोड़, 2019-20 में 34,500 करोड़, 2020-21 में 50,200 करोड़ तथा 2021-22 में 59,000 करोड़ रुपये था। 2017-18 में कमी 2015-16 में दिए एफआरपी के कारण था जिसमें 400,000 करोड़ रुपये की कर्ज राहत दी गई थी। वित्तीय स्थिति में इस लगातार खतरनाक स्थिति का खामियाजा स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी तथा सार्वजनिक क्षेत्र बिजली उत्पादकों, जैसे एनटीपीसी को उनका बढ़ता बकाया है जो जून 2022 में 1,39, 747 करोड़ रुपये हो गया था। इस पृष्ठभूमि में देखना होगा कि डिस्काम अपने बकाए का 50 प्रतिशत से अधिक का भुगतान कैसे करेंगी?

यहां आरएलआरबीएसडी की भूमिका सामने आती है। इस योजना में कुल तकनीकी व वाणिज्यिक नुकसानों-एटीएंडसी की पहचान की जाती है जिसे सरल शब्दों में बिजली चोरी कहा जा सकता है। इसके साथ ही बिजली की बिक्री से औसत राजस्व प्राप्ति में कमी पर भी गौर किया जाता है। बिजली लागत में खरीद, पारेषण व वितरण का खर्च भी शामिल है। इस प्रकार एसीएस-एआरआर कमी डिस्काम के घाटे का मुख्य कारण है जिसके परिणामस्वरूप वे वित्तीय दबाव में रहती हैं। सरकार ने एटीएंडसी घाटे को वर्तमान स्तर के 12-15 प्रतिशत पर लाने तथा एसीएस-एआरआर अंतर को 'शून्य' करने का लक्ष्य रखा है जिसे मार्च, 2025 तक प्राप्त किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत बिजली सप्लाई की विश्वसनीयता व गुणवत्ता में सुधार करने तथा डिस्काम की क्षमता में सुधार करने व इसका घाटा कम करने के लिए आवश्यक निवेश का प्रस्ताव किया गया है।

इसमें पूरी बिजली सप्लाई श्रृंखला में अनिवार्य रूप से पूर्व-भुगतान तथा स्मार्ट मीटरिंग आयामों का क्रियान्वयन शामिल है जिसमें लगभग 250 मिलियन परिवार भी जुड़े हैं। इसके लिए 300,000 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान लगाया गया है। इसमें से केन्द्र लगभग 60,000 करोड़ रुपये का योगदान करेगी, जबकि बाकी 240,000 करोड़ रुपये बहुआयामी फंडिंग एजेंसियों, जैसे एडीबी व विश्व बैंक से प्राप्त होगा। केन्द्र का योगदान वर्तमान समय में जारी योजनाओं में आबंटनों के आधार पर होगा जिनमें समन्वित ऊर्जा विकास योजना-आईपीडीएस और दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना-डीडीयू जीजेवाई शामिल हैं। आरएलआरबीएसडी दो साल से लागू है। इसका क्या नतीजा निकला है? डिस्काम की एटीएंडसी नुकसान 2020-21 में 22.32 प्रतिशत से घट कर 2022-23 में 13.5 प्रतिशत हो गए हैं। जहां तक एसीएस-एआरआर कमी का सवाल है, यह 2020-21 में 0.54 प्रति केडब्लूएच था जो 2022-23 में घट कर 0.15 प्रति केडब्लूएच हो गया। यदि इन आंकड़ों की लक्ष्य से तुलना की जाए तो स्पष्ट होगा कि एटीएंडसी घाटे का लक्ष्य पहले ही प्राप्त कर लिया गया है, जबकि एसीएस-एआरआर अंतर में कमी शानदार है। इस गति से मार्च, 2025 तक शून्य कमी के लक्ष्य तक पहुंचना पूर्णत: संभव होगा। यहां यह गौर करना उचित होगा कि उज्ज्वल डिस्काम एश्योरेंस योजना-उदय को नवंबर, 2015 में शुरू किया गया था जिस पर सरकारी खजाने का 400,000 करोड़ रुपया खर्च हुआ था। इसके अंतर्गत केन्द्र सरकार ने एटीएंडसी नुकसान 2015-16 में 20.7 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा था। इसमें एसीएस-एआरआर अंतर को 2015-16 में प्रति यूनिट 0.59 रुपये से घटा कर 2018-19 तक 'शून्य' करने का लक्ष्य था। लेकिन इस योजना का नतीजा निराशाजनक था क्योंकि लक्ष्य काफी दूर रह गए थे। 2019-20 में डिस्काम के एटीएंडसी नुकसान 18.9 प्रतिशत थे, जबकि 2018-19 के लिए लक्ष्य 15 प्रतिशत रखा गया था। 2019-20 में एसीएस-एआरआर अंतर 0.42 प्रति यूनिट था, जबकि 2018-19 में इसका लक्ष्य 'शून्य' था। इसके बाद से 2020-21 के दौरान एटीएंडसी नुकसान बढ़ कर 22.32 प्रतिशत हो गया, जबकि एसीएस-एआरआर अंतर 2020-21 में 0.54 प्रति केडब्लूएच हो गया। इसके उलट आरएलआरबीएसडी ने तार्किक रूप से बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

दो साल में एटीएंडसी नुकसान में लगभग 9 प्रतिशत की भारी कमी संकेत देती है कि राज्य सरकारों ने एक ओर वितरण ढांचे को मजबूत कर तथा दूसरी ओर प्रभावी निगरानी तथा सतर्कता से बिजली चोरी में काफी कमी की है। ये प्रयास जारी रहने चाहिए। राज्यों को घाटा शून्य करने का लक्ष्य बनाना चाहिए। राज्य सरकारें अपने विभागों व एजेंसियों द्वारा खर्च बिजली का त्वरित भुगतान कर भी डिस्काम का राजस्व बढ़ा सकती हैं। राज्य अपना 'सब्सिडी बकाया' अदा कर भी डिस्काम की सहायता कर रही हैं। इसमें बिजली खरीद, पारेषण व वितरण में हुए अधिक खर्च के साथ वह धनराशि भी शामिल है जो गरीब परिवारों व किसानों को मुफ्त या सस्ती बिजली देने पर खर्च होती है। इससे डिस्काम को अपने बकाये के भुगतान में सहायता मिलेगी। केन्द्र ने कर्ज देकर राज्य के वित्तीय संस्थानों, जैसे पीएफसी व आरईसी की सहायता की है। इसका उदाहरण 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' के अंतर्गत दिया 130,000 करोड़ रुपये का कर्ज है। आरएलआरबीएसडी ने अच्छी शुरुआत की है। लेकिन ऊर्जा क्षेत्र में काफी समय से लंबित सुधार किए बिना इस गतिशीलता को बनाए नहीं रखा जा सकता है। बिजली वितरण से नियंत्रण हटा कर उपभोक्ताओं को सप्लायर चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। ऐसे में राज्य उपभोक्ताओं को सीधे सब्सिडी दे सकती हैं।

# क्या चीनी मांझे पर प्रतिबंध प्रभावी हो पाया?

> अधिकारी घातक तारों के निर्माण, भंडारण और बिक्री को रोकने में बुरी तरह विफल रहे हैं, जो प्रतिबंध की अधिसूचना के बाद भी घातक मौतों की आवर्ती रिपोर्टों से स्पष्ट है।

**हसन खुर्शीद**
(लेखक, विधि पत्रकार हैं)



उत्तर 'नहीं' है क्योंकि अधिकारी घातक तारों के निर्माण, भंडारण और बिक्री को रोकने में बुरी तरह विफल रहे हैं, जो प्रतिबंध की अधिसूचना के बाद भी घातक मौतों की आवर्ती रिपोर्टों से स्पष्ट है। निष्क्रियता का कारण अधिकारियों की सुस्ती, सुस्ती या चीनी मांझा माफिया के साथ अपवित्र संबंध हो सकता है।

विशेषकर स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली में पतंग उड़ाना एक आम बात है। ऐसा कहा जाता है कि इसे सदियों पहले चीनी यात्रियों द्वारा भारत में लाया गया था। कई बार पतंग उड़ाने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं, जिससे इंसानों और पक्षियों को नुकसान और चोट पहुंचती है। पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले कांच के पाउडर और धातु-लेपित मांझे के कारण पतंग उड़ाना घातक और खतरनाक हो जाता है।

चाइनीज मांझा और बरेली का मांझा की मांग सबसे ज्यादा है क्योंकि इनसे प्रतिद्वंद्वी की पतंग को आसानी से काटना आसान हो जाता है। इन तारों की तीक्ष्णता ही मनुष्यों और पक्षियों को गंभीर और यहां तक कि घातक चोटों का कारण बनती है। हर साल ज्यादातर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित एक धर्मार्थ पक्षी अस्पताल में सैकड़ों घायल पक्षियों को इलाज के लिए लाया जाता है।

19 जुलाई, 23 को दिल्ली के पश्चिम विहार में कांच-पाउडर-लेपित चीनी मांझा (पतंग की डोर) के गले में फंसने और कट जाने से सात वर्षीय लड़की की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि उसके पिता संदीप स्कूटर चला रहे थे और लड़की आगे बैठी थी। बच्चा चलती स्कूटर से गिर गया. जानलेवा तारों से होने वाली मौतों की कहानी कोई नई बात नहीं है। भयानक घटनाओं का इतिहास रहा है कि पुलिस और अन्य प्राधिकारी गंभीर मामले को लापरवाही से लेते हैं।

24 अगस्त, 2019 को, पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में चीनी मांझे से गला कट जाने से 4 साल की एक बच्ची की कथित तौर पर मौत हो गई। पीड़िता इशिका शर्मा अपने परिवार के साथ स्कूटर से मंदिर यात्रा पर जा रही थी। इसी अवधि में, 15 अगस्त, 2019 को बाहरी दिल्ली के पश्चिम विहार में 28 वर्षीय इंजीनियर मानव शर्मा की स्कूटर चलाते समय मांझे से गला कट जाने से मौत हो गई।

2016 में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तीन जानलेवा घटनाएं हुईं, पहली घटना में, 3 साल की सांची गोयल की गर्दन एक धागे से कट गई जब वह अपने माता-पिता के साथ फिल्म देखकर लौटते समय कार की सनरूफ से बाहर देखने की जिद कर रही थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कथित तौर पर कहा था, मांझा उसकी सांस की नली समेत उसकी गर्दन को काट गया था। कट इतना गहरा था कि उसकी तुरंत मौत हो गई।

एक अन्य मामले में भी, तिलक नगर इलाके में एक 4 वर्षीय हैरी ने अपना सिर सनरूफ की खिड़की से बाहर निकाला था, जब एक आवारा धागे ने उसका गला काट दिया था। उसी दिन, 22 वर्षीय मोटरसाइकिल सवार जाफर खान की लटकती हुई चीनी पतंग की डोर से गर्दन कट जाने से मृत्यु हो गई। वह अपनी बाइक से गिर गया, उसका सिर डिवाइडर से टकराया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना पश्चिमी दिल्ली के मीना वली नगर की बताई गई है।

यहां तक कि आनंद विहार में तैनात एक सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार भी उस समय घायल हो गए जब वह इलाके में गश्त कर रहे थे। कथित तौर पर एक पतंग की डोर उसके रास्ते में आ गई और उसका गला कट गया। उसे गहरा घाव लगा. 8 जुलाई 2016 को, पुराने गाजियाबाद के ठाकुरद्वारा फ्लाईओवर पर एक अधेड़ उम्र का बाइकर खून से लथपथ पाया गया था, जिसका गला पतंग की डोर से कट गया था। बाइक सवार की मौत के अगले दिन गाजियाबाद के अधिकारियों ने चीनी मांझे पर प्रतिबंध लगा दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश जी. रोहिणी और डॉ. न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सहगल शामिल थीं, ने 11 अगस्त, 2016 को पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चीनी मांझा या किसी अन्य तेज धार वाले धागे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी।

नवंबर 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने चीनी मांझा, प्लास्टिक और नायलॉन मांझा और बरेली का मांझा, जो कुचले हुए कांच या धातु से लेपित होता है, जैसे पतंग के मांझे पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया था, जिसे 2016 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा लागू किया गया था। दिल्ली सरकार ने भारत सरकार, गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एसओ 667 के साथ पठित, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया। ई), दिनांक 10 दिसंबर 1992, 10 जनवरी 2017 को आदेश द्वारा और दिल्ली के उपराज्यपाल के नाम से निम्नलिखित निर्देशों के साथ एक अधिसूचना जारी की गई थी : बिक्री, उत्पादन पर पूर्ण प्रतिबंध होगा, नायलॉन, प्लास्टिक या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री से बने पतंग उड़ाने वाले धागे का भंडारण, आपूर्ति, आयात और उपयोग, जिसे चीनी मांझा के नाम से जाना जाता है।

हालांकि, उपर्युक्त कठोर प्रावधानों के बावजूद, कार्यान्वयन में कमी है और इसके लिए बहुमूल्य जीवन की हानि को रोकने के लिए निम्नलिखित कदमों की सबसे अधिक आवश्यकता है : जहां कहीं भी चोट/घातक चोट की घटना होती है, वहां के एसएचओ से लेकर डीसीपी तक के क्षेत्र के पुलिस कर्मियों को कानूनी रूप से जवाबदेह बनाएं।

सड़कों/पार्कों/सार्वजनिक स्थानों पर पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध लगाएं। पतंग बेचने वाले बाजारों में पुलिस गश्त करती है। साइबर विशेषज्ञों के माध्यम से प्रतिबंधित वस्तुओं की ऑनलाइन आपूर्ति पर नियंत्रण रखें।

## आप की बात

### कानूनों में बदलाव

**सरकार** ने स्मारकों, सड़कों आदि के गुलामी के समय से चले आ रहे नाम बदलने के बाद अब कानूनों के क्षेत्र में दखल दिया है। गुलामी के जमाने में गोरों ने अपनी हिफाजत के लिए जो कानून बनाए थे, पूर्ववर्ती सरकारों ने भी उनका उपयोग अपने हित साधने में किया। यही वजह है कि इन्हें आजादी के दशकों बाद भी बदलने की कोशिश नहीं की गई। राजद्रोह जैसा कानून कसर निकालने का एक बड़ा अस्त्र रहा है जिसकी सजा कई निर्दोष भुगत चुके हैं। मोदी सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी व इविडेंस एक्ट के लिए जिन नए प्रावधानों का प्रारूप बनाया है उन्हें जल्द ही स्थाई समिति से पास करवा कर लागू करना चाहिए। जिससे निर्दोष के साथ अन्याय न हो और दोषी बचे नहीं। इन कानूनों में बदलाव के साथ ही सरकार ने अगले कुछ वर्षों में अदालतों के पूर्ण कंप्यूटरीकरण का लक्ष्य भी सामने रखा है। पुलिस की कार्यप्रणाली में पहले भी काफी सुधार किए गए हैं। नए कानूनों से जहां नागरिकों को त्वरित न्याय मिलेगा, वहीं छोटे-मोटे अपराध करने वाले गरीब लोगों को सुधरने का मौका भी मिलेगा। ये कानून बदलते समय, तकनीक व सोच को ध्यान में रख कर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करेंगे।

– **अमृतलाल मारू**, इन्दौर

### स्वतंत्रता दिवस

**भारत** देश की रचना में भारतमाता की आत्मा बसती है और हमारे इस देश की अवाम, प्रकृति, संसाधन, रागरागिनी, बच्चे, बूढ़े, नवजवान और प्रहरी व किसान ही हमारी भारतमाता है। ये सुखी हैं तो भारतमाता खुश है और ये दुखी हैं तो वह दुख भारतमाता के कलेजे पर बुरा असर डालता है इसलिए भारतमाता का दामन दुख के आसुओं से नहीं बल्कि खुशियों के आंसुओं से भींगे। जरा भी उन्हें दुख ना पहुंचे, इस पर ध्यान देश के होनहार कर्णधारों को रखना होगा। देश की राजनीति में पक्ष-विपक्ष दो धुरिया हैं और लोकतंत्र की तराजू के दोनों आवश्यक अंग हैं। लोकतंत्र के मंदिर में मर्यादानुकूल वाचालता गरिमा बढ़ाती है, जबकि अतिशय बोलना उच्छ्रंखलता है। लोकतंत्र के मंदिर में उपस्थिति जन-प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि देश में अमन, शांति, सौहार्द बढ़े और महिलाओं को पूर्ण सम्मान व सुरक्षा मिले। देश की गंभीर समस्याओं से किन्हीं परिस्थितियों में भी मुंह मोड़ा नहीं जा सकता। स्वतंत्रता दिवस पर समस्याओं के समाधान के लिए आशा व विश्वास के साथ आगे बढ़ना देश के हर व्यक्ति का कर्तव्य, अधिकार व दायित्व है।

– **मदन वर्मा**, इंदौर

### चुनाव सुधार

**चुनाव प्रक्रिया** में सुधार की शुरुआत टीएन शेषन के कार्यकाल में हो गई थी। उसके बाद तीन चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के साथ कुछ न कुछ सुधार के निरंतर प्रयास जारी हैं। देश की आजादी के बाद से ही सत्ता और विपक्ष में चुनाव आयोग व अन्य संस्थानों, जैसे सीबीआई, ईडी आदि को लेकर परस्पर अविश्वास बना रहता है। सत्ता पक्ष चाहे कितनी ही निष्पक्षता बरते विपक्ष के तीखे वार उसे झेलने ही पड़ते हैं। ऐसे ही चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो गाइडलाइन दी उसमें खुद सीजीआई को भी शामिल करने का प्रस्ताव रखा। इसे केंद्र ने अध्यादेश द्वारा हटा दिया है। अब इसे लेकर फिर बहस शुरू हो गई है। सीधी सी बात यह है कि महत्वपूर्ण पदों पर निष्पक्ष अधिकारियों का चयन हो! और बाकी मशीनरी भी ऐसी हिो कि वह भी निष्पक्षता से काम करे। विपक्षी तो हारने पर कभी ईवीएम तो कभी सरकारी कर्मचारियों पर आरोप लगाते ही रहते हैं। आपत्ति और आलोचनाएं तो सदा ही बनी रहती है। जनता को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। उसे अपने विवेक से काम ले कर मतदान अवश्य करना चाहिए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### मानसिक स्वास्थ्य

**अवसाद** और तनाव से आपकी जान को भी खतरा हो सकता है। नए शोध में दावा किया गया है कि जो लोग अवसाद और तनाव से ग्रसित रहते हैं, वे कम उम्र जीते हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन और एडिनबरा विविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पाया कि हल्के तनाव से भी मौत का खतरा 16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। गंभीर तनाव के कारण यह 67 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इस शोध को ब्रिटिश चिकित्सीय जर्नल में प्रकाशित किया गया है। अवसाद व तनाव से ग्रसित लोग कम जीते हैं। इससे बचने के लिए चेहरे पर मुस्कान हमेशा बनाए रखिए। एक अध्ययन में दावा किया गया है कि मुस्कान दिल की धड़कन को कम कर तनाव से निपटने में शरीर की मदद करती है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, मुस्कुराहट न सिर्फ खुशी का संदेश है बल्कि यह जिंदगी के तनावों के लिए रामबाण की तरह भी काम करता है। मानसिक स्थिति का लगभग सभी रोगों व शरीर के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखना भी शरीर स्वस्थ रखने की तरह महत्वपूर्ण हो गया है।

–**विभूति बुपक्या**, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

# पीजीआई में आयुष व एकीकृत चिकित्सा विभाग शुरू किए जाएं

- एसजीपीजीआई की 98वीं शासी निकाय की बैठक संपन्न
- उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित कई प्रस्ताव मंजूर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव एवं संस्थान के अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान की 98वीं शासी निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भविष्य के विस्तार और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने से संबंधित कई एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया और उन्हें मंजूरी प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने एसजीपीजीआई एमएस में आयुष और एकीकृत चिकित्सा विभाग को शुरू करने के भी निर्देश दिये, जिससे संस्थान को उपचार के प्रति अधिक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी। शासी निकाय ने कुछ विभागों में फैकल्टी, सीनियर और जूनियर रेजिडेंट्स के पदों के सृजन को मंजूरी दी, जिससे एसजीपीजीआईएमएस में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के विस्तार और नए पाठ्यक्रमों में वृद्धि होगी। शासी निकाय ने इंट्राम्यूरल अनुदान को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर दिया गया। इससे संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही शासी निकाय ने संस्थान में आयोजित होने वाले विभिन्न राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों और कार्यशालाओं के लिए सांकेतिक समर्थन को भी बढ़ा दिया।

एसजीपीजीआईएमएस द्वारा आपातकालीन और रीनल ट्रांसप्लांट सेंटर के लिए 558 अतिरिक्त बिस्तर जोड़े गये हैं। शासी निकाय ने इस सुविधा के लिए आवश्यक जनशक्ति को मंजूरी दे दी है। इससे इमरजेंसी सेवाओं को चौबीस घंटे चलाने और इमरजेंसी में अधिक संख्या में लोगों को चिकित्सा की त्वरित सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री के प्रेरणादायक नेतृत्व में हाल ही में लखनऊ में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में सरकार ने जन्मजात हृदय रोगों के लिए एक विशेष केंद्र के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। शासी निकाय ने इस केंद्र के लिए संकाय और कर्मचारियों की आवश्यकताओं को मंजूरी दे दी हैए जिससे एसजीपीजीआईएमएस में सलोनी हार्ट फाउंडेशन के सहयोग से बाल कार्डियोलॉजी में उत्कृष्टता केंद्र के प्रथम चरण को शुरू करने में मदद मिलेगी।

बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमान, रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी, वित्त अधिकारी विश्वजीत राय एवं शासी निकाय के अन्य सदस्य तथा वित्त विभाग के प्रतिनिधि आदि भी उपस्थित थे।

## प्रदेश में ई ऑफिस लागू करने वाला पहला जिला बना कन्नौज

- मुख्य सचिव ने जनपद के जिलाधिकारी सहित पूरी टीम को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद कन्नौज के जिलाधिकारी और पूरी टीम को कलेक्ट्रेट में ई ऑफिस प्रणाली को लागू करने के लिये बधाई दी। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि ई ऑफिस सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली प्राप्त करने का माध्यम है। ई ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती हैए बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है। उन्होंने कहा कि ई ऑफिस प्रणाली लागू होने से समय की होगी बचतए कार्य में पारदर्शिता आएगी। ई.ऑफिस प्रक्रिया से न सिर्फ दस्तावेजों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। इसी प्रकार अन्य जनपदों को भी ई.ऑफिस प्रणाली को अपनाना चाहिये। बैठक में जिलाधिकारी कन्नौज ने बताया कि 04 जुलाई तक सभी कार्मिकों की ई.मेल आईडी जनरेट करानेए 19 जुलाई तक कन्नौज में ईएमडी मैनेजर नामित करने और पीआईएमएस डाटा की मैपिंग करानेए 03 अगस्त तक सभी विभागों के कार्मिकों के प्रशिक्षण तथा 09 अगस्त तक वीपीएन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। सभी प्रक्रियाओं को समय.सारिणी के अनुसार पूर्ण कराने के उपरान्त सोमवार को ई ऑफिस प्रणाली को कलेक्ट्रेट में लागू कर दिया गया है।

# कोनेश्वर, मनकामेश्वर, हनुमान मंदिरों में भक्तों की लगी रही भीड़

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** में सावन के छठे सोमवार को दो शुभ योग नक्षत्रों के संयोग के बीच भक्तों ने अपने आराध्य भोले बाबा की पूजा.अर्जना की। शहर के शिवालयों में भोर से ही हाथों में जल और दुग्ध पात्र, फूल, बेलपत्र लिए भक्त घंटों श्रद्धा के साथ कतारों में लगे रहे। कोनेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर, हनुमान सेतु में भक्तों की भीड़ लगी रही।

सोमवार को राजधानी के मंदिरों में भोले बाबा को कई रूपों में भव्य शृंगार किया गया। कहीं हरियाली का संदेश देने के लिए बाबा को हरी सब्जियों से सजाया गया तो कहीं बाबा को महाकाल के रूप में भांग और मेवा से शृंगार हुआ। विशेषकर कोनेश्वर मंदिर, मनकामेश्वर, हनुमान सेतु में भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से रात तक भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्रभिषेक, दुग्धाभिषेक और गंगाजल से अभिषेक कर महादेव का ध्यान धरा।

अधिक मास शिवरात्रि की भी पूजा भी हुई। सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में छठे सोमवार को बाबा का शृंगार हरी सब्जियों और फल से किया गया। शाम को भक्तों ने भजन संध्या में भोले बाबा का वंदना किया। राजेन्द्र नगर स्थित श्रीमहाकाल मंदिर में सुबह रुद्रभिषेक और भस्म आरती हुई। मंदिर व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि बाबा महाकाल का भांग व मेवा से शृंगार किया गया। भस्म आरती हुई। इसके बाद भक्तों ने जलाभिषेक किया। डालीगंज स्थित प्राचीन श्रीमनकामेश्वर मठ मंदिर में महंत श्रीदेव्यागिरी ने सुबह 251 लीटर से दूध से भगवान का अभिषेक किया। दर्शन करने वालों की लम्बी कतार लगी रही। मनीष गुप्ता और मनोज सिंह ने नि: शुल्क गंगा जल वितरण किया। चौक स्थित श्री कोनेश्वर महादेव मंदिर में शाम को 28 आचार्यो के सामूहिक मंत्रोच्चारण के बीच रुद्राभिषेक हुआ। बाबा का शृंगार किया गया ओर भक्तों के बीच ठंडाई वितरित की गई। ठाकुरगंज स्थित श्री कल्याणगिरी जी मंदिर, नादान महल रोड स्थित सिद्धनाथ मंदिर, रानीकटर के बडा शिवालय व छोटा शिवालय सहित अन्य सभी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन किए और शिवार्चन की। पिकनिक स्पाट रोड पर शिवालय, रथवाले मंदिर और फरीदीनगर के शिव मंदिर में भक्तों ने सुबह से दोपहर तक जलाभिषेक भोले बाबा किया।

# प्रदेश के 9 महलों व हवेलियों में फाइव स्टार सुविधा वाले होटल खोलने की तैयारी

- ताज, महिन्द्रा, ओबेरॉय, हयात, रमाडा, ब्रिजरमा जैसे ग्रुपों ने दिखाई दिलचस्पी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को हेरिटेज पर्यटन के लिए एक अनुकूल अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार जुटी हुई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर निजी क्षेत्र के निवेश के माध्यम से विरासत संपत्तियों को मूल गौरव के साथ पुनर्स्थापित करने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। इसके जरिए पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसरों का सृजन भी होगा। साथ ही ग्रामीण पर्यटनए संस्कृति और स्थानीय क्षेत्र के आर्थिक कायाकल्प को भी बढ़ावा मिलेगा। योगी सरकार प्रदेश के 9 महलों और हवेलियों में पर्यटकों के लिए सितारा सुविधा वाले होटल खोलने की तैयारी में है।

यूपी पर्यटन विभाग की ओर से लखनऊ के छत्तर मंजिल, मीरजापुर का चुनार का किला, झांसी का बरुआ सागर किला, लखनऊ की कोठी गुलिस्ता-ए-इरम, कोठी दर्शन विलास और कोठी रोशन, मथुरा के बरसाना जल महल, कानपुर का शुक्ला तालाब और बिठूर के टिकैतराय बारादरी को हेरिटेज होटल का रूप देने की तैयारी है। इसके लिए सरकार की ओर से तीन कैटेगरी बनाई गई हैं, जिसकी कुल प्रस्तावित न्यूनतम निवेश धनराशि 180 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग की ओर से विरासत संपत्तियों में वेलनेस सेंटर, हेरिटेज होटल, माइस एक्टिविटी सेंटर, रिजॉर्ट, म्यूजियम, हेरिटेज रेस्टोरेंट, बुटिक रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, वेडिंग टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, होम स्ट, थीमैटिक पार्क और अन्य टूरिज्म एवं हॉस्पिटैलिटी यूनिट का निर्माण कराया जाएगा।

**पर्यटन विभाग ने किया है पांच राज्यों का अध्ययन**-सरकार की ओर से प्रस्तावित इस योजना को टूरिज्म इंडस्ट्री के दिग्गजों की ओर से भी हाथों हाथ लिया जा रहा है। प्राचीन धरोहर भवनों के एडॉप्टिव रियूज और इसमें निवेश के लिए इच्छुक मुख्य होटल ग्रुप्स में लीला होटल्स, नीमराना होटल्स, इंडियन होटल्स कंपनी (ताज होटल्स), महिन्द्रा होटल्स एंड रिजॉर्ट, ओबेरॉय होटल्स, दि एमआरएस ग्रुप एंड रिजॉर्ट, ललित होटल्स, हयात रिजेंसी, सरोवर होटल्स एंड रिजॉर्ट्स, एकोर ग्रुप, टीएचएफ होटल्स, लैंजेर होटल्स, रॉयल आर्किड होटल्स, रमाडा होटल, क्लार्क होटल, ब्रिजरमा ग्रुप्स ऑफ होटल्स शामिल हैं। इन सभी ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआईद्ध) में रुचि दिखाई है। कुछ माह पहले ही लगभग 41 हेरिटेज उद्यमियों ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकर प्रदेश के विरासत भवनों में अपनी रुचि प्रदर्शित की थी। वहीं पर्यटन विभाग की ओर से भी पांच राज्यों, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, ओडिशा और राजस्थान के विरासत भवनों का अध्ययन भी किया गया है।

**संरक्षण के लिए मापदंड और दायित्व भी तय**-प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन मुकेश मेश्राम के अनुसार परियोजना के लिए सफल निविदादाता का चयन गुणवत्ता और लागत प्रणाली (क्वालिटी एंड कॉस्ट बेस्ड सेलेक्शन) के आधार पर किया जाएगा। अधिकारी के अनुसार धरोहर भवनों के संरक्षण के लिए मापदंड और दायित्व भी तय किए गए हैं। इसमें पुरातत्विक भवन का विन्यास यथावत रखने, मूल स्वरूप में कोई परिवर्तन ना करने, भवन का उपयोग उसके पौराणिक तथा ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप किए जाने, विरासत भवन के इतिहास के संबंध में विकासकर्ता द्वारा इन्फॉमेटिक साईनेजेज की स्थापना करने, स्थानीय संस्कृति, खान-पान, कला, पोशाक, व्यंजन तथा सांस्कृतिक विधाओं का प्रदर्शन, सीएसआर के अंतर्गत चयनित विकासकर्ता द्वारा निकटवर्ती ग्रामों को अंगीकृत करते हुए विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही 25 प्रतिशत स्थानीय नागरिकों को रोजगार प्रदान किया जाना शामिल है।

## नवयुग में हुआ पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



'**माटी** को नमन वीरों का वंदन' इस उद्देश्य के साथ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष में नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर लखनऊ की 19 वीं उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के दिशा निर्देशन में तथा एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में 'मेरी माटी मेरा देश' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कैडेट ललिता, कीर्ति, सोनल, अंजली, दिव्यांशी, ईशा, खुशी, पूर्णिमा, सुप्रिया, युक्ता, आरती, आयुषी, बांसुरी, अंशिका, जया, जोया, विभाग, श्रेया आदि बड़ी संख्या में कैडेट्स ने प्रतिभाग किया तथा मनमोहक पोस्टर के माध्यम से देश के वीरों को नमन किया प्निर्णायक की भूमिका महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश से डॉ अंशु शर्मा (भौतिक विज्ञान विभाग) तथा डॉ अभिषेक अवस्थी (जैव प्रौद्योगिकी विभाग) ने निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम कैडेट ललिता यादव, द्वितीय कैडेट पूर्णिमा सिंह तथा सुप्रिया गोपाल तृतीय कैडेट, सुहानी झा तथा सोनल सिंह, सांत्वना कैडेट खुशी एवं अंशिका शर्मा रहीं।

## बीओआई ने किया प्रदर्शनी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बैंक** ऑफ बड़ौदा लखनऊ महानगर क्षेत्र के तत्वावधान में लखनऊ की बैंक ऑफ बड़ौदा विभूति खंड शाखा में आज विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के अवसर पर एक प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शिनी का निरीक्षण करते हुये बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक समीर रंजन पांडा ने कहा कि 1947 में हुये विभाजन ने लाखों परिवारों को अविस्मरणीय कष्ट दिया है। एक पुरातन देश को अव्यवाहरिक भौगोलिक सीमाओं में बांट दिये जाने से बड़े पैमाने पर लोगों को अपना घर बार छोड़ कर विस्थापित होना पड़ा और लाखों परिवारों का बंटवारा एक नक्शे पर खींची गई सीमा ने कर दिया। विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के द्वारा हम न सिर्फ विभाजन के दौरान प्राण गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देते हैं बल्कि उन परिवारों के कष्ट को समझने की कोशिश करते हैं जिन्होने बँटवारे का दंश सहा है। इस अवसर महाप्रबंधक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि बटवारे की विभीषिका ने करोड़ों लोगों को प्रभावित किया।

## महर्षि भारद्वाज के आश्रम का होगा कायाकल्प

- प्रयागराज के प्रथम निवासी माने जाते हैं सप्तऋषियों में से एक महर्षि भारद्वाज, आश्रम में मौजूद सभी 12 मंदिरों का होगा पुनरुद्धार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रयागराज** के प्रथम निवासी और प्राचीन भारतीय विमान निर्माण कला पर आधाारित वैमानिक शास्त्र जैसे महान वैज्ञानिक ग्रंथों के रचयिता एवं सप्तऋषियों में से एक महर्षि भारद्वाज के आश्रम का कायाकल्प मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होने जा रहा है। संगम नगरी में महर्षि भारद्वाज का आश्रम सदियों से भारत की सनातन संस्कृति के प्रवाह को अक्षुण्ण बनाये रखे हुए है। योगी सरकार अब महर्षि भारद्वाज के आश्रम का दो चरणों में पुनरुद्धार करने जा रही है। प्रदेश के ऐतिहासिक धरोहरों का कायाकल्प करते हुए विरासत को सम्मान देने की कड़ी में ये कार्य भी बड़ी लकीर साबित होगा।

महर्षि भारद्वाज के आश्रम के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार जोन 1 और जोन 2 में बांटकर कार्य करने जा रही है। इसमें जोन 1 के अंतर्गत सड़क के चौड़ीकरण का कार्य, हिन्दू मंदिर शैली पर आधारित चाहरदीवारी, ऋषि भारद्वाज की कहानी के साथ चाहरदीवारी के मेहराबों में दीवार पर भित्तिचित्र की स्थापना, बाउंड्री वाल की रेलिंग को टेराकोटा से निर्मित किया जाना, फुटपाथ निर्माण, छाया सहित बैठने के लिए बेंच निर्माण, पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन, मार्ग प्रकाश के लिए लैंप, दुकानों का नवीनीकरण, शौचालय का नवीनीकरण, मुख्य द्वार का निर्माण, पार्किंग स्थल, रामलीला मैदान चबूतरा का नवीनीकरण, क्यूआर कोड वाले बहुभाषी ऑडियो गाइड का कार्य कराया जाएगा।

## संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा 2023 के लिए आवेदन 5 सितम्बर तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महानिदेशक** स्कूल शिक्षा विजय किरण आनन्द ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति पठन-पाठन की रूचि बढ़ाने की दृष्टि से उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषदए लखनऊ द्वारा संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिभा खोज परीक्षा 2023 आयोजित करने का निर्णय लिया गया हैं। उत्तर प्रदेश संस्कृत प्रतिमा खोज परीक्षा 2023 हेतु आवेदन 15 अगस्त से 5 सितम्बर 2023 तक किये जा सकते हैं। 24 सितम्बर 2023, दिन रविवार परीक्षा आयोजित की जायेगी तथा तथा परीक्षा परिणाम की घोषणा 5 अक्टूबर 2023 को की जायेगी। इस परीक्षा का आयोजन सचिव, उप्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के प्रबन्धन में होगा। परीक्षा के लिए आवेदन परिषद की वेबसाइट पर किया जायेगा।

# जनसमस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव

- जनसुनवाई के दौरान उप मुख्यमंत्री ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ।



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार.बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओंए दिव्यांगोंए बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधितए अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवानेए विजलीए अभियुक्तों की गिरफ्तारी करानेए आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना। जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत हरदोई, देवरिया व गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारियों व अन्य जिलों के सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## मैकेनिकल पार्किंग के लिए बजट की मंजूर, 61.10 करोड रुपए पास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमती नगर** विस्तार के सेक्टर 7 में इकाना स्टेडियम के पास दो मंजिला भूमिगत मैकेनिकल पार्किंग के लिए बजट की मंजूरी मिल गई है। अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पार्किंग के निर्माण के लिए 61.10 करोड रुपये पास हुए हैं।

सोमवार को दो मंजिला बेसमेंट मैकेनिकल पार्किंग में करीब 1000 गाड़ियां खड़ी हो सकेंगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसके लिए शासन से 61.5 करोड़ रुपये मांगे थे। इस संबंध में 31 जुलाई को अपर मुख्य सचिव आवास की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। अब बैठक के मिनट्स जारी कर दिए गए हैं। इसमें पार्किंग के निर्माण के लिए बजट देने की स्वीकृति दे दी गई है। इस पार्किंग के ऊपर पार्क भी बनाया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए अलग से प्ले एरिया विकसित होगा। ओपन जिम भी बनाया जाएगा। यह काफी हरा.भरा और खूबसूरत होगा। शासन ने पार्किंग के साथ इसके निर्माण को भी मंजूरी दे दी है।

# दोनों डिप्टी सीएम व मंत्रियों ने भी दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य समेत प्रदेश सरकार के मंत्रिगणों ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्राविधिक शिक्षा मंत्री एवं उपभोक्ता मामले आशीष पटेल, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान, कृषि-विपणन, कृषि-विदेश व्यापार, कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मंत्रीगणों ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें महान क्रांतिकारियों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने बलिदान से देश को आज़ादी दिलाई। हमें गर्व है कि हम एक ऐसे महान देश में रहते हैंए जो स्वतंत्रता की महत्वपूर्ण गाथाओं से भरपूर है। आइएए हम सभी मिलकर इस महत्वपूर्ण दिन को यादगार बनाएं और अपने देश को महान बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशवासी मेरी माटी मेरा देश तथा हर घर तिरंगा अभियान मे भाग लेकर देश के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित कर रहे है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम पूरे देश में 9 अगस्त से चलाया जा रहा है जो 30 अगस्त तक चलेगा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य शहीद हुए वीरों को सम्मान देना है। आजादी का अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान एवं एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की भी शुरुआत की गयी है। जिसके माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भारतीय नागरिक अपने निजी आवास एवं शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहरा कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की सम्मान में काफी हर्ष उल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है।

### अखिलेश ने स्वतंत्रता दिवस पर दी बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजादी के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को आजादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान के फलस्वरूप मिली है। इस आजादी की सुरक्षा में देशवासियों को आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना है।

# प्रोमोटर अपनी अन्य परियोजना में आवंटी को अविलंब कब्जा दें: यूपीरेरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्लॉट** बुक करने के 20 वर्ष बाद आवंटी को कब्जा दिलाने के लिए उप्र रेरा द्वारा अपने तरह का प्रथम प्रयास किया गया। न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा सुनवाई करते हुए प्रोमोटर को उसके अन्य विकसित और ओसी प्राप्त परियोजना में रजिस्ट्री सहित कब्जा देने का आदेश दिया गया। प्रोमोटर द्वारा आदेश का अनुपालन न किये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा सीपीसी में निहित प्राविधानों के तहत स्वयं सम्पूर्ण कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार को उप्र रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी (एडजुडीकेटिंग ऑफि सर) ने धारा-24 के तहत कब्जा दिलाने के मामलें में सुनवाई करते हुए मेसर्स उप्पल चड्ढा हाई.टेक डेवलपर्स प्रा. लि. के एक आवंटी शालिनी शर्मा को अगले 15 दिनों में अपने किसी अन्य विकसित तथा ओसी व सीसी प्राप्त परियोजना में इकाई की रजिस्ट्री सहित कब्जा देने का आदेश दिया है। इस मामलें में प्रोमोटर को 14 सितम्बर को दोबारा उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। न्याय निर्णायक अधिकारी पीठ ने लगभग 20 वर्षों से प्लॉट के कब्जे के लिए प्रतीक्षारत आवंटी के हितों का ध्यान रखते हुए प्रोमोटर को प्राधिकरण से वर्ष 2019 में पारित आदेश का अनुपालन करके अगली तिथि के पूर्व अनुपालन आख्या पीठ में जमा करने को कहा है। यदि प्रोमोटर द्वारा न्याय निर्णायक अधिकारी, उप्र रेरा के आदेश का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो पीठ द्वारा स्वयं सिविल प्रक्रिया के निहित प्राविधानों के अधीन हस्तांतरण विलेख ट्रान्सफ र डीड निष्पादित कराकर कब्जे की कार्यवाही की जाएगी। मामलें की सुनवाई करते हुए न्याय निर्णायक अधिकारी ने पाया कि प्रोमोटर द्वारा पीठ से पारित वर्ष 2019 के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है, जबकि लगभग 4 वर्षों में परियोजना पूरी की जा सकती थी, आदेशानुसार, आवंटी को वैकल्पिक इकाई उपलब्ध कराई जा सकती थी। आवंटी द्वारा प्राधिकरण को प्रोमोटर की अन्य पूर्ण परियोजनाओं से अवगत कराया गया जिससे प्राधिकरण ने प्रोमोटर को पर्याप्त तथा युक्ति.युक्त अवसर दिए जाने के बाद भी जानबूझकर आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया। गाजियाबाद निवासी आवंटी शालिनी शर्मा ने वर्ष 2019 में उप्र रेरा में शिकायत दर्ज करके प्रोमोटर से अपनी इकाई का कब्जा दिलाने की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने वर्ष 2005 में गाजियाबाद स्थित उप्पल चड्ढा हाई टेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर. 16 परियोजना में एक प्लॉट के लिए रुपये 14 लाख से ज्यादा का भुगतान किया था जिसका कब्जा 2008 में प्राप्त होना था। वर्ष 2013 में एग्रीमेन्ट फॉर सेल हस्ताक्षरित की गई लेकिन आवंटी को कब्जा नहीं मिला। उप्र रेरा के न्याय निर्णायक अधिकारी हरीश त्रिपाठी ने बताया कि आवंटियों के हितों की रक्षा के लिए प्रोमोटर्स को प्राधिकरण से पारित आदेश का अनुपालन करना होगा और नियमों की अनदेखी करने की स्थिति में उप्र रेरा नियमानुसार कार्यवाई कर घर खरीदारों के हितों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी का निर्वाहन करता रहेगा।

## रेरा के चेयरमैन संजय आर. भूसरेड्डी, सदस्य डिंपल वर्मा ने पदभार संभाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** रेरा के नए चेयरमैन संजय आर. भूसरेड्डी तथा सदस्य डिंपल वर्मा ने शनिवार को यूपी रेरा मुख्यालय में पदभार संभाला। रेड्डी ने सर्वप्रथम सभी अधिकारियों के साथ मुलाकात की और अविलम्ब एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्राधिकरण के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग को प्रस्तुत किया और चेयरमैन व सदस्य को वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। रेड्डी व वर्मा ने सभी पहलुओं को समझा और अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 15 अगस्त, 2023



# विभाजन विभीषिका दिवस : विकास भवन में लगी प्रदर्शनी विधायक, जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ, अवलोकन

- त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों के लिए रखा मौन
- प्रदर्शनी में विभाजन के दौरान की करुणामय स्थितियों का चित्रण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सोमवार** को जिलेभर में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विकास भवन में विधायक सदर योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह के संग फीता काटकर विभाजन विभीषिका प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। विधायक ने अफसरों, जनसामान्य संग विभाजन विभीषिका दिवस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के संबंध में जनप्रतिनिधियों को जरूरी जानकारी दी। इसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक याद करने का अवसर है, जिनका जीवन देश के बंटवारे की बलि चढ़ गया। यह दिन उन लोगों के कष्ट और संघर्ष की भी याद दिलाता है, जिन्हें विस्थापन का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ा। ऐसे सभी लोगों को शत-शत नमन है। यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत के लोग आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए अपनी मातृभूमि के उन बेटे-बेटियों को नमन करते हैं, जिनको भारत विभाजन के दौरान अपने प्राण न्योछावर करने पड़े थे। ऐसे लोगों की याद में और भारत की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों ने जो यातना सही और वेदना का स्मरण दिलाने के लिये स्मरण दिलाने के लिये आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा हैं।

बताते चलें कि शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने विकास भवन में विभाजन विभीषिका दिवस पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह प्रदर्शनी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन व सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में डीपीआरओ सोम्यशील सिंह एवं बीएसए प्रवीण तिवारी द्वारा तैयार की गई।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान व सचिव के सहयोग से निकली तिरंगा यात्रा

**संवाददाता।** रमिया बेहड खीरी



**विकासखंड** रमिया बेहड के मुख्यालय के गांव रमिया बेहड में ग्राम प्रधान मुन्नी देवी तथा ग्राम विकास अधिकारी अन्नू सिह द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती अनु सिंह राना द्वारा सोमवार को सुबह तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्रधान प्रतिनिधि बिलाल अहमद ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा हमारे देश का गौरव है कि आज हम इस तरह देश में स्वतंत्र हैं यह यात्रा सुरेश त्रिपाठी के घर से होते हुए गांव की गलियों में रैली निकाली गई इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती अन्नू सिंह राना ने बताया कि यह महोत्सव भारत की जनता को समर्पित है जिन्होंने केवल भारत को विकास यात्रा को आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि उसके भीतर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी 2.0 को सक्रीय करने के दृष्टिकोण को संभव बनाने की शक्ति और क्षमता भी है जो आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को प्रेरित करता है आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक पहचान को प्रगति की ओर ले जाने वाली सभी चीजों का एक मूर्त रूप है आजादी का अमृत महोत्सव की आधिकारिक यात्रा की शुरुआत 12 मार्च 2021 को हुई थी इस यात्रा के साथ ही सभी नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी भी दी गई और बताया कि सभी नागरिक अपने कूडे को कूड़ेदान में ही डालें तथा यह सारा कूड़ा करकट आपकी पंचायत में बने आर आर सी सेंटर में पहुंचाया जाएगा आप लोग कूडा करकट इधर-उधर बिल्कुल ना फेक और अपनी ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने में पूर्ण सहयोग दें यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है इस यात्रा में ग्राम प्रधान मुन्नी देवी तथा प्रधान प्रतिनिधि बिलाल अहमद रोजगार सेवक विष्णुपद सद्दाम अंसारी गुरु चरन नेता सरस्वती ज्ञान मंदिर के प्रधानाचार्य भानु शुक्ला राकेश तिवारी चंपू भारती मुनेश कुमार तथा काफी संख्या में ग्रामीण एवं विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे शामिल रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने निकाली तिरंगा रैली



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत जिलेभर में तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग की अगुवाई में आदर्श मूकबधिर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति गानों की धुन पर शानदार तिरंगा रैली निकाली। इस दौरान संस्था स्टाफ, विशेष शिक्षक ने सभी दिव्यांग बच्चों का पूर्ण सहयोग किया।

आजादी के जश्न में दिव्यांगजन भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव पर इस तरह के आयोजन से दिव्यांगजनों में भी देश प्रेम का जज्बा जागृत होता है और वह अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसी कड़ी में दिव्यांग बच्चों द्वारा बड़े ही उमंग, उल्लास के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने तिरंगा रैली में शामिल बच्चों का का उत्साह बढ़ाया। कहा कि देश के नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से ही यह रैली निकाली जा रही है। उन्होंने जनपदवासियों से आजादी का अमृत महोत्सव पूरे जोश, उल्लास के साथ घर तिरंगा फहराने की अपील की।

# राजा झंडी के यहां एक माह पूर्व चोरी का खुलासा करने में नाकाम झंडी पुलिस

**निघासन - खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी झंडी राज की करतूतों का कोई जवाब नहीं। बताते चलें कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सहसंयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह के यहां लगभग एक माह हुई बड़ी चोरी की घटना का अनावरण झंडी पुलिस इस समाचार के लिखे जाने तक नहीं कर पाई है , गौरतलब है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध और अपराधियों को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं



लेकिन झंडी पुलिस भाजपा के प्रदेश लेबल के बड़े और सम्मानित नेता के यहां हुई चोरी की घटना को अभी तक दबाए बैठी है । ज्ञातव्य है कि भाजपा के प्रदेश सह संयोजक के आवास पर कुछ दिन पहले एक बड़ी चोरी की घटना हुई थी जिसमें चोरों ने एक लाख की नगदी व लाखों के जेवर पार कर दिए थे , मामला चूंकि राजा साहब का था इसलिए आला अधिकारियों ने फारेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौका मुआयना किया था लेकिन लम्बा अरसा बीत जाने के बावजूद झंडी पुलिस घटना का अनावरण नहीं कर पाई है ।

# समाजवादी अल्पसंख्यक सभा जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

## पूर्व विधायक जय चौबे ने सैय्यद फिरोज अशरफ का किया स्वागत



**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष जनाब सैय्यद फ़िरोज अशरफ की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय खलीलाबाद पर आवश्यक बैठक हुई। जिसका संचालन अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव मोहम्मद इमरान खान ने किया। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया गया। जिलाध्यक्ष सैय्यद फ़िरोज अशरफने कहा कि समाजवादी पार्टी 2024 लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करायेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम साहब, जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, पूर्व विधायक जय चौबे, पूर्व जि0पं0अ0 संतोष यादव, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष गौहर अली, वरिष्ठ नेता सुनील सिंह, लोरिक यादव, रामदरश यादव, जावेद अहमद, जयराम पाण्डेय, विजय जायसवाल, रमेश यादव, इसरार अहमद, एखलाक अहमद, अजीजुर्रहमान, असलम अंसारी, मो0 इशहाक अंसारी, शमशेर खन, अरविन्द वर्मा, साद खान, राहुल यादव बादल, मोबीन खान, अबरार आलम, काजी इफ्तेखार अहमद, मेराज खान, हसन रजा, जैदी, अब्दुल वहाब, मो0 हुसेन, सैयद तारिक हुसैन, सद्दाम हुसैन, हाफ़िज़ मो0 रिजवान, इरफ़ान अहमद, काजी तनवीर अहमद, अब्दुल रूई प्रधान आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ में तैनात सिपाही ने पत्नी को घर से निकाला

**बरेली।** दहेज की मांग पूरी न होने पर लखनऊ में तैनात सिपाही ने पत्नी को घर से निकाल दिया और कचहरी पर मायके वालों को बुलाकर युवती को रखने से साफइनकार कर दिया आईजी के निर्देश पर पुलिस ने ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जा शुरू कर दी ।सुभाषनगर निवासी एक पिता ने अपनी बेटी का विवाह 14 नवंबर 2021 को बहेड़ी के आमेंद्र कुमार के साथ की थी आमेंद्र पुलिस विभाग में सिपाही है और लखनऊ में तैनात है विवाह के बाद से ही पति,ससुर, देवर,सास,ननद कम दहेज का ताना मारने लगे दहेज की मांग पूरी न होने के कारण युवती को घर से निकाल दिया गया 24 जुलाई को समझौते की बात करने के लिए युवती के मायके वालों को कचहरी बुलाया मायके वालों ने जब पूछा कि उनकी बेटी को घर से क्यो निकाल दिया तो ससुरालियों ने जबाव दिया कि आमेंद्र पुलिस विभाग में है विवाह उनके मन मुताबिक नहीं हुई उन्होंने बहू को घर में रखने से साफइनकार कर दिया ।


## रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड

सीआईएन : एल74899डीएल1976पीएलसी008036
पंजी. कार्यालय : यूनिट नंबर 8, भू तल, पाकेट एम, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076
फोन : 011-47366600, ई-मेल : info@rotoindia.co.in वेबसाइट : www.rotoindia.co.in

30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु
अ-लेखापरीक्षित पृथक्कृत वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| विवरण | तिमाही समाप्त 30-06-2023 (अ-लेखापरीक्षित) | तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अ-लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 39.49 | 5.28 | 20.60 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 0.97 | 1.47 | 2.09 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.97 | 1.47 | 2.09 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 0.97 | 1.47 | 1.55 |
| अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 0.97 | 1.47 | 1.57 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 360.13 | 360.13 | 360.13 |
| प्रति शेयर अर्जन मूल एवं तनुकृत (वार्षिककृत नहीं) | 0.03 | 0.04 | 0.04 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.rotoindia.co.in पर उपलब्ध है।
2. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015, कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) (संशोधन) नियमावली, 2016 द्वारा संशोधित के अधीन अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामो की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 14-08-2023 को सम्पन्न उनकी बैठक में किया गया है।

वास्ते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
साक्षी जैन
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-08-2023


# अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**बार** काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर प्रदेश में हो रहे अधिवक्ताओं की हत्या और उत्पीड़न के खिलाफ सोमवार को जिले के अधिवक्ताओं ने विरोध दिवस के रुप में मनाया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को कलेक्ट्रेट में जा कर दिया आज सुबह दीवानी कचहरी में जिले के अधिवक्ता एकत्रित हुए और दीवानी न्यायालय से होते हुए स्टेडियम गेट के रास्ते कलेक्ट्रेट पर पहुंचे और रास्ते में अधिवक्ता एकता जिंदाबाद अधिवक्ताओं के हत्यारों को फांसी दो के नारे लगाते हुए पैदल ही बड़ी संख्या में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट में एडीएम स्वयं आकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन लिया। ज्ञापन में कहा कि हम अधिवक्ताओं के विरुद्ध आए दिन तरह तरह की घटनाएं हो रही है। जिससे प्रदेश भर के समस्त अधिवक्ता स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं हाल ही में अलीगढ़ सुल्तानपुर में अधिवक्ता की हत्या कर दी गई और तमाम जिलों के अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया गया। इसलिए अधिवक्ता समाज व्यथित एवं मर्माहत है हम अधिवक्ता गण तमाम समस्याओं से ग्रसित रहते हुए भी वादकारी को न्याय प्रदान करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते चले आ रहे हैं। बावजूद इसके आज तक अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु कोई मुकम्मल व्यवस्था शासन द्वारा ना होने के कारण ही हम अधिवक्ताओं के विरुद्ध हिंसात्मक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है ऐसे में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं प्रभावी कार्यवाही अमल में लाने हेतु एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की नितांत आवश्यकता है।

साथ ही साथ उपरोक्त घटनाओं में सम्मिलित आरोपियों के विरुद्ध फांसी की सजा की मांग अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष माहीप बहादुर पाल, महामंत्री चतुर जी शुक्ल, जनपद बार महामंत्री सुनील कुमार पांडे, मोहम्मद मोकर्रम खान, शकील अहमद दुर्गेश नारायण मिश्र, राकेश जी मिश्र, देवेंद्र लाल श्रीवास्तव, सैदा हुसैन, राम अवतार यादव, दिनेश चंद्र राय, सन्तोष वर्मा, अतुल महेंद्र कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।


**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Mala Devi is claiming owner of Property Bearing No. A-60, area measuring 50 sq. yds., out of Khasra No. 456, Situated At Village Saboli, In The Abadi of A-Block, Gali No.2, Saboli Extn., Illaqa Shahdara, Delhi "Said property" by virtue of GPA, Agreement to sell and will dated 08.11.2001, executed by Mr. Jitender Jain, All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property and someone want to purchase the same by taking Home loan from our client. if anybody has any objection/s upon the said property, and its ownership / its sale and mortgage and ownership of Mrs. Mala Devi, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com



## सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : डेल्टन हाउस, 4801, भरत राम रोड 24, दरियागंज, नई दिल्ली-110002, (भारत)
फोन : 91-11-23273907, सीआईएन : एल74899डीएल1980पीएलसी060079
30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही हेतु
अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण (रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30-06-2023 (अलेखापरीक्षित) | पृथक्कृत तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) | समेकित तिमाही समाप्त 30-06-2023 (अलेखापरीक्षित) | समेकित तिमाही समाप्त 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | समेकित वर्ष समाप्त 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आय | | | | | | |
| | प्रचालन से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | - | 4.70 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (1.31) | (1.07) | (3.50) | (1.41) | (2.14) | 1.12 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर से पहले (कर पश्चात, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (1.31) | (1.07) | (3.50) | (1.41) | (2.14) | 1.12 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ, कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात और अल्प हित के पश्चात) | (1.31) | (1.07) | (13.88) | 41.99 | (2.14) | 75.32 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/हानि (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 23.04 | 1.45 | 19.53 | 134.91 | 0.55 | 204.59 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/- प्रति शेयर) | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 | 24.00 |
| 7 | प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | | |
| | मूल | (0.55) | (0.45) | (5.78) | 17.49 | (0.89) | 31.38 |
| | तनुकृत | (0.55) | (0.45) | (5.78) | 17.49 | (0.89) | 31.38 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस) के अनुसार तैयार किए गए है, जैसाकि कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 के तहत अधिसूचित, कम्पनी अधिनियम-2013 की धारा 133 के तहत विनिर्दिष्ट है।
3. उपरोक्त अलेखापरीक्षित पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण और अनुमोदन कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 14-08-2023 को सम्पन्न उसकी बैठक में किया गया है।

कृते एवं हिते निदेशक मंडल
सनेह इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड
हस्ता./-
विवेक गुप्ता
(निदेशक)
डीआईएन : 00035916

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 14-08-2023



## HIMALAYA FOOD INTERNATIONAL LIMITED

Regd. Office: 118, 1st Floor, 12 Gagandeep Building, Rajendra Place, New Delhi-110008
Tel. +91 11 45108609, Fax: +91 1704 225178
E-mail id: cs@himalyainternational.com | website: www.himalayafoodcompany.com

EXTRACT OF UN-AUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2023

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended June 30, 2023 (Unaudited) | Quarter Ended March 31, 2023 (Audited) | Quarter Ended June 30, 2022 (Unaudited) | Year ended March 31, 2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 1052.90 | 4293.80 | 1626.96 | 9751.16 |
| 2. | Net Profit for the period (beforetax & exceptional items) | 55.04 | (3178.83) | 374.85 | (2470.76) |
| 3. | Net Profit for the period before Tax (after exceptional items) | 55.04 | (3178.83) | (275.15) | (2470.76) |
| 4. | Net Profit for the period after Tax (afterexceptional items) | 55.04 | (3178.83) | (275.15) | (2419.76) |
| 5. | Total Comprehensive income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 55.04 | (3127.83) | (275.15) | (2419.76) |
| 6. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per share) | 55.04 | (3127.83) | (275.15) | (2419.76) |
| 7. | Earnings Per Share | | | | |
| i) | Basic in Rs. | 0.10 | -5.40 | -0.48 | -4.18 |
| ii) | Diluted in Rs. | 0.10 | -5.40 | -0.48 | -4.18 |

Notes:
1. The above unaudited results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at its meeting held on Monday, August 14, 2023.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange BSE Limited (www. bseindia.com) and the Company Website (www.himalayafoodcompany.com).
3. Additional information on standalone financial results is as follows:

(in lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended June 30, 2023 (Unaudited) | Quarter Ended March 31, 2023 (Audited) | Quarter Ended June 30, 2022 (Unaudited) | Year ended March 31, 2023 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Income from Operations | 1052.90 | 4293.80 | 1626.96 | 9751.16 |
| 2. | Profit before tax | 55.04 | (3178.83) | (275.15) | (2470.76) |
| 3. | Profit after tax | 55.04 | (3127.83) | (275.15) | (2419.76) |

For and on behalf of the Board
Sd/-
Man Mohan Malik
Managing Director
(DIN: 00696077)

Date:14.08.2023
Place:Delhi



## स्टारलिट पावर सिस्टम्स लिमिटेड

Starlit Power Systems Limited
सीआईएन - L37200DL2008PLC174911
पंजी. कार्य एवं कार्यस्थलः ए-1/51, एलजीएफ, सफदरजंग एन्क्लेव नई दिल्ली -110029

30 जून 2023 को समाप्त अवधि के लिए
लेखा परीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(ईपीएस डेटा को छोड़कर राशि लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्ति तिमाही 30-06-2023 (गैर लेखा-परीक्षित) | समाप्ति तिमाही 31-03-2023 (लेखा-परीक्षित) | समाप्ति तिमाही 30-06-2022 (गैर लेखा-परीक्षित) | समाप्ति वर्ष 31-03-2023 (लेखा-परीक्षित) | समाप्ति वर्ष 31-03-2022 (लेखा-परीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल रेवेन्यू (1+2) | 4.95 | 72.91 | 9.31 | 97.00 | 890.80 |
| 2 | वित्त लागत के बाद और असाधारण मद से पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ (3-4) | -79.07 | -90.74 | -74.95 | -323.68 | -304.59 |
| 3 | कर से पूर्व सामान्य गतिविधियों से लाभ (5-6) | -79.07 | -90.74 | -74.95 | -323.68 | -304.59 |
| 4 | कर पश्चात लाभ (7-8) | -79.07 | -1,106.73 | -74.60 | -1,359.96 | -233.19 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (9+10) | -79.07 | -1,106.73 | -74.60 | -1,359.96 | -233.19 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 10रु प्रति शेयर का अंकित मूल्य) | 1,006.50 | 1,006.50 | 1,006.50 | 1,006.50 | 1,006.50 |
| 7 | प्रति इक्विटी शेयर मूल और डायल्यूटिड आय [शेयर का नाममात्र मूल्य 31 मार्च, 2019: रु 10/- (31 मार्च, 2018: रु 10/-)] | | | | | |
| | 1) बुनियादी | -0.08 | -1.10 | -0.07 | -1.35 | -0.23 |
| | 2) डायल्यूटिड | -0.08 | -1.10 | -0.07 | -1.35 | -0.23 |

नोट:
1. 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 14 अगस्त 2023 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा रिकॉर्ड पर लिया गया है।
2 इंड एएस -108 (एएस -17) द्वारा आवश्यक सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है, क्योंकि 100% राजस्व विनिर्माण के एक खंड से आता है।
3. यह विवरण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) की धारा 133 के तहत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) के अनुसार तैयार किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य मान्यता प्राप्त लेखांकन प्रथाओं और नीतियों को लागू सीमा तक।
4. वर्तमान अवधि के आंकड़ों की पुष्टि करने के लिए पिछली अवधि के आंकड़ों को पुनर्संयोजित/पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
5 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त परिणाम कंपनी की वेबसाइट यानी www.starlitlead.com और बीएसई लिमिटेड पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल की ओर से और उसकी ओर से
सीए (आईपी) रेशमा मित्तल
समाधान पेशेवर
(माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा पारित 20.03.2023 के आदेश के अनुसार सीआईआरपी के तहत)
स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14.08.2023

कमलजीत सिंह जसवाल
निदेशक (विद्युत निलंबित)



## RAMPUR FERTILIZERS LIMITED

Registered Office: Judges Bareilly Road, Rampur 244 901 (U.P.).
CIN: L15136UP1988PLC010084, Email id- info@rampurfert.com,

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 30 JUNE 2023

(Rs. In Lacs)

| S. No. | Particulars | Standalone Quarter Ended 30.06.2023 Unaudited | Standalone Quarter Ended 31.03.2023 Unaudited | Standalone Quarter Ended 30.06.2022 Unaudited | Standalone Year Ended 31.03.2023 Audited | Consolidated Quarter ended 30.06.2023 Unaudited | Consolidated Year ended 31.03.2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 630.56 | 443.51 | 1375.23 | 3230.03 | 630.56 | 3230.03 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional items) | -53.75 | -320.06 | 175.37 | -331.54 | -53.75 | -331.54 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax, after exceptional items | -53.75 | -320.06 | 175.37 | -331.54 | -53.75 | -331.54 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax | -53.75 | -283.77 | 175.37 | -338.2 | -53.75 | -338.2 |
| 5 | Net Profit/(Loss) for the period after comprehensive income | -53.75 | -286.00 | 175.37 | -345.54 | -53.75 | -345.54 |
| 6 | Net Profit / (Loss) after Share of Profit / (Loss) of Associates | -53.75 | -286.00 | 175.37 | -345.54 | -50.37 | -334.75 |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 | 494.82 |
| 8 | Earnings/(loss) per share (of Rs. 10/- each) (not annualised, in Rs.) for continuing and discontinuing operations: (i) Basic / Diluted" | -1.09 | -5.78 | 3.54 | -6.98 | -1.02 | -6.77 |

NOTES: The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results is available on the Company's website at www.rampurfert.com and the same has been also sent to Stock exchanges, i.e. CSE and MSE to upload on website i.e. www.cse-india.com and www.msei.in respectively.

By order of the Board
Sd/-
Anshuman Khaitan
(Managing Director)

Place: Rampur
Date : 14.08.2023

# पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को उमड़ा शिव भक्तों की आस्था का सैलाब

● सुरक्षा के साये में शिवभक्तों ने किया स्वामी मत्तगजेंद्र नाथ का जलाभिषेक



संवाददाता। चित्रकूट

**पुरुषोत्तम** मास के अंतिम सोमवार में रामघाट स्थित मत्यगयेंद्रनाथ मन्दिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा। हर-हर महादेव से धर्मनगरी गूंज उठी। भीड़ को काबू करने को पुलिस बल तैनात रहा।

सोमवार को सवेरे से ही शिव भक्त मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर जलाभिषेक को पहुंचने लगे। एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर भारी पुलिस बल श्रद्धालुओं की सुरक्षा को तैनात रहा। शिव भक्तों को कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगाकर व्यवस्थित ढंग से जलाभिषेक कराया जा रहा है। शिवपुराण के अनुसार श्रृष्टि आरंभ पूर्व ब्रम्हाजी ने 108 कुंडीय यज्ञ किया था। भगवान शिव प्रकट हुए थे और ब्रम्हाजी के आग्रह से शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान हुए थे। यहां पर चार शिवलिंग एक ही जलहरी में विराजमान हैं। ऐसा दर्शन पूरे विश्व में नही हैं। शिवपुराण अनुसार चारो शिवलिंग अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष को देने वाले हैं।

इसी क्रम में पुरुषोत्तम मास के आखिरी सोमवार को जिले के पहाड़ी में प्रसिद्ध/ऐतिहासिक तपोस्थली पालेश्वर नाथ महाराज में भक्तों का तांता लगा। भगवान भोलेनाथ से जुड़ा ये जिले का बेहद प्रसिद्ध स्थल है। पर्यटन की मुख्य धारा से इसे जोड़ना आवश्यक है। सबसे खास बात ये है कि सवेरे चार बजे से ही इस स्थल पर स्थानीय लोगों का हुजूम जुटा था। प्रतिदिन यहां भीड़ रहती है। बताते हैं कि किसी भी संकट की स्थिति में पालेश्वर बाबा की कृपा लोगों पर बनी रहती है।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर तिरंगा झंडा लेकर निकाली यात्रा



संवाददाता। कोंच, जालौन

**सारा** देश आजादी की वर्षगांठ को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इसी को लेकर हर घर झंडा अभियान और तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जा रहा है। हर आम और खास देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को नगर के वार्ड नं. 19 नया पटेल नगर में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों संग मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली।

विधायक ने वार्ड में प्रत्येक घर पर अपने हाथों से तिरंगा झंडा लगाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अँग्रेजी हुकूमत से वर्षों के कड़े संघर्ष के बाद हम भारतीय नागरिकों को आजादी प्राप्त हुई है, हम सभी का कर्तव्य है कि आजादी के इस महा उत्सव में शामिल होकर अमर शहीदों को याद करें। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में सबसे पहले राष्ट्र बसता है इसलिए आजादी के इस महा उत्सव में सहभागिता हेतु प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को प्रेरित किया है।

वहीं दूसरी ओर क्षत्रिय और अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित की गई तिरंगा यात्रा मुरली मनोहर मंदिर से आरंभ हुई।

# अवैध परिवहन रोकने को सख्ती से उठाएं कदमः जिलाधिकारी

● डीएम अभिषेक आनंद ने की विकास कार्यों की प्रगति समीक्षा

● अवैध परिवहन पर निगरानी हेतु सपर्क मार्ग का किया निरीक्षण



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर के सभागार में संपन्न हुई।

समीक्षा बैठक में अंतर राज्यीय /अंतर्राष्ट्रीय मार्ग पर गेट व प्रकाश की व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि इसमें कांट्रेक्टर से कह कर प्रगति कराएं। मऊ बरगढ़ में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के निर्माण में कार्य पूर्ण होने की स्थिति में उन्होंने विद्युत एक्शियन को निर्देशित किया कि इसमें जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन कराएं है। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि इसको लोकार्पण की सूची में ले लिया जाए। इटावा मारकुंडी मार्ग पर गेट व प्रकाश की व्यवस्था के संबंध में उन्होंने कार्यदायी संस्था से कहा कि सितंबर तक कार्य पूर्ण नहीं होगा तो अग्रिम समय नहीं दिया जाएगा।

अंतर्राज्यीय/अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दो लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश का कार्य कर्वी-देवांगना हवाई पट्टी हनुमान धारा मार्ग व भरतकूप-गोंडा में बन रहे संपर्क मार्ग पर अवैध परिवहन पर निगरानी रखने को चेक गेट शिवरामपुर का जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निरीक्षण किया। उन्होंने भरतकूप-गोंडा में बन रहे संपर्क मार्ग की आरसीसी रोड का निरीक्षण किया।

## मऊ में धूमधाम से निकाली गई तिरंगा यात्रा



**चित्रकूट।** जिले के मऊ-मानिकपुर विधायक अबिनाश चन्द्र दिवेदी के आवास से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ होकर बस स्टैन्ड से तहसील परिसर पहुंची। तहसील से मानव श्रंखला बनाकर बस स्टैन्ड होते हुऐ तहसील वापस जाकर तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस मौके सांसद आर के सिंह पटेल, मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष राजभूषण द्विवेदी, नगर पंचायत मऊ अध्यक्ष अमित द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता के साथ हुआ आजादी के अमृत महोत्सव का समापन



**उरई,** जालौन। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के समापन समारोह के उपलक्ष्य जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के क्रम में सोमवार को चित्रकला, रंगोली, फोटोग्राफी प्रतियोगिता का अयोजन टाउन हॉल तथा राजकीय इंटर कॉलेज उरई में किया गया।

सीनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में 75 छात्रों ने तथा रंगोली प्रतियोगिता में 35 छात्रों ने जबकि जूनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में 71 छात्रों ने एवं रंगोली प्रतियोगिता में 32 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल में सीनियर वर्ग में डा. ममता वर्मा, रोहित विनायक, देवेंद्र कुमार, श्रीमती निशा दुबे श्रीमती मनीषा सिंह, अभिलाष तिवारी एवं जूनियर वर्ग में दीनबंधु द्विवेदी, श्यामजी पांचाल, रोहित कुमार सुश्री रेखा सोन ने प्रतिभागियों की प्रतिभा का आंकलन किया। इसीक्रम में सीनियर वर्ग में चित्रकला में राम हर्ष सोनी डीएवी इंटर कॉलेज उरई ने प्रथम स्थान, साक्षी बाल भारती इंटर कॉलेज उरई ने द्वितीय स्थान तथा आदर्श कुमार राज माता वैष्णी जू देवी इंटर कॉलेज जगम्मनपुर तथा सचिन इंटर कॉलेज इटौरा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बीकेडी में देशभक्ति म्यूजिकल बैंक कार्यक्रम का आयोजन



**उरई,** जालौन। आजादी शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी चांदनी सिंह के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को जनपद जालौन में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत रथ यात्रा का आगमन हुआ। जिसका पहला प्रोग्राम बीकेडी पब्लिक स्कूल में अमृत रथयात्रा के अधीन देशभक्ति म्यूजिकल बैंड कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति गानों का कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया गया। बीकेडी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं व स्कूल प्रबंधक अजय इटोरिया द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने अमृत रथ यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला विकसित भारत का लक्ष्य गुलामी से मुक्ति अपनी विरासत पर गर्व एकता और एकजुटता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना उत्पन्न करना ही पंच प्रण है। स्वतंत्रता आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए क्रांतिकारियों के शौर्य बलिदान को याद किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली अमर शहीद नमन यात्रा

● शहीदों की कुरबानियां याद दिलाने के लिए निकाली गईं झांकियां



संवाददाता। फतेहपुर

**सरस्वती** बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम के छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महापुरुषों एवं देश की सरहदों की सुरक्षा में अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीदों की कुर्बानी का स्मरण कराने एवं उनके बलिदान को नमन करने के उद्देश्य भव्य झांकियां के साथ अमर शहीद नमन यात्रा निकाली गई। रैली झांकियों की दृष्टि से चार खंडों में बांटी गई।

प्रथम खंड में अपने देश की विभिन्न प्रांतों की संस्कृतियों की झांकी का द्वितीय उपखंड में मेरा देश तो है वीरों की खान इस झांकी में भारत माता के विभिन्न अमर सपूतों के वेश में महापुरुषों की झांकियां जनमानस को रोमांचित व प्रेरित कर रही थी। तृतीय खंड में सामाजिक संवेदना को रेखांकित करते हुए पर्यावरण की भव्य झांकी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयत्न कर रही थी।

चतुर्थ खंड में तीनों सेनाओं की समस्त टुकड़ी भारत की सैन्य शक्ति का दर्शन करा रही थी। यात्रा में सबसे आगे भारत माता के लाल की अगवानी बैंड बजाते हुए बच्चियां कर रही थी। उसके पीछे सैकड़ों की संख्या में तिरंगी वेश में सुसज्जित बच्चियां राष्ट्रीयता का संचार कर रही थीं। यात्रा में भगवान भोलेनाथ की झांकी स्वयं गरल पीकर दूसरों को अमरता प्रदान करने का संदेश दे रही थी। सभी बच्चे प्रेरणा प्रेरक गीत हम भारत के वीर सिपाही आगे बढ़ते जाएंगे, उठो नौजवानों जगाने तुम्हें नव विहान आ गया है उठो जवानों तुम्हें बुलाती माटी हिंदुस्तान की अपने आजाद भारत की हमको कसम आदि गाते हुए चल रहे थे।

## क्विक न्यूज

### भाजपा नेताओं ने मनाया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस



**चित्रकूट।** टाउनहॉल कर्वी में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विभाजन बाबत प्रदर्शनी व अभिलेख का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि किया। विशिष्ट अतिथि/दिव्यांग विश्वविद्यालय कुलपति डॉ शिशिर पांडेय व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि मौजूद रहे। सोमवार को भाजपा नेताओं ने भारत विभाजन बाबत गोष्ठी की पीड़ा से युवा पीढ़ी को अवगत कराया। लगाई चित्र प्रदर्शनी लोगों ने देखी। हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर चला चेकिंग अभियान

**फतेहपुर।** स्वतंत्रता दिवस का जश्न कल समूचे जनपद में मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियों को जहां अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस, एलआईयू, जीआरपी व आरपीएफ भी सक्रिय है। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस एवं एलआईयू की संयुक्त टीम ने जांच अभियान चलाया। यात्रियों के सामानों की सर्च मिरर व मेटल डिटेक्टर से जांच की गई। सोमवार की सुबह एलआईयू इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निकले। टीम ने प्रातःकाल रेलवे स्टेशन में जीआरपी व आरपीएफकी टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की सर्च मिरर व मेटल डिटेक्टर के जरिए जांच-पड़ताल की। अभियान को लेकर लोगों के बीच कौतूहल भी बना रहा।

### उत्पीड़न के विरोध में वकीलों ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**कोंच, जालौन।** अधिवक्ताओं की हत्या और उत्पीड़न के मामलों में बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के आह्वान पर कोंच बार असोसिएशन के वकीलों ने कड़ा विरोध जताया और दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर वकीलों ने कहा, सुल्तानपुर के अधिवक्ता आजाद अहमद, प्रतापगढ़ के युवा अधिवक्ता अब्दुल मुनीस की निर्मम हत्या तथा जौनपुर में अधिवक्ताओं के उत्पीड़न की घटनाओं ने अधिवक्ता समाज को झिंझोड़ कर रख दिया है। ऐसे में बार काउंसिल ऑफउत्तर प्रदेश के आह्वान पर समूचे प्रदेश में वकीलों द्वारा विरोध दिवस मनाया जा रहा है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटें।

### कोतवाली पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनामी दबोचा

**चित्रकूट।** वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने 25 हजार रुपये के इनामी अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के वांछित अमित तिवारी पुत्र मइयादीन तिवारी निवासी अशोह थाना पहाड़ी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमित तिवारी तीन माह से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। टीम में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय कोतवाली कर्वी, दरोगा पवन कुमार प्रधान, सिपाही गोलू भार्गव व अमित दुबे शामिल रहे।

### दुकान में घुसकर नगदी व सामान किया चोरी

**कोंच, जालौन।** कोतवाली से करीब 250 मीटर की दूरी पर एक कनफेक्शनरी की दुकान में बीती रात टीन शैड के रास्ते घुसे अज्ञात चोर नगदी समेत सामान चोरी कर ले गए। कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित दुकानदार गौतम सिंह पुत्र परशुराम रायकवार निवासी भगत सिंह नगर ने बताया कि वह कैलिया बस स्टैंड पर कनफेक्शनरी की दुकान खोले हुए है। रविवार की रात करीब 11 बजे वह दुकान में ताला डालकर अपने घर चला गया। सोमवार की सुबह 8 बजे रोज की तरह ही उसने दुकान खोली और अंदर जाकर देखा तो दुकान के ऊपर टीन शैड खुला हुआ था और गोलक में रखे 7 हजार रुपये व बोरी में रखा करीब 4 हजार रुपये का सामान मौके से गायब था। उक्त घटना की सूचना उसने फौरन ही डायल 112 पुलिस सहित खेड़ा चौकी को दी।

### प्राथमिकता पर होगा नून नदी पुनरुद्धार कार्यः डीएम

**कानपुर देहात।** अकबरपुर लोक सभा सांसद देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता व जिलाधिकारी नेहा जैन की उपस्थिति में अकबरपुर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रहनियांपुर में नून नदी उद्गम स्थल पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नून नदी के उद्गम स्थल पर सांसद व डीएम द्वारा हरिशंकरी को रोपित कर पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर सांसद देवेन्द्र सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नून नदी पुनरूद्धार एक पुनीत कार्य है। इस कार्य से सम्बन्धित सभी पक्ष अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें। नून नदी को उसके पुराने स्वरूप में वापस लाकर हम एक मिसाल प्रदेश के सम्मुख रख सकते है।

# श्रावण मास के छठे सोमवार को भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

संवाददाता। जालौन, उरई



**सावन** मास के छठे सोमवार को नगर में श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा निकाली। जालौन सेवा समिति के पदाधिकारी व सदस्य भी कांवड़ यात्रा में सम्मिलित रहे।

सावन के छठे सोमवार को महाकालेश्वर महादेव मंदिर चुर्खीबाल में जल अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जल अभिषेक कार्यक्रम से पूर्व नगर में उरई रोड स्थित वीर बालाजी हनुमान मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। जो देवनगर चौराहा, कांजी हाउस, बस स्टैंड, झंडा चौराहा से बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, बंबई वाला मंदिर से होकर महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे भक्तिगीतों की धुन पर श्रृद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा के साथ ही जालौन सेवा समिति के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा भी निकाली गई। जिसमें समिति के अध्यक्ष रामराजा निरंजन, रामशरण विश्वकर्मा, शैलू शिवहरे, महेंद्र पाटकर मृदुल कांवड़ लेकर शोभायात्रा के साथ चल रहे थे।

## शिवभक्तों ने जलाभिषेक कर किया पूजन-अर्चन



**कोंच, जालौन।** श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की उपासना का सिलसिला जारी है, श्रावण मास के छठे और पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार को नगर व क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने प्रातः जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद सायं वेला में शिवालयों में किए गए भूत-भावन शिव के अद्भुत श्रृंगार का दर्शन किया। महिलाओं ने भजन कीर्तन से भोले बाबा को प्रसन्न करने का उपक्रम किया। अति प्राचीन महाकालेश्वर मंदिर में बैसे तो साल भर शिव भक्तों का तांता लगा ही रहता है लेकिन सावन के महीने में पूरे मास बिशेष पूजा अर्चना में सैकड़ों श्रद्धालु जुट रहे हैं।

## लोडर की टक्कर से स्टाफ नर्स की मौत, पति घायल

**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में सोमवार शाम को लोडर की टक्कर से बाइक सवार वांदा में नियुक्त स्टाफ नर्स की मौके पर ही मृत्यु हो गयी,जब कि उसका पति बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक सुमेरपुर निवासी पुष्पेंद्र अपनी पत्नी सारिका(26) जो बांदा मेडिकल कालेज में संबिदा में स्टाफ नर्स पर नियुक्त है। आज डियूटी करने के बाद वह पति सुरेंद्र के साथ सुमेरपुर वापस लौट रही थी जैसे ही सुमेरपुर क्षेत्र के इसुली गांव के पास पहुची वैसे ही सामने से आ रहे लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे नर्स की मौके पर ही मृत्यु हो गयी पति गंभीर रुप से घायल हो गया। पति को गंभीर हालत में सीएचसी सुमेरपुर में इलाज के लिये भर्ती कराया गाय है. स्टाफ नर्स रोजाना सुमेरपुर से बांदा रोजाना आती जाती थी। इसी साल स्टाफ नर्स की शादी 28 फरवरी को हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारे लगा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मौदहा**, हमीरपुर। सुल्तानपुर एवं जमालपुर में गोली मारकर अधिवक्ताओं की सरे आम हत्या करने से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। सुल्तानपुर के अधिवक्ता आजाद अहमद एवं जमालपुर अलीगढ़ में अधिवक्ताओं को गोली मारकर हत्या एवं उत्पीड़न करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग अधिवक्ताओं ने की है। आक्रोशित एक दर्जन से अधिक अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया और कार्यवाही न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी देते हुए उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा को देश के राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी देकर न्याय की गुहार लगाई है इस मौके पर राजेंद्र दिवेदी ,विनय तिवारी, ब्रजकिशोर त्रिवेदी , विजय कुमार प्रजापति, रमाशंकर,अनिल व विजय यादव आदि एक दर्जन से अधिक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## हिमाचल में...

**मुख्यमंत्री** ने शिमला शहर के समर हिल इलाके में मंदिर ढहने की जगह का दौरा किया और कहा कि मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'शिमला से दुखद खबर सामने आई है, जहां समर हिल में शिव मंदिर भारी बारिश के कारण ढह गया। अब तक, नौ शव निकाले गए हैं। स्थानीय प्रशासन मलबे को हटाने के लिए जोर-शोर से काम कर रहा है ताकि लोगों को बचाया जा सके। वहां लोग अभी भी फंसे हो सकते हैं। ओम शांति।' बाद में, घटनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'घटना के समय भगवान शिव के मंदिर में भीड़ थी क्योंकि वह पवित्र महीने सावन का सोमवार था। बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। हर संभव मदद की जाएगी। मलबे में दबे लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।' इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमें पहाड़ी राज्य में राहत और बचाव कार्यों में लगी हुई हैं और बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान को 'बेहद दुखद' बताया। शिमला में समर हिल के पास यूनेस्को की विश्व धरोहर शिमला-कालका रेलवे पुल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि 50 मीटर लंबा पुल बह गया है और पटरियां हवा में लटक गई हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सेना के साथ-साथ एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी और राज्य पुलिस के जवान राहत और बचाव कार्यों में शामिल थे। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने समाचार एजेंसी को बताया कि समर हिल और फागली इलाकों में हुए दो भूस्खलनों में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान जोरों पर चल रहा है। राज्य की राजधानी के कई हिस्सों में रविवार रात से बिजली नहीं है क्योंकि भूस्खलन और पेड़ों के उखड़ने से बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने भी भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित स्थलों का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि हमीरपुर जिले में लगातार बारिश के कारण चार लोगों की मौत हो गई है। हमीरपुर के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि दो लोग लापता हैं। उन्होंने सभी जिलेवासियों से आपदा को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने बताया कि एक व्यक्ति बाढ़ के पानी में बह गया जबकि दो अन्य को रविवार रात बचा लिया गया। एक अन्य घटना में, बारिश के कारण घर ढह जाने से एक बुजुर्ग महिला जिंदा दफन हो गई, जबकि उसके बेटे को बचा लिया गया। हमीरपुर के रंगस इलाके में भूस्खलन में एक महिला की मौत हो गई, जबकि जिले की भगतू पंचायत में एक घर ढहने की घटना में 80 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद कर लिया गया है।

## खुदरा महंगाई...

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जुलाई में सीपीआई मुद्रास्फीति का आंकड़ा देखते हुए ऐसा लगता है कि यह चालू वित्त वर्ष में दूसरी तिमाही के लिए आरबीआई के संशोधित अनुमान 6.2 प्रतिशत को पार कर जाएगी। इसका कारण अगली फसल से पहले सब्जियों की कीमत में नरमी की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अबतक बारिश का वितरण सामान्य नहीं रहा है। इससे खाद्य वस्तुओं के दाम पर असर पड़ेगा। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 7.63 प्रतिशत जबकि शहरी क्षेत्र में 7.2 प्रतिशत रही। इससे कुल मिलाकर खुदरा महंगाई दर 7.44 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय चयनित 1,114 शहरी बाजारों और 1,181 गांवों से आंकड़े एकत्रित करता है। इसमें सभी राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इस बीच, खाद्य वस्तुओं विशेषरूप से सब्जियों के दाम में तेजी के बावजूद थोक मुद्रास्फीति में जुलाई में लगातार चौथे माह में गिरावट आई और यह शून्य से 1.36 प्रतिशत नीचे रही। हालांकि, गिरावट की दर मासिक आधार पर कम हुई है। सब्जियों की कीमतों में 62.12 प्रतिशत की वृद्धि के कारण थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में जून में 4.12 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

## अडानी-हिंडनबर्ग...

साथ ही जांच बढ़ाए गए समय यानी 14 अगस्त तक शीघ्रता से पूरी करने का निर्देश दिया था। अमेरिकी वित्तीय शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग ने इस साल जनवरी में अडाणी समूह पर बही-खातों में धोखाधड़ी और शेयरों के भाव में गड़बड़ी के साथ विदेशी इकाइयों के अनुचित उपयोग का आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी। उसके बाद उच्चतम न्यायालय ने संबद्ध पक्षों के बीच लेन-देन के खुलासे और शेयरों के दाम में गड़बड़ी की जांच के लिए दो मार्च को विशेषज्ञ समिति बनाई थी।

## महा विकास...

**उन्होंने** कहा कि अगर कठिनाइयां सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों से संबंधित हैं और अगर सरकार इन कठिनाइयों पर ध्यान नहीं दे रही है, तो यह 'देश के लिए सबसे चिंताजनक बात' है। पवार ने कहा कि इसीलिए विपक्ष ने लगातार इस मुद्दे को संसद में उठाने की कोशिश की, लेकिन सरकार ने इस पर चर्चा करने का कोई इरादा नहीं दिखाया, इसलिए मांग पूरी नहीं हुई। राकांपा नेता ने विपक्षी दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा पर प्रधानमंत्री के जवाब का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री दो घंटे से अधिक समय तक बोले, लेकिन उन्होंने मणिपुर मुद्दे पर सीमित समय में बात की। उनके भाषण में मणिपुर के लोगों को उम्मीद देने, कोई कठोर कदम उठाने की बात का अभाव था और यही कारण है कि कोई महत्वपूर्ण परिणाम हासिल नहीं हुआ।

## पूर्वी लद्दाख...

इस कोर का मुख्यालय लेह में है। चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। इससे पहले, 23 अप्रैल को 18वें दौर की सैन्य वार्ता हुई थी जिसमें भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक के लंबित मुद्दों पर जोर दिया था। दोनों देशों के बीच 19वें दौर की सैन्य वार्ता दक्षिण अफ्रीका में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से एक सप्ताह पहले हुई। ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग भाग लेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने 24 जुलाई को जोहानिसबर्ग में पांच देशों के समूह ब्रिक्स की बैठक के दौरान शीर्ष चीनी राजनयिक वांग ई से मुलाकात की थी। बैठक के संबंध में अपने बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि डोभाल ने यह अवगत कराया कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति से सामरिक विश्वास का क्षरण हुआ है तथा संबंध कमजोर हुए हैं। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम नहीं होती, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद पांच मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध शुरू हो गया था। गलवान घाटी में जून 2020 में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के संबंध काफी प्रभावित हुए।

## बाढ़ ने...

नए सिरे से प्रगति कार्यों का जायजा लेने और सभी एजेंसियों में समन्वय स्थापित करने के लिए एलजी के निर्देश पर जिला निगरानी समितियों में एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी कॉर्डिनेटर के रूप में शामिल हैं। इसके अलावा संबंधित डीएम, डीसीपी, एमसीडी के डीसी एनडीएमसी के सचिव और डीडीए के चीफ इंजीनियर शामिल हैं। इन समितियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कमियों का विश्लेषण उन्हें पूरा करने के लिए बनाया गया है। इन्हें संबंधित विभाग की मदद से कमियों को दूर करने का अधिकार दिया गया है। लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली नगर निगम और वन विभाग की नर्सरियों का निरीक्षण करने के लिए इन अधिकारियों को अतुल सोनी, शैली, तुषार आनंद और सुशांत पाधा की अगुवाई में 3-3 लोगों की टीम में बांटा गया है। अधिकारियों की टीम राजधानी के विभिन्न इलाकों में स्थित नर्सरियों में जाकर उपलब्ध पौधों का जायजा लेते हैं और कहां कौन से पौधे लगाने उसकी पहचान करते हैं। ये अधिकारी अपनी रिपोर्ट दिल्ली के मुख्य सचिव को सौंपते हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन होटलों तक सड़कों का निरीक्षण करना भी शामिल है जहां शिखर सम्मेलन के दौरान जी-20 में शामिल होने वाले मेहमान ठहरेंगे। आईएएस अधिकारी अमन सिंह लोहान इस टीम की अगुवाई कर रहे। ये प्रोबेशनर्स वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के साथ भी जुड़े हुए हैं, जिन्हें प्रत्येक जिले में समन्वयक के रूप में नामित किया गया है। प्रत्येक जिले में एक परिवीक्षाधीन नियुक्त किया गया है। वे जी-20 के तहत प्रत्येक जिले को सौंपे गए कार्यों का निरीक्षण करते हैं और आगे उसी की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

# इथियोपिया में हवाई हमले में 26 व्यक्ति मारे गए : स्वास्थ्य अधिकारी

भाषा। नैरोबी



**इथियोपिया के** अशांत अमहारा क्षेत्र के एक भीड़भाड़ वाले कस्बे के चौक पर किए गए एक हवाई हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए और 55 से अधिक अन्य घायल हो गए। यह घटना ऐसे समय हुई जब अधिकारियों ने कुछ दिन पहले यह दावा किया था कि क्षेत्र में शांति बहाल हो गई है। स्थानीय मिलीशिया के लड़ाके इथियोपिया की सेना के साथ संघर्ष करते रहे हैं जो उनके खिलाफ कार्वाई कर रही है। सेना ने पिछले हफ्ते अमहारा कस्बे को बलपूर्वक अपने नियंत्रण में कर लिया था। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि रविवार को हवाई हमले में फिनोट सेलम के केंद्र को निशाना बनाया गया। अधिकारी ने कहा कि 22 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कई घायलों के अंग काटने पड़े। दो निवासियों ने कहा कि हवाई हमले में नागरिकों को ले जा रहे एक ट्रक को निशाना बनाया गया, जो फानो नामक मिलीशिया के लड़ाकों को भोजन पहुंचाकर लौट रहे थे। उनके इस दावे की पुष्टि नहीं की जा सकी। संघीय सरकार के एक प्रवक्ता ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। एक स्थानीय शिक्षक ने कहा, हमने आसमान में भारी आवाज़ सुनी और उसके बाद जमीन पर बहुत से लोग मारे गए और घायल हुए। इथियोपियाई मानवाधिकार आयोग ने सोमवार को फिनोट सेलम और अन्य अमहारा कस्बों में हमलों और गोलाबारी की विश्वसनीय रिपोर्टें का उल्लेख किया, जिसके परिणामस्वरूप कई नागरिक हताहत हुए। इसमें यह भी कहा गया कि अमहारा क्षेत्रीय अधिकारी हमले के निशाने पर थे, जिनमें कुछ लोग मारे गए। इथियोपिया की कैबिनेट ने इस महीने की शुरुआत में अमहारा क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी थी। फ़ानो मिलीशिया ने पड़ोसी तिग्रे क्षेत्र में दो साल के संघर्ष में इथियोपियाई सैन्य बलों के साथ लड़ाई लड़ी थी, जो पिछले नवंबर में एक शांति समझौते के साथ समाप्त हुआ था। वकीलों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि अमहारा अशांति के बीच अधिकारी अब इथियोपिया की राजधानी में सैकड़ों, यहां तक कि हजारों लोगों को सामूहिक रूप से गिरफ्तार कर रहे हैं।

## सूडान के शीर्ष सैन्य जनरल ने अर्धसैनिक बल पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया

काहिरा। सूडान में पूर्ण गृहयुद्ध छिड़ने के खतरे के बीच वहां की सेना के प्रमुख ने सोमवार को टेलीविजन पर प्रसारित अपने भाषण में प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल पर युद्ध अपराध करने का आरोप लगाया। सूडान अप्रैल में तब अराजकता की गिरफ्त में आ गया था जब जनरल अब्दुल फतेह बुरहान की अगुवाई में सेना तथा मोहम्मद हमदान दागलो के नेतृत्व वाले रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच गहराते तनाव ने विस्फोटक रूप ले लिया तथा खारतूम एवं अन्यत्र दोनों के बीच संघर्ष शुरू हो गया।सूडान टीवी पर अपने भाषण में बुरहान ने आएसएफ एवं दागलो पर लोकतंत्र बहाल करने के झूठे वादे की आड़ में उल्लंघन करने का आरोप लगाया।सूडान के सशस्त्र बलों के वार्षिक दिवस पर अपने भाषण में उन्होंने कहा, युद्ध अपराध कर आप कैसे लोकतंत्र ला सकते है?

# नाइजर में जुंटा नेताओं ने अपदस्थ राष्ट्रपति बजौम पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की घोषणा की

भाषा। नियामी (नाइजर)



**नाइजर के** विद्रोही सैनिकों ने कहा कि वह उच्च देशद्रोह तथा देश की सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए अपदस्थ राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम पर मुकदमा चलाएंगे। उनका यह बयान तब आया है जब कुछ घंटों पहले जुंटा ने कहा था कि वह बढ़ते क्षेत्रीय संकट को हल करने के लिए पश्चिमी अफ्रीकी देशों के साथ बातचीत के वास्ते तैयार हैं।नाइजर की दंड संहिता के मुताबिक, दोषी पाए जाने पर बजौम को मृत्युदंड का सामना करना पड़ सकता है। प्रवक्ता कर्नल मेजर अमादोउ अब्दुर्हमान ने रविवार रात को सरकारी टेलीविजन पर की गई घोषणा में कहा कि सैन्य शासन ने उच्च देशद्रोह तथा नाइजर की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा को खतरे में डालने के लिए अपदस्थ राष्ट्रपति तथा उनके स्थानीय एवं विदेशी साथियों पर सक्षम राष्ट्रपति तथा अंतरराष्ट्रीय प्राधिकारियों के समक्ष मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक सबूत एकत्रित कर लिए हैं। घोषणा में कहा गया है कि उच्च पदस्थ पश्चिम अफ्रीकी राजनेताओं और उनके अंतरराष्ट्रीय आकाओं ने झूठे आरोप लगाए हैं और सैन्य हस्तक्षेप को उचित ठहराने के लिए संकट के शांतिपूर्ण समाधान को पटरी से उतारने का प्रयास किया है। इसमें कहा गया है कि इन लोगों के साथ बातचीत के बाद बजौम पर आरोप लगाया गया था। बयान में विशिष्ट पश्चिमी देशों की पचान नहीं की गई और मुकदमे की तारीख भी निर्दिष्ट नहीं की गई। नाइजर के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति बजौम को 26 जुलाई को उनकी सेना के सदस्यों ने एक तख्तापलट के बाद अपदस्थ कर दिया था और तब से वह राजधानी नियामी में राष्ट्रपति आवास में अपनी पत्नी और बेटे के साथ नजरबंद हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में हिंदू व्यक्ति गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मुसलमानों के पवित्र स्थलों के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करके ईशनिंदा करने के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और गुस्साई भीड़ से बचाकर उसे जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने प्रांत की राजधानी लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर पश्चिमी रहीम यार खान जिले के निवासी अकबर राम को हिरासत में लिया। उसे इलाके में रहने वाले फैसल मुनीर नामक व्यक्ति की शिकायत पर हिरासत में लिया गया है, जिसने पुलिस के सामने दो गवाह पेश करके आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रहीम यार खान के कोटसमाबा थाने के निरीक्षक सफ्दर हुसैन ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस ने ईशनिंदा के आरोप में 11 अगस्त को संदिग्ध अकबर राम को गिरफ्तार किया और गांव में कानून-व्यवस्था खराब न हो,।

## पश्चिम की आपत्तियों के बावजूद चीनी रक्षा मंत्री रूस और बेलारूस का दौरा करेंगे

भाषा। बीजिंग

**चीनी रक्षा** मंत्री ली शांगफू रूस और बेलारूस के प्रति समर्थन जताने के लिए वहां का दौरा कर रहे हैं, जबकि पश्चिम ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर उन्हें अलग-थलग करने की मांग की है।रक्षा मंत्रालय ने प्रवक्ता कर्नल वू कियान के हवाले से अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि ली सोमवार को छह-दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। प्रवक्ता के अनुसार, अपनी यात्रा के दौरान वह मॉस्को कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरनेशनल सिक्योरिटी में एक भाषण देंगे और रूस एवं अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। रूस की आधिकारिक समाचार एजेंसी तास ने बताया कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसका विषय होगा, नए प्रकार के बहुपक्षीय सहयोगों को मजबूत करने समेत पश्चिमी तंत्र से इतर विकास के रास्तों की विश्व के ज्यादातर देशों की तलाश। इसमें कहा गया है कि लगभग 100 देशों और आठ अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# रूस ने यूक्रेन के शहर ओडेसा को फिर बनाया निशाना

### कीव ने सभी मिसाइल,ड्रोन मार गिराने का किया दावा

भाषा। कीव

**रूस ने** बीती रात दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा पर फिर से हवाई हमले किए। वहीं, यूक्रेन की वायुसेना का दावा है कि उसने शहर की ओर निशाना बनाकर दागे गए 15 शाहिद ड्रोन और आठ कलीबर मिसाइलों को मार गिराया है। ओडेसा के गवर्नर ओलेह कीपर ने सोमवार को कहा कि रूसी हमले में एक शिक्षण संस्थान, कई आवासीय इमारतें और एक सुपरमार्केट मलबे में तब्दील हो गया। कीपर ने कहा कि हमले में घायल सुपरमार्केट के दो कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रूस के सुरक्षा बलों ने हाल के समय में ओडेसा को निशाना बनाया है, जिनका लक्ष्य यूक्रेन के इस शहर में अहम अनाज निर्यात परिवहन केंद्रों और यूक्रेन के ऐतिहासिक स्थलों को नष्ट करना है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, **Mr. VIKRAM ARORA**, son of Late Sh. Shyam Sunder Arora, resident of Flat No. 116, Pocket-A, Nilgiri Apartments, Alaknanda, New Delhi – 110019, have lost/misplaced the original documents issued by DDA (i.e. Allocation Letter, Possession Letter and NOC for Water and Electricity, etc.) and Agreement to Sell and General Power of Attorney, etc. in respect of **FREEHOLD, DDA, SFS, CATEGORY-III, FIRST FLOOR FLAT NO. 116, POCKET-A, WITH SCOOTER GARAGE on ground level SITUATED AT NILGIRI APARTMENTS, ALAKNANDA, NEW DELHI – 110019**, issued by DDA. An FIR to this effect has been lodged in PS-Crime Branch, Delhi bearing LR No. 774961/2023 dated 14/08/2023. Any person(s) claiming any right, interest over documents or found in possession of original documents, may write/contact above named person at above address/ phone no. 9810072928 or to Dy. Director (LAB)H or Director (H)- 1, Vikas Sadan, INA, New Delhi, within **15 days** from the date of publication of this notice.

**Achin Sharma (Advocate)**
(Enrollment No. D/5425/2021) G-2/210 and 210A, Tulsi Tower, Alaknanda Market, New Delhi -110019

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed that the expulsion procedure of the Members namely Mr. Sushil Kumar Agarwal, Smt. Bimla Devi & Mr. Rajeev Agarwal having joint membership No.127, all R/o.26, Kapil Vihar, Pitampura, Delhi-34, has been initiated under section 86 (1) of Delhi Cooperative Societies Act, 2003, by the Delhi Union Co-operative House Building Society Ltd. commonly known as Kapil Vihar, Pitampura, Delhi-34. Society has already issued three registered/speed post notices to the member vide notice dated 01-05-2023, 05-06-2023 and 08-07-2023. The society is giving last and final opportunity to the above mentioned Members through this public notice to appear themselves or through their authorised representative before the managing committee meeting to be held on 19-08-2023 at 8:00 am in the society office to explain their case, failing which the Society will forward the case to the Registrar of Cooperative Societies for approval of expulsion as per the Delhi Cooperative Societies Act and Rules.

**Secretary,**
Delhi Union Co-operative House Building Society Ltd.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) EICHER 10.95
REG.NO.- DL1MA4453 -YOM -2019
MINIMUM RESERVE PRICE -359529.9

2) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG. NO. DL1MA1740- YOM-2018
MINIMUM RESERVE PRICE -333301.5

3) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG. NO. DL1MA1785-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE -333301.5

4) TATA_LPT909CH_CHASIS
REG.NO. DL1MA1863-YOM -2018
MINIMUM RESERVE PRICE- 333301.5

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 30.08.2023 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA, SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 07798988481
EMAIL-Abhinav.lal@kotak.com

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड सितंबर में अमेरिका और चीन का दौरा करेंगे

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल"प्रचंड" सितंबर के अंत में अमेरिका और चीन का दौरा करेंगे। प्रचंड संयुक्त राष्ट्र की 78वीं महासभा में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा का सत्र सितंबर के तीसरे सप्ताह में होगा। प्रधानमंत्री के करीबी सूत्रों के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के बाद प्रचंड चीन के लिए रवाना होंगे।प्रचंड 19वें एशियाई खेलों में हिमालई राष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में नेपाल के उत्तरी पड़ोसी चीन की यात्रा पर जाएंगे। यात्रा के दौरान वह चीन के आला अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## स्वीडन ने विदेश में मौजूद देश के नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी

कोपनहेगन। स्वीडन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि देश में कुरान जलाए जाने की हालिया घटनाओं और मुस्लिम जगत में हुए विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर विदेश में मौजूद लोगों और कारोबारियों को सतर्कता बरतनी चाहिए। स्वीडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरिक लेंडरहोम ने कहा कि देश-विदेश में स्वीडन के हितों के सामने खतरा बढ़ने के संकेत मिले हैं और सुरक्षा हालात बदतर हुए हैं। लेंडरहोम ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी समूहों ने स्वीडन को निशाना बनाने की अपील की है।

## शिकागो में सर्वधर्म संसद के लिए जुटेंगे विभिन्न धर्मों के 6000 से अधिक अनुयाई

**वाशिंगटन।** शिकागो में सोमवार से शुरू हो रहे विभिन्न धर्मों के नेताओं के सम्मेलन में कई धर्म और आस्थाओं को मानने वाले 6000 से अधिक लोग भाग ले सकते है।आयोजकों ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा सर्वधर्म समागम होने का दावा किया गया है। सर्वधर्म संसद की शुरुआत 1893 में शिकागो में हुई थी। पिछले 30 वर्ष में छह बार इसका आयोजन हुआ है और पिछली बार 2018 में टोरंटो में दुनियाभर से सभी धर्मों के नेता जुटे थे।

## पाक के साथ हमारी दोस्ती मजबूत और अटूटः चीन

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने पर अनवार-उल-हक काकड़ को बधाई देते हुए कहा कि उसकी इस्लामाबाद के साथ"मजबूत मित्रता"हमेशा"दृढ़ और अटूट"रहेगी। इससे पहले इस्लामाबाद में, 52 वर्षीय काकड़ ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पुश्तून नेता काकड़ ताकतवर फौज के करीबी माने जाते हैं और वह आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की शासन व्यवस्था चलाने के लिए तटस्थ राजनीतिक व्यवस्था का नेतृत्व करेंगे और अगला आम चुनाव कराएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग विनबिन ने बीजिंग में एक प्रेस वार्ता में कहा, चीन हमारी सदाबहार रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने, नए युग में साझा भविष्य के साथ और भी करीबी चीन-पाकिस्तान समुदाय का निर्माण करने और दोनों देशों और लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है।

## पोलैंड ने वैगनर समूह के पक्ष में प्रचार करने के आरोप में दो रूसियों को किया गिरफ्तार

वारसा (पोलैंड)। रूस के वैगनर ग्रुप के पक्ष में प्रचार करने के आरोप में दो रूसी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पोलैंड के सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इंटरनल सिक्युरिटी एजेंसी या एबीडब्ल्यू ने कहा कि ए लोग रूस की खुफिया सेवाओं की ओर से काम कर रहे थे और लोगों को इस ग्रुप से जुड़ने के लिए उकसाते हुए वारसा और क्रेक्कॉव में पर्चे बांट रहे थे। एजेंसी ने कहा कि उनकी पहचान एलेक्सी टी और एंड्री जी के रूप में हुई है और उन्हें इस काम के बदले करीब 5000 डॉलर की राशि मिलने वाली थी।उन्हें विदेशी खुफिया एजेंसी के लिए काम करने तथा आतंकवादी लक्ष्य वाले एक संगठित समूह का हिस्सा बनने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यदि उन्हें दोषी पाया जाता है तो 10 साल की कैद हो सकती है।हाल के महीनों में पोलैंड ने रूस और उसके साथी बेलारूस के लिए जासूसी करने के संदेह में 22 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## नेपाल : देवी के रूप में पूजे जा रहे बहुमूल्य क्वार्टज क्रिस्टल को गोरखा दरबार में स्थापित किया जाएगा

काठमांडू। नेपाल में एक स्थानीय व्यक्ति के घर से बरामद बहुमूल्य क्वार्टज क्रिस्टल को गंडकी प्रांत के गोरखा पैलेस में देवी भगवती शिला के रूप में स्थापित किया जाएगा। यह फैसला सर्वदलीय बैठक के बाद लिया गया। जानकारी के मुताबिक 52 किलोग्राम और 330 ग्राम की इस शिला को देश के सतीपीपल जिले के निवासी राम माया शाही के घर से 29 जून को बरामद किया गया था। इस क्रिस्टल की खोज कुछ महीने पहले तब हुई जब शाही परिवार ने उत्सुकतावश रहस्यमई वस्तु की जानकारी साझा की जिसे उनकी चार से अधिक पीढ़ियां देवी भगवती के रूप में पूज रही थी। यह खबर तब फैली जब वे क्रिस्टल की चमक देख आश्चर्यचकित हुए।

## सिडनी हवाईअड्डे पर आपात स्थिति में लौटा विमान

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया से मलेशिया जा रहा वाणिज्यिक विमानन कंपनी का विमान एक आपात स्थिति के बाद सोमवार को वापस सिडनी लौट आया और एक यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया। आपात स्थिति के कारण ऑस्ट्रेलिया के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे पर दर्जनों घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गईं और कुछ उड़ानें विलंबित भी हुईं। एयरलाइन ने कहा कि मलेशिया एयरलाइंस की उड़ान एमएच 122 सिडनी हवाईअड्डे से 199 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ कुआलालंपुर के लिए आठ घंटे की उड़ान पर रवाना हुई और एक अशांत यात्री के कारण तीन घंटे से अधिक समय बाद वापस लौट आई।

## पूर्वी अफगानिस्तान के एक होटल में विस्फोट, तीन लोगों की मौत सात अन्य लोग घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत खोस्त के एक होटल में सोमवार को जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।खोस्त में पुलिस के एक प्रवक्ता मुस्तगफिर गुरबाज ने बताया कि यह विस्फोट शहर के उस होटल में हुआ, जहां अफगानी लोग और अफगानिस्तान की सीमा से सटे उत्तरी वजीरिस्तान से शरणार्थी अक्सर आते थे। उत्तरी वजीरिस्तान पूर्व में पाकिस्तानी आतंकवादियों का एक गढ़ रहा है।

## हवाई में जंगल में लगी आग से हुए समूचे नुकसान की अभी जानकारी नहीं है

भाषा। लहैना (हवाई)

**अमेरिकी** राज्य हवाई में माउई के जंगलों में लगी आग के कारण जान गंवाने लोगों की संख्या 96 पहुंच गई है। वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि दावानल की वजह से मानव और पर्यावरण को पहुंचे समूचे नुकसान की जानकारी अभी नहीं है। श्वान दस्ते के साथ बचाव दल राख में तब्दील हो चुके इलाकों और जली हुई कारों तथा घरों की तलाशी ले रहे हैं, ताकि मृतकों का पता चल सके। अमेरिका के एक सदी से अधिक के इतिहास की सबसे भीषण दावाग्नि की घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 96 हो गई है।माउई कांउटी ने रविवार देर रात बताया कि दो स्थानों पर लगी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है, जिनमें ऐतिहासिक शहर लहैना को तबाह करने वाली आग शामिल है। भले ही आग की तीव्रता कम हुई है, लेकिन अधिकारियों ने आग से निकले जहरीले धुएं की वजह से पेयजल समेत विभिन्न चीजों के विषाक्त होने की चेतावनी दी है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) BHARATBENZ BB_3723R
REG. NO. HR55AC0636-YOM -2018
2) SML SMLSARTAJ
REG.NO. DL1LAF6632-YOM -2021
3) EICHR_VECV PRO_2095XP
REG. NO.HR38AD8915-YOM -2022
4) EICHR_VECV PRO_2095XP
REG. NO.HR38AD2989-YOM -2022
5) EICHR_VECV 1095_GOODS
REG.NO. HR55AG7241-YOM-2019
6) TATAMOTORS TACEGOLD
REG. NO. UP15GT0157-YOM-2022
7) TATAMOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAG7246-YOM -2022
8) SCANIA FBT_SCANIA
REG.NO. UK04PA1187-YOM -2015
9) TATAMOTORS TACEGOLD
REG.NO. DL1LAJ4638-YOM -2023
10) TATAMOTORS TLPT1109CH
REG.NO. UP16HT9168-YOM -2022
11) TATAMOTORS LPT_3718
REG.NO. UP14HT3131-YOM -2018
12) TATAMOTORS TACEGOLD
REG.NO. DL1LAJ5921-YOM -2023
13) EICHR_VECV ECHPRO2110
REG.NO. MH04LE1784-YOM -2022
14) ASHOK_LEY ALDOSTGD
REG.NO. UP14LT8854-YOM -2022
15) TATAMOTORS TACEGOLD
REG.NO. DL1LAG9684-YOM-2022
16) EICHR_VECV EIC_2059XP
REG. NO. DL1MA9209-YOM -2022
17) EICHR_VECV EICPRO2114
REG.NO. HR73B3066-YOM -2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

# पाकिस्तानः 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति अल्वी ने नेताओं से मतभेद दूर करने का आग्रह किय

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने आर्थिक संकट से जूझ रहे अपने मुल्क के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को राजनीतिक नेताओं से मतभेद और मनमुटाव दूर करने की अपील की। पाकिस्तान ने राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल के बीच आज़ादी की अपनी सालगिरह मनाई। यहां कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह में राष्ट्रपति ने आर्थिक संकट के दौरान पाकिस्तान की मदद करने के लिए चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान और तुर्किए जैसे मित्र राष्ट्रों के प्रति आभार जताया। उन्होंने भरोसा जताया कि पाकिस्तान चंद सालों में विकसित देश बन सकता है। राजनीतिक नेताओं और पक्षकारों से माफ करने के पथ पर चलने की अपील करते हुए अल्वी ने कहा, इस मुल्क के नेताओं एकजुट होने की मैं अपील करता हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि तरक्की हासिल करने के लिए भाई-भतीजावाद से मुक्ति पाना, प्रतिभा को बढ़ावा देना और खासकर सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र में सभी के लिए इंसाफ सुनिश्चित करना अहम है।

## अनवार-उल-हक काकड़ ने पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली



**करांची।** पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए अनवार-उल-हक काकड़ ने सोमवार को शपथ ली।काकड़ ने अपनी नियुक्ति के बाद संसद के उच्च सदन सीनेट की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसे सोमवार को स्वीकार कर लिया गया।राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सदर में आयोजित कार्यक्रम में काकड़ को शपथ दिलाई। वह देश के आठवें अंतरिम प्रधानमंत्री बने हैं। शपथ लेने के बाद, काकड़ मार्गल्ला पहाड़ों की तलहटी में स्थित प्रधानमंत्री के महलनुमा आधिकारिक आवास गए, जहां नए कर्मचारियों से उनका परिचय कराया गया।काकड़ का तात्कालिक कार्य देश का शासन चलाने में सहायता के लिए एक कैबिनेट गठित करना है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व राजनयिक जलील अब्बास जिलानी को विदेश मंत्री नियुक्त किया जा सकता है। वह अंतरिम प्रधानमंत्री पद की दौड़ में भी शामिल थे। काकड़ के सामने अब स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने तथा संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखने की कठिन चुनौती होगी।इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ ने प्रधानमंत्री आवास छोड़ दिया है और देश की तीनो सेनाओं के जवानों ने उन्हें विदाई गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शनिवार को प्रधानमंत्री शरीफ और भंग हो चुकी नेशनल असेंबली में नेता प्रतिपक्ष राजा रियाज अहमद के बीच परामर्श के अंतिम दिन काकड़ के नाम पर सहमति बनी थी।

**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**
CIN No : L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

**Extract of Statement of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2023**

(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30th June 2023 Unaudited | 31st March 2023 Audited | 30th June 2022 Unaudited | 31st March 2023 Audited |
| Total income from operations (net) | 27393.19 | 31297.06 | 14548.44 | 82949.85 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 4611.98 | 2154.12 | 3354.70 | 14305.58 |
| Net Profit / (Loss) for the period/ year from Discontinued operations (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -425.50 | -144.80 | 1545.09 | 4541.05 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 4611.98 | 2154.12 | 3354.70 | 14305.58 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from discontinued operations before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -345.86 | 6640.81 | 1545.09 | 11326.66 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from continuing operations after Tax(after Exceptional and /or Extraordinary items) | 2783.41 | 511.76 | 2144.77 | 9660.83 |
| Net Profit / (Loss) for the period / year from discontinued operations after Tax(after Exceptional and /or Extraordinary items) | -256.98 | 5567.24 | 1410.33 | 9024.95 |
| Total Comprehensive Income for the year | 3279.71 | 5758.22 | 3344.64 | 18579.29 |
| Equity Share Capital | 2152.38 | 2152.38 | 2200.00 | 2152.38 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | 190865.20 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹2/- each) for continuing operations | | | | |
| Basic : | 2.59 | 0.48 | 1.95 | 8.84 |
| Diluted: | 2.59 | 0.48 | 1.95 | 8.84 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹2/- each) for discontinued operations | | | | |
| Basic : | -0.24 | 5.17 | 1.28 | 8.26 |
| Diluted: | -0.24 | 5.17 | 1.28 | 8.26 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹2/- each) for continuing and discontinued operations | | | | |
| Basic : | 2.35 | 5.65 | 3.23 | 17.10 |
| Diluted: | 2.35 | 5.65 | 3.23 | 17.10 |

Key numbers of Standalone Financial Results:

| PARTICULARS | Quarter ended | | | Year ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30th June 2023 Unaudited | 31st March 2023 Audited | 30th June 2022 Unaudited | 31st March 2023 Audited |
| Total income from operations (net) | 34,607.15 | 45,009.30 | 14,548.44 | 96,662.09 |
| Profit before Tax for the period from continuing operations | 7,208.20 | 5,275.42 | 3,412.86 | 17,485.38 |
| Profit before Tax for the period from discontinued operations | (425.50) | (144.80) | 1,545.09 | 4,541.05 |
| Net Profit after Tax for the period from continuing operations | 5,387.07 | 3,621.75 | 2,187.08 | 12,812.53 |
| Net Profit after Tax for the period from discontinued operations | (256.98) | 5,567.24 | 1,410.33 | 9,024.95 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter ended June, 2023 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director
DIN:00055954

Dated : The 14 August, 2023

# शत्रुता का भाव रखने वाले को छोड़ेंगे नहीं : राजनाथ

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्वी लद्दाख में चीन** के साथ सीमा विवाद और सीमापार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत हमेशा से शांतिप्रिय देश रहा है, लेकिन शत्रुता का भाव रखने वाले को छोड़ेगा नहीं। देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सिंह ने यह भी कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक शस्त्रों से सुसज्जित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और भावी चुनौतियों को पूरा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दे रही है। रक्षा मंत्री ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे प्राचीन सिद्धांत पूरी दुनिया को यह संदेश देते हैं, कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है। हम न सिर्फ शांति चाहते हैं, बल्कि अपने कार्यों से शांति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर करते हैं। लेकिन साथ ही साथ हम इस बारे में भी बिल्कुल स्पष्ट हैं, कि यदि कोई गलत मंशा से, या दुश्मनी का भाव लिए हमारी ओर देखने की भी जुर्त करता है, तो हमारी सेनाएं उसका मुंहतोड़ जवाब देंगी। रक्षा मंत्री ने सैनिकों को दिए संदेश में यह बात कही। संदेश का प्रसारण आकाशवाणी पर किया गया। भारत की संप्रभुता बनाकर रखने में जवानों की भूमिका का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि अपनी सुविधाओं का ख्याल रखे बिना अपने जीवन को दांव पर लगाकर सीमाओं की पहरेदारी करने वाले बहादुर सैनिकों के साथ यह देश खड़ा है। उन्होंने कहा, सशस्त्र बल अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान तभी दे सकते हैं जब उन्हें सर्वश्रेष्ठ उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। ए कदम जवानों का मनोबल बढ़ाते हैं, उन्हें चुनौतियों से उबरने तथा विजई बनाने में मदद करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में सरकार राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत सरकार, अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। हमारे सशस्त्र बलों को, नई चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक सशक्त, और क्षमतावान बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, देश पूरे हर्षोल्लास के साथ अपना स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। देश इतना निश्चिंत होकर यह उत्सव इसलिए मना पा रहा है, क्योंकि देश जानता है, कि सीमाओं पर खड़े होकर आप सब भारत की सुरक्षा कर रहे हैं। साथियों, भारत 1947 में स्वतंत्र अवश्य हुआ लेकिन इस स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जो सर्वोच्च बलिदान आप सैनिकों ने दिया है, उसके लिए राष्ट्र सदैव आपका ऋणी रहेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों में वन रैंक, वन पेंशन की मांग लंबे समय से चली आ रही थी, लेकिन निर्णय लेने की क्षमता के अभाव, और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के चलते, इस पर काम कुछ नहीं हो पाता था। उन्होंने कहा, लेकिन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनते ही, इस मुद्दे को हमने प्राथमिकता पर रखकर इसे सुलझाया। इस योजना का पुनरीक्षण इस वर्ष हो चुका है, और 17 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को, 8,413 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। सशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर उन्होंने कहा कि सेना में महिलाओं के लिए समान अवसर होने चाहिए। उन्होंने कहा, सशस्त्र बलों में महिला सशक्तीकरण के लिए हाल के वर्षों में कई ठोस कदम उठाए गए हैं। भारतीय सेना ने इस वर्ष पहली बार पांच महिला अधिकारियों को आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल किया है। सिंह ने कहा, आर्टिलरी रेजिमेंट में महिला अधिकारियों को शामिल करना, भारतीय सेना में लैंगिक समानता के लिए हमारी सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का बड़ा प्रमाण है। देश की प्रतिभाशाली बेटियों को सैनिक स्कूलों में दाखिले के लिए हमारी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस निर्णय के बाद आज देश के अनेक सैनिक स्कूलों में, 1,600 से ज्यादा बालिकाएं शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से राष्ट्र की रक्षा में बहादुर बेटियों की भागीदारी और भी बढ़ेगी।

### राज्यपाल मिश्र और मुख्यमंत्री ने स्वतंतत्रा दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 77वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राजभवन के बयान के अनुसार देश के 77 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यपाल मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपनी मेहनत, लगन और नवोन्मेष के बल पर देश और प्रदेश को उन्नति के नए शिखर तक ले जाने का आह्वान किया।मिश्र स्वाधीनता दिवस पर मंगलवार को राजभवन में ध्वजारोहण करेंगे।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण के लिए न्यायालय का रुख किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**श्री कृष्ण** जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट ने उच्चतम न्यायालय का रुख कर मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने का अनुरोध किया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या इसका निर्माण वहां पहले से मौजूद एक हिंदू मंदिर के स्थल पर किया गया था। ट्रस्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को शीर्ष न्यायालय में चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने इससे संबंधित एक वाद के खिलाफ दर्ज कराई गई आपत्तियों पर फैसला करने से पहले कृष्ण जन्मूभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की उसकी अर्जी पर निर्णय करने के लिए मथुरा दीवानी न्यायाधीश (सिविल जज) को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। वाद के खिलाफ आपत्तियां मस्जिद की प्रबंध कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने जताई थीं। ट्रस्ट ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में दलील दी है कि शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध कमेटी हिंदुओं के पूजा स्थल पर कब्जा करने की इरादतन कोशिश कर रही है तथा उसे और अन्य अनुयायियों को परिसर में अपना धार्मिक रस्म करने से रोक रही है। प्रतिवादी संख्या-। (शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध कमेटी), अपने प्रतिनिधि सहित, इसी परिसर में नमाज अदा करते रहे हैं, परिसर का उपयोग रेस्ट रूम के रूप में कर रहे हैं, जिसे याचिकाकर्ता के लिए पवित्र स्थलापूजा स्थल माना जाता है। याचिका में कहा गया है, प्रतिवादी संख्या-। और उनके प्रतिनिधि निरंतर खुदाई कर रहे हैं हिंदू प्रतीक चिह्नों, मंदिर के स्तंभों, और मंदिर की अन्य महत्वपूर्ण चीजों को नष्ट कर रहे हैं। इससे स्थल की पवित्रता और सांस्कृतिक धरोहर को काफी नुकसान हो रहा। याचिका में कहा गया है कि उसके द्वारा किए गए दावे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक गहन वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने की जरूरत है।इसमें कहा गया है, यह सर्वेक्षण महत्वपूर्ण आंकड़े उपलब्ध कराएगा और उनके बयानों की सटीकता की पुष्टि करेगा, जिससे किसी निष्कर्ष या फैसले पर पहुंचने के लिए एक विश्वनीय आधार मुहैया होगा। याचिका में कहा गया है, विवादित भूमि से जुड़े धार्मिक परिप्रेक्ष्य में धार्मिक इतिहास और स्थल के महत्व को पूरी तरह से समझने के लिए उपयुक्त वैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए व्यापक जांच व अध्ययन जरूरी है। इसमें कहा गया है, गहराई से इसकी छानबीन करने पर स्थल के ऐतिहासिक महत्व में और धार्मिक विषयों की प्रासंगिकता के संबंध में अंतरदृष्टि मिलेगी। उच्च न्यायालय में, न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी की पीठ ने ट्रस्ट की रिट याचिका खाारिज कर दी थी, जिसने अब अपील की है। इस साल जनवरी में ट्रस्ट ने दीवानी न्यायाधीश, मथुरा के समक्ष एक नक्शे के साथ एक वाद दायर किया था, जिसमें उसके हित और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध किया गया था। हालांकि, वाद की विचारणीयता पर शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंध कमेटी और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अपना ऐतराज दर्ज कराया था।

## क्विक न्यूज

### आतंकवादी के भाई ने अपने घर पर तिरंगा लहराया

श्रीनगर (भाषा)। जम्मू कश्मीर मे बारामूला जिले के सोपोर मे हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी के भाई ने अपने घर पर राष्ट्रध्वज फहराया। रईस अहमद ने अपने घर के पहले तल के बरामदे से तिरंगा लहराया। उसका भाई जावेद अहमद 2009 मे आतंकवादी संगठन मे शामिल हो गया था। रईस ने कहा, मैने अपनी मर्जी से तिरंगा लहराया। मुझ पर किसी का कोई दबाव नही था। यह मेरे देश का झंडा है, जो हमें सब कुछ देता है। मेरे भाई ने गलती की। मै उसे कहना चाहता हूं कि यदि वह जिंदा है तो वह हमारे राष्ट्रध्वज के नीचे लौट आए। 2019 मे संविधान का अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने से पहले उत्तरी कश्मीर का सोपोर तीन दशक से अधिक समय तक आतंकवादियों एवं अलगाववादियों का गढ़ रहा था।

### बीमारियों से बचने को प्रतिरक्षा को बनाना होगा मजबूत

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे मानसून का सीजन आता है, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करना आवश्यक हो जाता है। आहार में प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करके संक्रमण के खिलाफ प्राकृतिक सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल, पोषण विशेषज्ञ ने बताया तीन शक्तिशाली मानसून सुपरफूड्स के बारे में जानें, जो आपकी प्रतिरक्षा को मजबूत कर सकते हैं। बरसात के इस मौसम में अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए तैयार हो जाइए! बादाम यह पोषक तत्वों से भरपूर एक पॉवरहाउस है जो कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। बादाम विटामिन-ई से भरपूर होते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य में सहायक है। इनमें जिंक जैसे खनिज भी होते हैं, जो प्रतिरक्षा कोशिकाओं के विकास और कार्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। हल्दी शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट और सूजन-रोधी गुणों के कारण मानसून के दौरान हल्दी का सेवन अवश्य करना चाहिए। इस चटख पीले मसाले में करक्यूमिन होता है, जो कई स्वास्थ्य लाभों वाला एक यौगिक है। करक्यूमिन विभिन्न प्रतिरक्षा कोशिकाओं को सक्रिय करता है, जिससे शरीर के रक्षा तंत्र को कई संक्रमणों के खिलाफ मजबूत करने में मदद मिलती है। हल्दी के सूजन-रोधी गुण मानसून से संबंधित परेशानियों जैसे सर्दी, खांसी और गले में खराश से होने वाली सूजन को कम कर सकते हैं। आप गर्म दूध में हल्दी पाउडर मिला सकते हैं या करी, सूप, स्ट्यू और यहां तक कि स्मूदी में इसे मिला कर प्रतिरक्षा बढ़ा सकते हैं। खट्टे फल में संतरा, नीबू, आंवला, अमरूद और अंगूर जैसे खट्टे फल आवश्यक विटामिन और खनिजों से भरे होते हैं, जो उन्हें मानसून में उपभोग के लिए आदर्श बनाते हैं।

### जेनेरिक दवाइयां अनिवार्य करने वाले एनएमसी के नियमों का क्रियान्वयन टाला जाए: आईएमए

**नई दिल्ली(भाषा)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने उन नियमों के क्रियान्वयन को टालने की मांग की है, जो मरीजो को जेनेरिक औषधि लिखना चिकित्सकों के लिए अनिवार्य करता है। आईएमए ने भारत मे निर्मित दवाइयो के मानक को लेकर चिंता जताई है क्योकि इनमे 0.10 प्रतिशत से भी कम की गुणवत्ता जांच की जाती है। एसोसिएशन ने एक बयान मे कहा कि यदि चिकित्सकों को मरीजो के लिए ब्रांडेड दवाइयां लिखने की अनुमति नही दी जाएगी, तो आखिर इस तरह की औषधियो को लाइसेंस क्यो दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने अपने पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर्स (चिकित्सक) के पेशेवर आचरण से जुड़े नियमों मे कहा है कि सभी चिकित्सक मरीजो को अवश्य ही जेनेरिक दवाइयां लिखे। ऐसा नही करने पर उन्हे (चिकित्सकों को) दंडित किया जाएगा ।

### धर्मांतरण मामले में आर्चबिशप, सिस्टर को प्रदान की गई अग्रिम जमानत पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने एक अनाथालय में हिंदू बच्चों को ईसाई धर्म मे परिवर्तित होने के लिए मजबूर करने के आरोपी आर्चबिशप और एक सिस्टर को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दी गई अग्रिम जमानत पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने हालांकि, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और मध्य प्रदेश सरकार की अलग-अलग अपीलो पर 77 वर्षीय आर्चबिशप जेराल्ड अल्मेडा और सिस्टर लिली जोसेफ को नोटिस जारी किया। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए... हम अग्रिम जमानत पर रोक नही लगा सकते और हम उच्च न्यायालय की टिप्पणी पर भी रोक नही लगा सकते। पीठ ने एनसीपीसीआर और राज्य सरकार की याचिकाओ को दो सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा था कि धर्म परिवर्तन की शिकायत केवल वही व्यक्ति दर्ज करा सकता है जो रक्त, विवाह या गोद लेने, संरक्षण के जरिए संबंधित हो, कोई और नही।

### असम में मदरसा छात्र की हत्या, शिक्षक और छात्रावास का वार्डन गिरफ्तार

**सिलचर।**असम के कछार जिले मे 12 साल के लड़के की हत्या मामले मे मदरसे के एकमात्र शिक्षक और छात्रावास के वार्डन को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि छात्र की सिरकटी लाश मदरसे मे मिली थी। उन्होंने बताया कि शव मिलने के बाद जिले के धोलाई इलाके में स्थित दारुस सलाम हफीजिया मदरसा के शिक्षक को रविवार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पूरी रात पूछताछ करने के बाद हमने पाया कि घटना मे शिक्षक की भूमिका संदिग्ध है। इसलिए हमने उसे गिरफ्तार किया। बाद में छात्रावास के वार्डन को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि लड़के की हत्या के कारण और हत्यारों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह लड़के की सिरकटी लाश उसके साथ रहने वाले छह अन्य छात्रों मे से एक ने जगने के बाद देखी। उसने बताया कि पीड़ित की पहचान रजीबुल हुसैन (12) के तौर पर की गई है।

### नागा ध्वज, संविधान लोगों की संप्रभुता से अलग नहीं हो सकते : एनएससीएन-आईएम

कोहिमा। एससीएन-आईएम के महासचिव थुइंगलेंग मुइवा ने सोमवार को कहा कि नगाओं के लिए अलग झंडा और संविधान विवादास्पद मुद्दे है जो शांति प्रक्रिया को बाधित करने वाले है और लोगो की संप्रभुता से इन्हे अलग नही किया जा सकता। मुइवा ने कहा कि नगालैंड मे स्थाई शांति लाने के लिए केंद्र और नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालिम (इसाक-मुइवा) के बीच 2015 मे नगाओ के अद्वितीय इतिहास और संप्रभुता को मान्यता देते हुए कार्यढांचा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होने कहा, हमने अपने खून-पसीने से जो हासिल किया है, उसकी रक्षा हमें करनी चाहिए। सभी नगा क्षेत्रों के एकीकरण के मुद्दे पर, भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि यह नगाओ का वैध अधिकार है और इसलिए, इसे तदनुसार अंतिम रूप दिया जाएगा।

# नासिर-जुनैद हत्याकांड में मोनू मानेसर की प्रत्यक्ष संलिप्तता नहीं: राजस्थान पुलिस


**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान के** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने सोमवार को कहा कि नासिर-जुनैद हत्याकांड की जांच में मोनू मानेसर की प्रत्यक्ष संलिप्तता नहीं पाई गई है। हालांकि, राजस्थान पुलिस ने इस मामले में उसे क्लीन चिट नहीं दी है और डीजीपी ने कहा कि अपराध की पृष्ठभूमि में उसकी भूमिका की जांच चल रही है। डीजीपी मिश्रा ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जो लोग घटना में सीधे तौर पर शामिल थे... मौके पर मौजूद थे ...उनमें वो (मोनू) नहीं है... दूसरा .. उसकी पृष्ठभूमि की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि वह मामले की जांच में सहयोग के मुद्दे पर हरियाणा पुलिस पर आरोप नहीं लगाना चाहेंगे क्योंकि मुख्य मुद्दा खुफिया सूचना (इंटेलिजेंस) से जुड़ा है। मिश्रा ने कहा, हम यह नहीं कह सकते कि हरियाणा पुलिस कितना सहयोग कर रही है या नहीं कर रही। कई चीजें सार्वजनिक तौर पर नहीं कही जा सकतीअ लेकिन वह (मोनू) अभी तक हमारे सामने नहीं आया है, उपस्थित नहीं हुआ है। बाकी अपराधियों के बारे में हमने हरियाणा पुलिस से आग्रह किया है। उन्होंने कहा, मैं हरियाणा पुलिस पर कोई भी आरोप नहीं लगाना चाहूंगा। हमारा पेशेवर रुख है। हम उनसे मदद मांगते हैं... इसमें मुख्य मुद्दा खुफिया सूचना का है। अगर यह होगा तो वह पकड़ा जाएगा। राजस्थान पुलिस की ओर से सोमवार रात एक्स पर लिखा गया, यह स्पष्ट किया जाता है कि नासिर-जुनैद हत्याकांड में पुलिस महानिदेशक और राजस्थान पुलिस ने मोनू मानेसर को कोई क्लीन चिट नहीं दी है। इसके अनुसार, मोनू इस मामले की प्राथमिकी (एफआईआर) में आरोपी के रूप में शामिल है। साजिश रचने और जघन्य अपराध को उकसाने में उनकी भूमिका की जांच चल रही है। भरतपुर के जुनैद (35) और नासिर (27) के जले हुए शव 16 फरवरी को हरियाणा के भिवानी जिले में एक वाहन के अंदर पाए गए थे। परिजनों का आरोप था कि इन दोनों का बजरंग दल के सदस्यों द्वारा अपहरण कर, उनके साथ मारपीट के बाद उनकी हत्या कर दी गई थी। हालांकि संगठन ने इस आरोप को खारिज किया। एफएसएल रिपोर्ट ने पुष्टि की है कि जले हुए शव जुनैद और नासिर के थे और जिस वाहन से उनका अपहरण किया गया था उसमें मिले खून के धब्बे भी मेल खाते थे। प्राथमिकी में मोनू मानेसर समेत कुल 21 आरोपियों को नामजद किया गया है।

**● डीजीपी ने दी जानकारी**

# वह दिन दूर नहीं, जब हम ड्रोन से यात्रा करेंगे: गडकरी

**भाषा।** नागपुर



**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब लोग ड्रोन (एयर टैक्सी) से यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब किसान ड्रोन की मदद से कीटनाशकों का छिड़काव कर रहे हैं और यहां तक कि 200 किलोग्राम तक वजन भी उसकी सहायता से ले जाया जा सकता है। उन्होंने यहां राष्ट्रनिर्माण समिति द्वारा यहां आयोजित अखंड भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम में कहा, वह दिन दूर नहीं है जब हम ड्रोन (एयर टैक्सी) से रेलवे स्टेशन या हवाई अड्डे पर जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से सीमाओं तथा अंदरूनी क्षेत्रों को सुरक्षित रखने तथा गांवों में विकास करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने का आह्वान किया।

# जोशीमठ में भूधंसाव, दरारें चौड़ी होने से आपदाग्रस्त क्षेत्रों के परिवार दहशत में

**भाषा।** गोपेश्वर(उत्तराखंड)

चमोली जिले के जोशीमठ में सिंहधार से लेकर सुनील वार्ड तक भूधंसाव ग्रस्त क्षेत्रों के परिवार भारी बारिश के चलते पूर्व में आई दरारें चौड़ी होने से दहशत में हैं। इस साल जनवरी की शुरुआत में पड़ी दरारों में मानसून के दौरान बदलाव दिख रहा है और इसी कारण सुनील वार्ड में रहने वाले पांच परिवारों को दो दिन पूर्व राहत शिविर में भेज दिया गया। बारिश के कारण जोशीमठ के सिंहधार वार्ड, गांधीनगर और सुनील वार्ड के असुरक्षित घोषित किए गए इलाके के आसपास भूधसांव बढ़ रहा है जिसने इस क्षेत्र में रह रहे परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। चमोली के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एन के जोशी ने बताया कि तीन दिन पहले सुनील वार्ड के प्रभावित इलाके में भूधंसाव की सूचना मिली थी जिसके बाद एहतियातन वहां से पांच परिवारों को राहत शिविर में लाया गया।दूसरी ओर, जोशीमठ से नृसिंह मंदिर से होकर बदरीनाथ जाने वाली वैकल्पिक सड़क का पुश्ता भी कुछ दिन पूर्व धंस गया था जिसके कारण बदरीनाथ जाने वाले वाहनों को जोशीमठ के रास्ते ही गंतव्य तक भेजा जा रहा है। इस कारण जोशीमठ में लगातार जाम की स्थिति बन रही है।

### एमपीवी श्रृंखला से मिलेगी शांति

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी नवीनतम पेशकश, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक नई कॉम्पैक्ट एमपीवी है जो स्टाइलिश और प्रीमियम नई पारिवारिक कार है और स्थान के मामले में बेजोड़ है तथा उत्कृष्ट ईंधन दक्षता का दावा करती है। भारतीय एमपीवी सेगमेंट में पहले से ही अग्रणी, इस सात-सीटर के लॉन्च से बाजार में टोयोटा की उपस्थिति को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बी-एमपीवी सेगमेंट में टोयोटा के प्रवेश का प्रतीक, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन आराम, सुविधा, विश्वसनीयता और मन की शांति चाहने वाले परिवारों के लिए एक प्रतिष्ठा और सुविधाजनक विकल्प प्रस्तुत करता है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और उत्कृष्ट ईंधन दक्षता से समर्थित यह कॉम्पैक्ट एमपीवी सेगमेंट ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को उपयुक्त रूप से पूरा करता है। टीकेएम के प्रबंध निदेशक और चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ), मासाकाजु योशिमुरा ने कहा, टोयोटा में, हम विश्व स्तरीय वाहन देने से कहीं आगे जाने में विश्वास करते हैं।

### एनएसई ने दी स्वतंत्रता की बधाई

**मुंबई।** देश के स्वतंत्रता दिवस पर आइए उन सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करें, जिन्होंने एक स्वतंत्र और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। आज दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में हम पुनरुत्थानवादी भारत की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हुए परिवर्तन वृद्धि और विकास के शिखर पर खड़े हैं। एनएसई ने हमेशा से ही अपना ध्यान पूंजी बाजार निर्माण, राष्ट्र निर्माण और रोजगार सृजन पर केंद्रित किया है और निवेशकों को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

# डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय की मेजबानी में वैश्विक शिखर सम्मेलन




### पारंपरिक चिकित्सा पर 17-18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में होगा सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की मेजबानी में गुजरात के गांधी नगर में पारंपरिक चिकित्सा को लेकर 17-18 अगस्त को होने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस तरह का यह पहला शिखर सम्मेलन है। जिसमें पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा पर जोर दिया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भविष्य में स्वास्थ्य, जनकल्याण के लक्ष्य के साथ ही पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही यह नवीनतम वैज्ञानिक प्रगति और साक्ष्य-आधारित पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों और चिकित्सकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। डब्ल्यूएचओ और आयुष मंत्रालय की संयुक्त प्रेसवार्ता में केंद्रीय आयुष और महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन के समापन पर होने वाले घोषणापत्र से पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में 'डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन'को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल जामनगर में ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन के शिलान्यास के बाद अब भारत में ही पहले वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा जा रहा है। इस अवसर पर मनोज झालानी, निदेशक, स्वास्थ्य प्रणाली विकास विभाग, डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्रीय केंद्र ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस शिखर सम्मेलन से भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक समग्र और स्वस्थ दुनिया बनाने की दिशा में एक रोडमैप तैयार होगा, जिससे मानव स्वास्थ्य और जनकल्याण के नए रास्ते बनेंगे। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेसियस, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल की उपस्थिति में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

# जब कलकत्ता की सड़कों पर लगे गांधी वापस जाओ के नारे

**एजेंसी।** कोलकाता

**भारत के आजाद** होने से दो दिन पहले, महात्मा गांधी विश्व युद्ध-पूर्व के कैडिलैक वाहन से कोलकाता के बेलियाघाट पहुंचे। महानगर की घनी आबादी वाला यह इलाका दंगों का केंद्र बना हुआ था और यहां उनके जीवन में पहली बार भीड़ ने उनका स्वागत गांधी वापस जाओ के नारों से किया। महात्मा गांधी शांति लाने की कोशिश के तहत शहर में मियागंज की विशाल मुस्लिम झुग्गी और एक निम्न मध्यम वर्गीय हिंदू इलाके के बीच स्थित बेलियाघाट की एक जीर्ण-शीर्ण एक मंजिला इमारत में रहने के लिए पहुंचे थे। कुछ दशकों पहले तक भारत की राजधानी और देश के राजनीतिक, सांस्कृतिक व औद्योगिक पुनर्जागरण का केंद्र रहा कलकत्ता (अब कोलकाता) आजादी की पूर्व संध्या पर दंगों की आग में झुलस रहा था।हैदरी मंजिल नाम का वह घर जिसमें महात्मा गांधी रुके थे उसका चयन बंगाल के पूर्व मुस्लिम लीग प्रमुख हुसैन सुहरावर्दी ने किया था। सुहरावर्दी के अनुरोध पर ही गांधी उस समय पृथ्वी पर सबसे अशांत शहर में शांति लाने के प्रयास करने के लिए कलकत्ता आने पर सहमत हुए थे।

# कर्नाटक सरकार लोकसभा चुनाव से पहले गिर जाएगी: पाटिल

## 25 विधायक पार्टी छोड़ने को तैयार: भाजपा विधायक

**भाषा।** विजयपुरा (कर्नाटक)

भाजपा के वरिष्ठ विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल ने सोमवार को दावा किया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले गिर जाएगी, क्योंकि करीब 25 विधायक सत्तारूढ़ दल को छोड़ने के लिए तैयार हैं। बीजापुर (विजयपुरा) शहर से विधायक ने यह भी उम्मीद जताई कि भाजपा एक बार फिर से सत्ता में आएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यहां भीड़ को संबोधित करते हुए दावा किया, कांग्रेस कहती है कि उसने 135 सीटें जीती हैं लेकिन वे सो नहीं पा रही है। अगर 30 लोग (विधायक पार्टी को) छोड़ दें तो सरकार गिर जाएगी। 25 लोग (विधायक पार्टी छोड़ने के लिए) तैयार हैं। कुछ मंत्री ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे उनके पास सारी शक्तियां आ गई हैं और अधिकारियों को हटा रहे हैं या स्थानांतरित कर रहे हैं। विजयपुरा में मुस्लिम अधिकारियों को तैनात करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने पूछा, आप मुसलमानों को लाकर क्या कर सकते हैं ? मैं विधायक हूं और उन्हें मेरी बात माननी चाहिए...अगर कोई अधिकारी हिंदुओं पर अत्याचार करने के लिए नाटक करता है...हम जनवरी में वापस आएंगे।

### कौन बनेगा करोड़पति नये रुप में आएगा

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने 15वें सीज़न के साथ दर्शकों के लिए प्रशंसकों के पसंदीदा गेम शो का अपडेटेड और अपग्रेडेड संस्करण लेकर आया है! शानदार 23 सालों तक सफलतापूर्वक दर्शकों का मनोरंजन करने के बादए इस शो के अगले सीज़न का प्रीमियर 14 अगस्त को होगा और यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित होगा। ज्ञान और मनोरंजन का उत्तम संयोजन मेगास्टार अमिताभ बच्चन उत्साह और गंभीरता के साथ इस रियलिटी शो की मेज़बानी करते हैं। नईशुरुआत के वादे के साथ कौन बनेगा करोड़पति भारत की प्रगति का सार बताएगा, जिसके साथ ही कुछ उल्लेखनीय बदलाव किए जाएंगे जो खेल को कठिन और अधिक आकर्षक बना देगा। नीरज व्यासए बिज़नेस हेड सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न, सोनी सब,पल और सोनी मैक्स मूवी क्लस्टर कौन बनेगा करोड़पति से संबंधित सबसे आकर्षक पहलुओं में से एक यह है।

# जमकर पसीना बहा रहे राहुल व श्रेयस

● **एनसीए में मैच की परिस्थितियों के अनुसार कर रहे अभ्यास**

**भाषा।** नई दिल्ली



**श्रीलंका में** होने वाले एशिया कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले चोटों से उबर रहे केएल राहुल और श्रेयस अय्यर की जोड़ी सोमवार को बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में मैच की परिस्थितियों के मुताबिक अभ्यास करने में जुटी थी। हालांकि अभी तक पूरी जानकारी नहीं मिल सकी है कि राहुल ने पूरे 50 ओवर तक विकेटकीपिंग की या नहीं क्योंकि बड़े टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए यह बहुत जरूरी होगा। राहुल की जांघ की सर्जरी हुई थी जबकि अय्यर ने पीठ के स्ट्रेस फ्रेक्चर के लिए सर्जरी कराई थी। दोनों बेंगलुरु की गर्मी में एक अभ्यास मैच के दौरान पसीना बहाते देखे गए। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में दोनों अभ्यास मैच में खेलते हुए देखे जा सकते थे। पीटीआई ने पहले ही अपनी खबर में बता दिया था कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति राहुल और अय्यर को तभी चुनेगी, अगर वे 50 ओवर के क्रिकेट की चुनौतियों का सामना कर पाएंगे और इसके लिए उन्हें मैच सिम्युलेशन (मैच की परिस्थितियों के अनुसार अभ्यास करना) से गुजरना होगा।

राहुल के मामले में चयनकर्ता देखना चाहेंगे कि वह 50 ओवर के लिए विकेटकीपिंग करने के लिए फिट होंगे या नहीं और अय्यर को मैच फिटनेस साबित करने के लिए मैच के दौरान पूरे समय मैदान पर रहना होगा। केवल बल्लेबाजी फिटनेस ही 15 खिलाड़ियों की टीम में स्थान नहीं दिला सकेगी। एनसीए के शीर्ष अधिकारी उनके फिटनेस की स्थिति पर चुप्पी साधे हैं लेकिन एशिया कप टीम का चयन आगे बढ़ा दिया गया क्योंकि अजीत अगरकर की अगुआई वाली समिति इन दोनों को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से पहले पूरी तरह फिट होने का सर्वश्रेष्ठ मौका देना चाहती है। इस हफ्ते के बीच में या अंत में मुंबई में टीम की घोषणा की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, श्रीलंका की गर्मी में 50 ओवर तक विकेटकीपिंग करना चुनौतीपूर्ण होगा और एनसीए उन्हें तभी फिटनेस सर्टिफिकेट दे सकता है, जब वह बिना किसी परेशानी के विकेटकीपिंग संभाल सके। साथ ही उन्होंने कोई टूर्नामेंट भी नहीं खेला है और पाकिस्तान के खिलाफ (दो सितंबर) को पहला अंतरराष्ट्रीय मैच उनके लिए काफी दबाव भरा हो सकता है।

## वेस्टइंडीज से टी20 श्रृंखला हारने के बाद द्रविड़ ने कहा, बल्लेबाजी में गहराई लाने की जरूरत

**लॉडरहिल।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज से 2-3 की हार के बाद निचले क्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत इस श्रृंखला में अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार के साथ उतरा जिससे उसकी निचले क्रम की बल्लेबाजी कमजोर पड़ गई। ऑलराउंडर अक्षर पटेल सातवे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। श्रृंखला के निर्णायक मैच में भारत डेथ ओवरो में तेजी से रन नही बना पाया। भारतीय टीम ने नौ विकेट पर 165 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दो ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल कर दी। द्रविड़ ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यहां जो टीम हमने उतारी थी, उससे हमे वह छूट नही मिली जिससे कि हम टीम संयोजन मे बदलाव कर सकें। लेकिन मेरा मानना है कि कुछ क्षेत्र ऐसे है जिनमे हम बेहतर कर सकते है। बल्लेबाजी मे गहराई लाना ऐसा ही एक क्षेत्र है जिस पर हम काम करने की कोशिश कर रहे है। हम अपनी तरफ से हर संभव सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे है लेकिन निश्चित तौर पर यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर हम गौर कर सकते है। हम अपनी गेंदबाजी को कमजोर नही कर सकते है लेकिन हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बल्लेबाजी मे कुछ गहराई रहे। इसके विपरीत वेस्टइंडीज की टीम मे ऑलराउंडर की भरमार है तथा अलजारी जोसेफ 11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे थे। इस प्रारूप मे स्कोर लगातार बड़े होते जा रहे है। अगर आप वेस्टइंडीज को देखो तो अलजारी जोसेफ11वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरते है और वह लंबे हिट मार सकते है। इसलिए ऐसी कई टीमें है जिनकी बल्लेबाजी मे गहराई है।

## मैच फिक्सिंग के आरोपी क्रिकेटर की यात्रा पर प्रतिबंध लगा

**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सचित्रा सेनानायके को सोमवार को यहां की एक स्थानीय अदालत ने विदेश की यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया क्योंकि उन पर मैच फिक्स करने का आरोप लगा है।सेनानायके (38 वर्ष) ने 2012 और 2016 के बीच एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन पर 2020 लंका प्रीमियर लीग के मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप लगा है। उन्होंने कथित रूप से दो खिलाड़ियों को टेलीफोन पर मैच फिक्स करने के लिए प्रलोभन दिया था। कोलंबो की चीफ मजिस्ट्रेट अदालत ने आव्रजन और उत्प्रवासक महानियंत्रक को सेनानायके पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया जो तीन महीने के लिए प्रभावी होगा। अटार्नी जनरल के विभाग को अदालत का यह आदेश मिला। अदालत को बताया गया कि अटार्नी जनरल को खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई से पूर्व ऑफ स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप तय करने का निर्देश मिला है।

## रोहित पाउदेल होंगे नेपाल के कप्तान, संदीप लामिचाने भी एशिया कप टीम में

**काठमांडू।** नेपाल ने आलराउंडर रोहित पाउदेल की अगुवाई में सोमवार को आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्ईय टीम की घोषणा की जिसमें दिल्ली कैपिट्स के पूर्व स्पिनर संदीप लामिचाने भी शामिल है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा की और कहा कि टीम पाकिस्तान में एक हफ्ते के तैयारी शिविर में भी हिस्सा लेगी जिसमें वह पाकिस्तान की टीमो के खिलाफ मैच खेलेगी। एशिया कप एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में 30 अगस्त से 17 सितंबर तक खेला जाएगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। नेपाल को ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। नेपाल की टीम : रोहित पाउदेल (कप्तान), कुशाल भुर्तेल, आसिफ शेख (विकेटकीपर), भीम शारकी, कुशाल माला, आरिफ शेख, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, संदीप लामिचाने, ललित राजबंशी, प्रतिश जीसी, श्याम धाकल, संदीप जोरा, किशोर महतो और अर्जुन सौद।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टीवन फिन ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीवन फिन ने घुटने की पुरानी चोट से लगातार परेशान होने के बाद सोमवार को पेशेवर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। फिन लगभग एक साल पहले लगी घुटने की चोट के कारण खेल से दूर है। इस चोट से उबरने में नाकाम रहे फिन ने अपने 18 साल के लंबे करियर को खत्म करने की घोषणा की। ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब द्वारा जारी एक बयान में 34 साल के फिन ने कहा, मै तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। मै पिछले 12 महीनो से चोटों से लड़ाई लड़ रहा हू और अब मैने इससे हार मान ली है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के लिए 36 टेस्ट सहित 125 मैच खेलना मेरे सपने से कही अधिक है। मै ससेक्स क्रिकेट को पिछले 12 महीनो मे उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैने इंग्लैड, मिडिलसेक्स और ससेक्स की टीमो में शानदार लोगो के साथ समय बिताया और कुछ अद्भुत यादो के साथ खेल को अलविदा कह रहा हूं। ए यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इस तेज गेंदबाज ने कहा, उन सभी लोगो को धन्यवाद जिन्होने मेरे करियर का अनुसरण किया और मेरा समर्थन किया। खासकर मेरे माता-पिता जिन्होने मुझे बचपन मे अपने सपने पूरे करने की अनुमति दी। फिन का इंग्लैड के साथ करियर शानदार रहा।

## दिल्ली के मुख्य कोच पद की दौड़ में प्रभाकर, मनिंदर, रात्रा शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व टेस्ट खिलाड़ी और दिल्ली के दिग्गज मनिंदर सिंह, मनोज प्रभाकर और अजय शर्मा ने आगामी सत्र के लिए रणजी टीम के मुख्य कोच पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। समझा जाता है कि पिछले सत्र के कोच अभय शर्मा को बरकरार रखे जाने की संभावना नही है लेकिन उन्होने भी दोबारा आवेदन करने का फैसला किया है। अभय के अलावा भारत के पूर्व हरफनमौला प्रभाकर दिल्ली टीम के मुख्य कोच के साथ-साथ गेंदबाजी कोच भी रह चुके है। हाल ही मे दलीप और देवधर ट्रॉफी मे उत्तर क्षेत्र को कोचिंग देने वाले अजय रात्रा ने भी आवेदन किया है। पिछले साल क्रिकेट सलाहकार समिति का हिस्सा रहे गुरशरण सिंह भी इस सूची में शामिल है। रणजी ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य रहे गुरशरण ने इस घरेलू प्रतियोगिता मे दिल्ली और पंजाब का प्रतिनिधित्व किया है। इस बल्लेबाज ने भारत के लिए भी एक टेस्ट मैच खेला है।

## हार्दिक पंड्या ने हार की जिम्मेदारी ली, कहा अंतिम 10 ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाया

लॉडरहिल। भारतीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हार के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराते हुए स्वीकार किया कि उनकी धीमी बल्लेबाजी टर्निंग प्वाइंट साबित हुई जिसके कारण टीम अंतिम 10 ओवरो में लय खो बैठी। वेस्टइंडीज ने आठ विकेट से यह मैच जीतकर श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। यह पंड्या की अगुवाई मे पहला अवसर है जबकि भारत ने सबसे छोटे प्रारूप मे द्विपक्षीय श्रृंखला गंवाई।ंड्या ने 18 गेंदों पर 14 रन बनाए। उन्होंने मैच के बाद कहा, हमने अंतिम 10 ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नही किया। जब मै बल्लेबाजी के लिए उतरा तो मैंने क्रीज पर पांव जमाने मे समय लिया और फिर अंत तक नही टिका रहा। मै फायदा नही उठा पाया। पंड्या ने धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले का बचाव किया।

## शाहीन अफरीदी ने आईएल टी20 फ्रेंचाइजी डेजर्स वाइपर्स से तीन साल का करार किया

दुबई। पाकिस्तान के स्टार बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने संयुक्त अरब अमीरात की आईएल टी20 (अंतरराष्ट्रीय लीग टी20) के दूसरे चरण के लिए डेजर्ट वाइपर्स फ्रेंचाइजी से तीन साल के करार पर हस्ताक्षर किए। इससे वह अगले साल जनवरी में खेली जाने वाली लीग में खेलने वाले पाकिस्तान के पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। अफरीदी ने एक बयान में कहा, मै डेजर्ट वाइपर्स से जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। मै जानता हू कि यूएई मे काफी पाकिस्तानी खेल प्रेमी है और मुझे उम्मीद है कि वे आगामी आईएल टी20 में हमारी टीम का समर्थन करेंगे। आईएल टी20 का अगला सत्र 13 जनवरी से शुरु होगा और अफरीदी आस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम से जुड़ सकते है। वाइपर्स ने पिछले साल पाकिस्तान के कुछ खिलाड़ियों से करार की कोशिश की लेकिन उनके प्रयास विफल रहे।

## यानिक सिनर ने अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता

**टोरंटो।** यानिक सिनर ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मे एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 6-। से हराकर अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता। इटली के सातवी वरीयता प्राप्त 21 वर्षीय खिलाड़ी सिनर के करियर का यह आठवां एटीपी खिताब है। उन्होंने इससे पहले मॉन्टपलियर मे भी खिताब जीता था। वह मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने वाले इटली के दूसरे खिलाड़ी है। उनसे पहले फैबियो फोगनिनी ने मॉन्टेकार्लो में मास्टर्स 1000 खिताब जीता था।

## बेन शेल्टन ने सिनसिनाटी ओपन में जीत से शुरुआत की

मेसन। बेन शेल्टन ने वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले मैच में विबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले क्रिस्टोफर यूबैंक्स को 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। पहले दौर के अन्य मैचों में एड्रियन मन्नारिनो ने हमवतन फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को 6-4, 6-3 से जबकि जापान के योशिहितो निशिओका ने फ्रांस के ग्रेगोइरे बैरेरे को 6-4, 7-5 से हराया। इस बीच सिनसिनाटी में इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि अरबपति बेन नवारो के बीमोक कैपिटल ग्रुप ने इसे 2022 में इसे खरीद लिया था।

## प्रवासी नागरिकों को खेलने की संभावना के लिए कार्यबल का गठन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सोमवार को एक कार्यबल का गठन किया जो भारतीय मूल के लोगो (पीआईओ) और भारत के प्रवासी नागरिकों (ओसीआई) को देश की राष्ट्रीय टीमो में खेलने की अनुमति देने की व्यवहार्यता पर शोध करेगा। मौजूदा नियमो के अंतर्गत पीआईओ और ओसीआई को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओ मे तब तक देश का प्रतिनिधित्व करने की अनुमति नही दी जाती जब तक वे भारतीय नागरिकता हासिल नही कर लेते।

## एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता सीमा एक साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपियन और 2021 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान सीमा बिस्ला को व्हेयरअबाउट (अपने रहने के स्थान की जानकारी) साझा नही करने पर राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) द्वारा एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है। एडीडीपी ने 21 जुलाई को 30 वर्षीय सीमा पर प्रतिबंध लगाने का फैसला जारी किया। नाडा की वेबसाइट पर डाली गई एडीडीपी द्वारा स्वीकृत खिलाडियो की नवीनतम सूची के अनुसार सीमा के प्रतिबंध की अवधि 12 मई को शुरू हुई है।


## जीव मिल्खा सिंह इवन पार का स्कोर करने के बावजूद शीर्ष 10 में बरकरार

**वेयर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह यहां लीजेंड टूर ट्रॉफी के दूसरे दौर में इवन पार का स्कोर करने के बावजूद शीर्ष 10 मे बने हुए है। जीव ने संयुक्त छठे स्थान से दूसरे दौर की शुरुआत की। उन्होंने पहले और तीसरे होल मे बर्डी लगाकर अपनी स्थिति मे सुधार किया लेकिन 10वे और 14वे होल के बीच तीन बोगी करने से वह नीचे खिसक गए। भारत के इस 51 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने 17वे होल मे बर्डी बनाई।

# किशन ने वैकल्पिक सलामी बल्लेबाज के लिए मजबूत किया दावा

● **तिलक मध्यक्रम के लिए दावेदार**

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत ने** वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में प्रयोग करने का सिलसिला जारी रखा लेकिन टी20 श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करने वाले तिलक वर्मा के मध्यक्रम में दावेदार बनकर उभरने के अलावा इससे कुछ खास हासिल नहीं हुआ। एशिया कप और उसके बाद विश्व कप से पहले भारतीय टीम एकदिवसीय के लिए मध्य क्रम में विकल्प तलाश रही थी लेकिन बल्लेबाजी क्रम में चौथे स्थान के बल्लेबाज की तलाश अब भी पूरी नहीं हुई। दोनों बड़े टूर्नामेंटों से पहले खिलाड़ियों को आजमाने का यह उनका अंतिम मौका था, जिसे देखते हुए कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे श्रृंखला में बल्लेबाजी नहीं की। भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के कारण सीमित ओवर की दोनों श्रृंखला के विजेता का फैसला आखिरी मैच से हुआ। टीम को इस कारण से आलोचना का सामना भी करना पड़ा लेकिन इससे ईशान किशन, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का पूरा मौका मिला। श्रृंखला की शुरुआत से पहले सैमसन और किशन को विकेटकीपर के दावेदार के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन इसके खत्म होने तक किशन ने टीम के रिजर्व सलामी बल्लेबाज के लिए अपना दावा मजबूत किया। एशिया कप में रोहित और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे लेकिन किशन टीम के तीसरे सलामी बल्लेबाज हो सकते हैं। रोहित की अनुपस्थिति ने किशन को तीनों मैचों में पारी का आगाज करने का मौका मिला और उन्होंने 52, 55 और 77 के स्कोर के साथ इस मौके का भरपूर फायदा उठाया।टीम से लगातार अंदर बाहर होते रहने वाले सैमसन को दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए दो पारियां (वनडे में) मिलीं और श्रृंखला के निर्णायक तीसरे एकदिवसीय मैच में 41 गेंदों में 51 रन की प्रभावशाली पारी से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रमाण दिया। वह हालांकि टी20 श्रृंखला में बुरी तरह से विफल रहे। लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार मध्यक्रम में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। इस बल्लेबाज की क्षमता में हालांकि कोई कमी नहीं है और ऐसे टीम प्रबंधन एशिया कप में उन्हें आजमाना जारी रख सकता है। राहुल और अय्यर अगर फिटनेस हासिल कर ले तब भी 31 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए उनका लय हासिल करना सवालों के घेरे में होगा।

## वेंक्टेश प्रसाद ने भारतीय टीम की आलोचना की, कहा जीत की भूख और जज्बे की कमी

**चेन्नई।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंक्टेश प्रसाद ने सोमवार को हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली टीम की वेस्टइंडीज के हाथों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे मिली हार की आलोचना करते हुए कहा कि यह बहुत ही सामान्य सीमित ओवरों की टीम है जो भ्रम मे जी रही है। वेस्टइंडीज ने पांचवे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे भारत को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीत ली जबकि मेहमान टीम ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली थी। प्रसाद हाल के समय मे टीम के बारे में अपनी राय देने में काफी मुखर रहे है और वह इस नतीजे से काफी नाराज दिखे। प्रसाद ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, भारतीय टीम पिछले कुछ समय से बहुत ही सामान्य सीमित ओवर की टीम रही है। कुछ महीने पहले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने मे विफल रही वेस्टइंडीज टीम ने उन्हे हरा दिया। हम वनडे श्रृंखला मे बांग्लादेश से भी हार गए। उम्मीद करता हूं कि वे कोई भी बेवकूफी भरा बयान देने के बजाय आत्ममंथन करेंगे। हालांकि वेस्टइंडीज की टीम हाल मे 2023 आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने मे विफल रही, लेकिन वह हमेशा ही छोटे प्रारूप मे मजबूत टीम रही है। वेस्टइंडीज ने आईसीसी टी20 विश्व कप के कुछ चरण जीते भी है और मौजूदा रैंकिंग मे टीम सातवे स्थान पर काबिज है जबकि भारतीय टीम शीर्ष पर है। हाल के वेस्टइंडीज के उतार चढ़ाव भरे प्रदर्शन का जिक्र करते हुए प्रसाद ने कहा कि यह देखकर उन्हें काफी दुख हुआ कि भारतीय टीम उनके खिलाफ खेलने मे जूझ रही थी। प्रसाद ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, 50 ओवर ही नही बल्कि वेस्टइंडीज पिछले साल अक्टूबर-नवंबर के टी20 विश्व कप के लिए (सुपर 12) मे क्वालीफाई करने में भी विफल रही थी। यह देखकर दुख होता है कि भारत ने इतना खराब प्रदर्शन किया। जीत के लिए भूख और जज्बा नही दिख रहा और हम एक भ्रम मे जी रहे है। प्रसाद ने टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान हार्दिक पंड्या की भी आलोचना की और कहा कि वह ऐसे दिख रहे थे जैसे उन्हें कुछ समझ ही नही आ रहा। उन्होने एक अन्य पोस्ट में लिखा, भारत को अपने कौशल में सुधार करना होगा।

# इंडियन एयर फोर्स एफटी ने बेंगलुरु एफसी को 1-1 से ड्रा पर रोका

● **डूरंड कप फुटबाल**

**त्रिभुवन आर्मी को 3-0 से हराकर चेन्नइयिन एफसी क्वार्टरफाइनल में पहुंचा**

**भाषा।** कोलकाता



**गत चैम्पियन** बेंगलुरु एफसी और इंडियन एयर फोर्स एफटी के बीच सोमवार को यहां खेला गया डूरंड कप का पहला मैच।-। से ड्रा रहा। भारतीय वायु सेना की टीम को विवेक कुमार ने 21वें मिनट में गोल कर पहले हाफ में बढ़त दिलाई। बेंगलुरु एफसी के लिए बराबरी गोल सलाम जानसन सिंह ने 59वें मिनट में दागा। ग्रुप सी मैच में बेंगलुरु एफसी का यह पहला मैच था जबकि इंडियन एयर फोर्स एफटी को एक मैच और खेलना है, उसने गोकुलम केरला के खिलाफ पहला मैच गंवा दिया था। वहीं चेन्नइयिन एफसी सोमवार को यहां नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफसी को 3-0 से हराकर 132वें डूरंड कप के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई।ग्रुप ई का यह मैच यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेला गया।फारुख चौधरी (22वें मिनट) ने चेन्नइयिन के लिए गोल किया जबकि रहीम अली ने 40वें मिनट में पेनल्टी के जरिए टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। राफेल क्रिवेलारो ने 84वें मिनट में गोल कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फ्रेंचाइजी को आसान जीत दिला दी। चेन्नईयिन एफसी के दो मैचों में छह अंक हैं। टीम ने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली है।

# विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 25-26 अगस्त को पटियाला में

● **किसी भी पहलवान को छूट नही**



**नई दिल्ली।** देश में कुश्ती का संचालन कर रही तदर्थ समिति ने सोमवार को बताया कि विश्व चैम्पियनशिप के लिए 25 और 26 अगस्त को पटियाला में ट्रायल का आयोजन होगा जिसमें किसी भी पहलवान को छूट नहीं मिलेगी। एशियाई खेलों के ट्रायल से बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को दी गई छूट से भारी हंगामा हुआ था और कुश्ती जगत के अधिकांश लोगों ने तदर्थ समिति के इस फैसले की आलोचना की थी। समिति ने 16-24 सितंबर तक बेलग्रेड में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में किसी भी पहलवान को छूट नहीं देने की घोषणा की। समिति के सदस्य इस बात से नाराज है कि बजरंग और विनेश में से किसी ने भी इस ट्रायल में भाग लेने की पुष्टि नहीं की है। एक तदर्थ समिति के सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया कि अगर ए दोनों पहलवान प्रतिस्पर्धा नहीं करना चाहते हैं, तो वास्तव में सभी छह ओलंपिक वजन श्रेणियों में ट्रायल आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि पहलवानों का एशियाई खेलों के लिए पहले ही ट्रायल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पहलवानों ने शिकायत की है कि उन्हें कम समय में दो बार ट्रायल में उपस्थित होने के लिए कहा जा रहा है। इससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और चोटिल होने की संभावना रहती है। समिति के इस सदस्य ने कहा, बजरंग और विनेश विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल में भाग लेने को लेकर हमें कोई स्पष्टता नहीं दे रहे हैं। अगर वे प्रतिस्पर्धा नहीं करना चाहते हैं तो हमें छह ओलंपिक भार वर्गों के लिए फिर से ट्रायल आयोजित करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में हम सिर्फ चार गैर-ओलंपिक भार वर्ग में ट्रायल का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा, उच्च न्यायालय से ट्रायल के बिना एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए अनुकूल आदेश मिलने के बाद शायद उन्हें लग रहा है कि भारतीय टीम में उनकी जगह सुरक्षित है। हम वास्तव में चाहते हैं कि वे ट्रायल्स में प्रतिस्पर्धा करें और खुद को साबित करें। एशियाई खेलों के ट्रायल में अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा) और सुजीत कलकल (पुरुष 65 किग्रा) ने बजरंग और विनेश को दी गई छूट के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था लेकिन उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए बजरंग और विनेश ने न तो फोन कॉल उठाई और न ही संदेशों का जवाब दिया। विश्व चैम्पियनशिप के लिए खिलाडियों के चयन के लिए तय मानदंडों में तदर्थ पैनल ने कहा, 2022 और 2023 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एशियाईविश्व चैंपियनशिपाराष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता और प्रतिभागी के अलावा 2021 तोक्यो ओलंपिक खेलों के प्रतिभागी इस ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं।

## सेवन ए साईंड कॉलेज फुटबॉल में जीता बीएसएनवी कॉलेज



**लखनऊ।** बप्पा श्री नारायण मेमोरियल सेवन. ए. साईंड कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता में बीएसएनवी कॉलेज ने डीपीएस स्कूल एलडी को को 3-2 के पेनल्टी शूट से जीता। मैच की शुरुआत में दोनों टीम एक दूसरे पर आक्रमक रही ए डीपीएस के प्रणव व मधुर ने शानदार खेल दिखाते हुए 24वें व 29वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2.0 से बढ़त दिलायी। दूसरे हाफमें बीएस एन वीने पलटवार करते हुए वैभव व नितिन ने 34वें 38वें मिनट में गोल दाग कर मैच का स्कोर 2.2के बराबरी पर ला दिया। अंत: पेनल्टी शूट में बीएसएन वी कॉलेज ने 3.2 से बाजी मारकर मैच अपने नाम किया। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न अपने दर्शकों के लिए ष्कौन बनेगा करोड़पतिष् दृष्इंडिया का फैमिली गेमष् लेकर आया है।

## विदित गुजराती ने नेपोमनियाच्ची को हराकर उलटफेर किया

**बाकू (अजरबेजान)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने सोमवार को यहां रूस के जीएम इयान नेपोमनियाच्ची को टाई ब्रेकर के जरिए हराकर उलटफेर करते हुए फिडे शतरंज विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। विदित ने टाई ब्रेक के 10 मिनट के रैपिड हिस्से में नेपोमनियाच्ची को 2-0 से हराकर दूसरी बार क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। गुजराती इस तरह अन्य भारतीय खिलाड़ियों डी गुकेश, आर प्रगानानंदा और अर्जुन एरिगैसी की तिकड़ी के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई। देश के लिए ऐसा पहली बार हुआ है। गुजराती और नेपोमनियाच्ची ने दो मैच का क्लासिकल मैच और दो टाई ब्रेक गेम ड्रा रहे।

## पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए बाकू विश्व चैम्पियनशिप में अभियान शुरू करेंगे भारतीय निशानेबाज

**बाकू (अजरबेजान)।** भारतीय निशानेबाज ज्यादा से ज्यादा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने से इरादे से यहां शुरु होने वाली आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में अभियान आरंभ करेंगे जिसमें 12 स्पर्धाओं में 48 कोटे दाव पर लगे होंगे। यह प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू होगी, जिस दिन 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष फाइनल और 10 मीटर एयर पिस्टल महिला फाइनल होगा। रत के 53 सदस्ईय दल में 34 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे जबकि 19 अन्य गैर ओलंपिक स्पर्धाओं में निशाना लगाएंगे। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी जगत प्रतिस्पर्धा के मामले में विश्व चैम्पियनशिप को ओलंपिक के बराबर या इससे ज्यादा आंकता है। कार्यक्रम के अनुसार 17 से 24 अगस्त के बीच सात दिन में कोटे हासिल किए जाएंगे। भारत ने अभी तक तीन पेरिस ओलंपिक कोटे हासिल कर लिए हैं और तोक्यो ओलंपिक में जीते 15 कोटे से बेहतर करने की कोशिश में जुटा है।रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल, स्वप्निल सुरेश कुसाले ने पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस (3पी) और भोवनीश मेंडिरत्ता ने पुरुष ट्रैप में भारत के लिए कोटे जीते हैं।

## दीक्षा किसी मेजर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला बनी

**लंदन।** दीक्षा डागर महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 21वें स्थान पर रही जो किसी मेजर टूर्नामेंट में भारतीय महिला खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की एक अन्य खिलाड़ी अदिति अशोक संयुक्त 40वें स्थान पर रही। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त नौवें स्थान पर थी लेकिन इसके बाद अगले दो दौर में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।यूरोपीय महिला टूर में दो बार की विजेता दीक्षा ने दूसरे दौर में अंतिम नौ होल में अच्छा प्रदर्शन करके मेजर टूर्नामेंट में पहली बार कट में जगह बनाई थी। उन्होंने आखिरी दौर में भी अंतिम नौ होल में अच्छा प्रदर्शन किया। दीक्षा पहले नौ होल के बाद दो ओवर पर चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने तीन बर्डी बनाई और आखिर में एक अंडर के स्कोर के साथ समापन किया।

## लखनऊ के साइकिलिस्टों ने निकाली साइकिल तिरंगा यात्रा



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित साइकिल तिरंगा यात्रा की शुरुआत 1090 चौराहे से हुई। साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन और स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा को लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव आनंद किशोर पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी से तिरंगा लगाने की अपील की। साइकिल तिरंगा यात्रा के लिए सोमवार सुबह 6 बजे सभी साइकिलिस्ट 1090 चौराहे पर एकत्रित हुए जिसके बाद साइकिलिस्ट 1090 चौराहे से मुख्यमंत्री आवासए राजभवनए जीपीओ चौराहाए विधानसभाए क्लार्क अवधए शहीद स्मारकए इमामबाड़ा से होते हुए घंटाघर और वहां से वापस होते हुए केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचे। इसके बाद सभी ने भारत माता की जय और वंदेमातरम के जय घोष के बीच हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की शपथ ली। यन के लिए सितंबर माह में लखनऊ में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और चयनित प्रदेश टीम के लिए प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा।